माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अयोध्या
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 177, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



बजट 2024



## लोकलुभावन घोषणाओं से दूर, सुधारों पर जोर

# आस का बजट



*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया। इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री का नाम पुकारा। इसके बाद सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने राजकोषीय नीति 2024-25 को भी सदन के पटल पर रखा।*

## टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं
## नौकरीपेशा को कोई फायदा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**11.11** लाख करोड़ रुपये रखा गया बजट में पूंजीगत व्यय

**5.1%** रहने का अनुमान है राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में

**4.5%** पर राजकोषीय घाटे को लाने का रखा है लक्ष्य

सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रखा गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्तमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह बजट अनुमान से अधिक है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। सीतारमण ने कहा, 'हम राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमने राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है और इस पर आगे बढ़ रहे हैं।



गुरुवार को नई दिल्ली में अंतरिम बजट 2024 पेश करने से पहले वित्त मंत्रालय के बाहर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी और अन्य अधिकारियों के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए। ● एजेंसी

## सरकार का फोकस... गरीब महिला, युवा और अन्नदाता पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख जातियों- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। सीतारमण ने कहा कि उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होती है, जब इन चारों जातियों से जुड़े लोग प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों के लोगों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके सशक्तीकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन पद्धति है। भ्रष्टाचार में कमी से पारदर्शिता आई है और सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## ये बजट युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

*इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।*

*– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी*

## आयकर स्लैब की दरों में नहीं किया बदलाव




नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आयकर स्लैब की दरें पहले की तरह बनी रहेगी। दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।




## फसल संबंधी गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देगी सरकार

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है और अब उसकी योजना फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के वास्ते निजी तथा सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे और इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## स्टार्टअप निवेश पर कर प्रोत्साहन को एक साल के लिए बढ़ाया



अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है।

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा



सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करते हुए यह घोषणा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

## इस बार रक्षा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक बजट



2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में रक्षा खर्च में अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि की गई है। गुरुवार को संसद में पेश किए गए बजट में पिछले साल के 5.95 लाख करोड़ के मुकाबले 4.72 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 6.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीआईबी के मुताबिक, यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में रक्षा बजट का 1.72 लाख करोड़ रुपये सेना पर पूंजीगत खर्च के लिए अलग रखा गया है, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर की खरीद शामिल है।

## वंदे भारत की तरह बदले जाएंगे 40 हजार डिब्बे



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को "वंदे भारत" मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पत्तन संपर्क गलियारा और अधिक यातायात वाले गलियारे शामिल हैं।

**उम्मीद** मध्यम वर्ग के लिए आएगी नई आवास योजना, पीएम ग्रामीण योजना के तहत अब तक दिए गए 3 करोड़ घर

## अगले पांच साल में दो करोड़ नए घर देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिम बजट में अन्य क्षेत्रों की तरह आवासीय क्षेत्र को लेकर भी कई अहम ऐलान हुए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना जून 2015 में 'सभी के लिए आवास' के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना की मौजूदा समय सीमा दिसंबर 2024 को पांच साल तक बढ़ाया गया है। पीएम ग्रामीण योजना के तहत 3 करोड़ घर दिए गए हैं वहीं अगले पांच वर्षों में इसमें 2 करोड़ नए आशियाने बनाए जाएंगे। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को आवास देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समावेशी विकास के हिस्से के रूप में हर एक को मकान, पानी, बिजली, रसोई गैस और बैंक खाता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सरकार किराये के घर अथवा झुग्गी-बस्ती या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना लाएगी।

### वैश्विक महामारी में भी चलती रही योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इस योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से बढ़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



## आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी होंगे आयुष्मान भारत के दायरे में



अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

**लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज**

# अंतरिम बजट: जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

## बजट पेश करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में राजकोषीय घाटे पर बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी (जीडीपी) यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्तमंत्री ने कि ''पी'' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, "बजट घाटा या राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत है, जो 5.9 से कम है। इसी तरह 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री के अनुसार आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि हम 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत या उससे भी कम किया जाना है, हासिल करने के रास्ते पर हैं।




बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विस्तृत जानकारी देतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण।

## सरकार गठन के बाद आम बजट में पेश होगा देश का रोड मैप

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ अंतरिम बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

**अमृत विचार:** संसद में अंतरिम बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है की देश का आम बजट लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा की आम बजट में भारत को विकसित बनाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों का रोड मैप प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव होने के कारण संसद के आखिरी सत्र में आम बजट पेश करने के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया और वित्तमंत्री का बजटीय भाषण समाप्त होते ही लोकसभा में अंतरिम बजट को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद जून-जुलाई तक नई सरकार का गठन हो जाएगा और उसके बाद आम बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भारत को विकसित बनाने के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

लोकसभा में अंतरिम बजट पास होने के बाद अब राज्यसभा में शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि शुक्रवार को ही राज्यसभा में भी अंतिम बजट पास हो जाएगा।

## चीन सीमा पर आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ लद्दाख में न्योमा एयर फील्ड समेत कई परियोजनाओं पर ध्यान

अंतरिम बजट में चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी रक्षा ढांचे के लिए 6,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत और 2021-22 के मुकाबले 160 प्रतिशत अधिक है।

रक्षा बजट में लद्दाख में समुद्र तल से 13,700 फुट ऊंचाई पर न्योमा एयर फील्ड, अंडमान निकोबार द्वीप में स्थानीय पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू ला टनल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू टनल निर्माण समेत कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

रक्षा बजट में कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें रक्षा पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़ रुपये, रक्षा सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ रुपये और रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए 15,322 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस साल के रक्षा बजट का 27.67 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, 14.82 प्रतिशत सेना की तैयारी के लिए, 30.68 प्रतिशत वेतन भत्तों और 22.72 प्रतिशत रक्षा पेंशन पर खर्च किया जाएगा।

## बजट में स्वर्ण ऊर्जा को बढ़ावा, आयुष्मान भारत का बड़ा दायरा

**शिमला, एजेंसी।** केंद्र सरकार का अंतरिम बजट आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और हमारे लिए प्रसन्नता का विषय यह है कि उनके मजबूत नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है।



▸▸ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अंतरिम बजट पर दी प्रतिक्रिया

भाजपा नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत के आगे बढ़ने के साथ-साथ भारत की प्रतिष्ठा विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सभी बातों के लिए श्रेय जाता है तो देश के प्रधानमंत्री को जाता है।

## आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करेगा अंतरिम बजट: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करने वाला करार दिया है। योगी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। योगी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लोकसभा में प्रस्तुत अंतरिम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।



उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा।

## दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है। 'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है, ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।'

▸▸ वित्तमंत्री ने की घोषणा, योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़ना

## बजट पर अपनी-अपनी राय

### मोदी सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डालता है बजट भाषण : अमित शाह



केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इन कार्यों की बुनियाद पर विकसित भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण जी का हृदय से आभार।

### अनुसंधान-विकास के लिए 1 लाख करोड़ की पूंजी बाजी पलटने वाली नीति : धर्मेंद्र प्रधान



निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ अनुसंधान कोष पूंजी बाजी पलटने वाली नीति होगी। भारत का युवा अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां उसके पास वैश्विक चुनौतियों एवं जरूरतों को पूरा करने के साथ भारत की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए शक्ति और क्षमता है। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद करेगा।

### अंतरिम बजट शब्दों का मायाजाल, गरीबों-मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं : खरगे



मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है। इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है।

### अंतरिम बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं : शत्रुघ्न सिन्हा



वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में युवाओं या गरीबों के लिए कुछ नहीं है। यह अंतरिम बजट इस सरकार का आखिरी बजट है। इसमें ढेर सारी बातें कही गई हैं। उन्होंने ऐसी योजनाएं घोषित की हैं, जो 2047, 2050 में पूरी होंगी। ये योजनाएं तो रहेंगी, लेकिन इनका क्रियान्वयन नई सरकार करेगी। इस बजट से ज्यादा उम्मीद नहीं है। फिर भी लोग बड़े ध्यान से देख रहे हैं कि कैसे सरकार मुख्य मुद्दों बेरोजगारी, गरीब, युवाओं और किसानों की आय दोगुनी करने के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

### केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : नीतीश



इस बजट में उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाएगी, जिसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है।

### बजट जमीनी वास्तविकता से दूर: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पूर्व संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट



महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में तैंतालीस प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। आशा बहनों को आयुष्मान के अंतर्गत कवर किया जाना। ये सभी प्रयास महिला सशक्तिकरण एवम आत्मनिर्भर आधी आबादी के लक्ष्य पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। **-स्मिता मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ**

**बजट में किसान**

## कृषि और किसानों के लिए 1.27 लाख करोड़ का आवंटन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने को शुरू होगा 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि और किसानों के लिए भी इस बजट में कई घोषणाएं की गईं। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से 'अन्नदाता' को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।

**कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं...**

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ' 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान' ' शुरू किया जाएगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

## राहत कम, उपलब्धियों का बखान ज्यादा

**विश्लेषण**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में कोई छूट नहीं मिली

**अमृत विचार:** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में चुनावी वर्ष की छाया दूर-दूर तक नजर नहीं आई। जनता को तमाम उम्मीदें थीं। करदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है। गरीबों, महिलाओं, युवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में आम नागरिकों को राहत काम और सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का गुणगान ज्यादा किया गया है।

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में किसी खास नई घोषणा का ऐलान नहीं किया है। बजट भाषण में उन्होंने ज्वलंत मुद्दों की एक रूपरेखा को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सभी योजनाओं को अगले वर्ष भी जारी रखने का ऐलान किया गया है। बजट में करोड़ों करदाताओं, आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान आयकर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसी तरह किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। वित्तमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताकर एक तरह से सम्मानित किया है, बल्कि उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

महिलाओं के लिए भी कोई नई योजना के बजाय पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ा दिया गया है। जैसे लखपति दीदी के दायरे को 3 करोड़ तक कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे से कोई छूट नहीं मिलेगी। साथ ही आम रेलवे यात्रियों को भी रेल किराए में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

**पर्यटन को लगेंगे पंख** | अंतरिम बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर जोर

## लक्षद्वीप समेत द्वीप समूहों की सूरत बदलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कई परियोजनाओं का जिक्र किया। बजट भाषण में रेलवे से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक पर जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घेरलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।



निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि जी-20 बैठकों के दौरान दुनियाभर के लोगों ने भारत की विविधता को बेहद करीब से देखा है। हमारा देश पर्यटन के लिए एक बड़ा स्थान बनकर सामने उभरा है। साथ ही कहा कि मध्यम वर्ग भी अब पर्यटन के लिए जाने लगा है। वे अब नए-नए स्थानों के बारे में जानने की रूचि करता है। पर्यटन का दायरा बहुत बढ़ा है। पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए विकास पर जोर दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी। साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋृण दिया जाएगा।

**घरेली द्वीप समूहों के विकास पर जोर**

हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। प्रधानमंत्री का घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की बात पड़ोसी द्वीप देश मालदीव को रास नहीं आई। मोदी के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी, जिसके बाद भारत और मालदीव के संबंधों में खटास पैदा हुई थी। हालांकि मालदीव के मंत्रियों ने अपनी टिप्पणियों को सोशल मीडिया से पोस्ट हटा दिया था। अंतरिम बजट में लक्षद्वीप और द्वीप समूहों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अयोध्या
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 177, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत 18
कॉकटेल 2 में दिखेंगी सारा अली और अनन्या पांडे 17

मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती
meenakshi
होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।
!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।
सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान
पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर 5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

# हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत, रिमांड पर आज होगा फैसला

## ईडी ने पीएमएलए अदालत से मांगी थी पूर्व मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड

रांची, एजेंसी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने सोरेन का 10 दिन का रिमांड मांगा था। अदालत ने अपना आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया। वकीलों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोरेन की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत के बाहर बताया कि झामुमो नेता को आदेश पारित होने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला गलत मंशा से प्रेरित है। यह सरकार गिराने की साजिश है। पूरी कार्यवाही में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनकी गिरफ्तारी तब की गई जब उनका बयान दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी, जो गैरकानूनी है। हेमंत सोरेन को बुधवार रात यहां धनशोधन मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो नेता को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया। जेल ले जाने के लिए जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री को अदालत के बाहर लाया गया, उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।



कोर्ट में पेशी के लिए जाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती, आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी को चुनौती दी और गुरुवर अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

### चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया जिसपर राज्यपाल ने कहा कि वह जल्द विचार कर सूचित करेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को समय मिलने के बाद आज चंपई सोरेन के साथ चार अन्य विधायक राजभवन पहुंचे। राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राजभवन से बाहर निकलकर सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि राज्यपाल ने कहा कि जल्द विचार कर सूचित करेंगे। कहा कि हमारे पास पर्याप्त विधायकों का समर्थन प्राप्त है। 43 विधायकों का समर्थन हमने राज्यपाल को सौंपा है। यह संख्या शुक्रवार तक 47 हो जाएगी। विधायक प्रदीप यादव ने बताया कि राज्यपाल ने कहा कि मैं विधि-विशेषज्ञों से राय ले रहा हूं और जल्दी ही बुलावा भेजूंगा।

### झामुमो विधायकों को भेजा जा सकता है राज्य से बाहर

**रांची।** झारखंड में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायकों को भाजपा की ओर से लुभाए जाने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए उन्हें हैदराबाद भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि हमारे विधायकों को हैदराबाद ले जाने के लिए 12 और 37 सीट वाले दो चार्टर्ड विमान बुक किए गए हैं। वहीं, एक विधायक ने कहा कि सरकार गठन के लिए राजभवन से आमंत्रण मिलने में देरी की सूरत में भाजपा की ओर से विधायकों को तोड़ा जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए मुस्लिम पक्ष

ज्ञानवापी मामला

- उच्चतम न्यायालय ने खारिज की अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने का गुरुवार को निर्देश दिया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया और मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा है।

अपनी अर्जियों में अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने कहा कि आदेश की आड़ में स्थानीय प्रशासन ने बेहद जल्दबाजी में उक्त स्थल में भारी पुलिसबल तैनात किया है और वह मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में लगे जाल को काटने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास रात के अंधेरे में इतनी जल्दबाजी में यह काम करने का कोई कारण है क्योंकि निचली अदालत की ओर से पारित आदेश में उन्हें पहले ही एक सप्ताह का वक्त दिया गया है ताकि जरूरी इंतजाम किए जा सकें।



व्यास तहखाने में पूजा-अर्चना करते पुजारी।

### खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा-अर्चना

**वाराणसी।** जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिए खोला गया और साफ-सफाई के बाद पूजा कराई गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। उनके साथ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ भी थे। कुछ लोगों का दावा है कि तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गई। हिन्दू पक्ष के एक वादी सोहनलाल आर्य ने बताया कि तहखाने के बैरिकेटिंग को हटा कर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

### हाईकोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, पूजा के आदेश को दी चुनौती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष उक्त मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। मालूम हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करने के एक दिन बाद आया है।

## एक नजर

### पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी के सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोग आईएएस, आईएफएस और आईपीएस सहित अन्य के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है।

### संजय सिंह ने सत्र में भाग लेने को मांगी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की उस अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है।

### झारखंड के मुख्यंमत्री के प्रधान सचिव ने पदभार छोड़ा

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पदभार छोड़ दिया है। चौबे ने अन्य अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं। चौबे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव था। जब मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो मुझे प्रधान सचिव पद छोड़ना पड़ा।

### आज जारी होगा समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा प्रवेश पत्र

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा दो पाली में होगी।

# रामभक्तों के लिए 8 और शहरों से हवाई सेवाएं शुरू

अयोध्या कार्यालय



- स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख
- विभिन्न शहरों के लिए अयोध्या से उड़ान भरेंगी 14 फ्लाइट

**अमृत विचार :** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामनगरी में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने अयोध्या के लिए अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को अयोध्या धाम के लिए एक फरवरी से स्पाइस जेट की आठ नई नियमित उड़ान शुरू की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को पटना, दरभंगा, जयपुर, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, मुम्बई और बंगलुरु के बीच सीधी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से आठ शहरों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की। केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अयोध्या में डीएम नीतीश कुमार ने स्पाइसजेट के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा। अब महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट और एयरइंडिया एक्सप्रेस की 14 फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरेंगी।

# वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये की वृद्धि

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को बजट भाषण से पहले तेल-विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये बढ़ाने की घोषणा की। देश की तीन तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने के पहले दिन रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। तेल-विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। बढ़ी हुई कीमतें आज से ही प्रभावी होंगी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 14 रुपये बढ़कर 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले कीमत प्रति सिलेंडर 1,755.5 रुपये थी। तेल कंपनियां हर महीने अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से संशोधन करती हैं।





- घरेलू एलपीजी मूल्य में नहीं हुआ कोई बदलाव

# बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन के ठिकानों पर छापा

- ईडी ने उनकी कंपनी इंडिया सीमेंट्स के कार्यालयों में की छानबीन
- विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

चेन्नई, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड' के चेन्नई व दिल्ली स्थित कार्यालयों की तलाशी ली है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई चेन्नई की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच के सिलसिले में की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने पिछले दो दिनों में कंपनी के चेन्नई स्थित दो कार्यालयों और दिल्ली में एक कार्यालय परिसर की तलाशी ली।



उन्होंने बताया कि यह जांच इसकी सहयोगी कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड' (आईसीसीएल) से जुड़े मामलों और विदेश में लगभग 550 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कुछ कथित संदिग्ध एजेंट और निदेशकों की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। आईसीसीएल विदेशी मुद्रा, धन हस्तांतरण और यात्रा बीमा जैसे क्षेत्रों में कार्य करती है। वहीं, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वह संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रही है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31 जनवरी और एक फरवरी के दौरान चेन्नई में हमारे कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया और यह पता लगाने के लिए तलाशी ली कि क्या फेमा से संबंधित कोई अनियमितता है।

# कोर्ट ने निर्धारित की अब्दुल्ला आजम की आयु

**मुरादाबाद।** आखिरकार सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की आयु निर्धारण का मामला निस्तारित हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अजय कुमार ने लंबी सुनवाई एवं साक्ष्यों के आधार पर अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 मानी है। अब सर्वोच्च न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू-क्वीन मैरी अस्पताल) और नगर निगम की ओर से आयु निर्धारण के संबंध में जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को ही सही माना है।

अलीगढ़ मुस्लिम विवि का अल्पसंख्यक दर्जा

# उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने आठ दिन तक प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें सुनीं। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला पिछले कई दशकों से कानूनी दांव-पेंच में फंसा हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने 12 फरवरी, 2019 को विवादास्पद मुद्दे को निर्णय के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। इसी तरह का एक संदर्भ 1981 में भी दिया गया था। वर्ष 1967 में एस अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।



- सात न्यायाधीशों की पीठ ने 8 दिन तक सुनीं प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें

# योगी ने नेताओं को दिया प्रसाद, बुलाया अयोध्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी राम मंदिर की चर्चा रही। विधानभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं के बीच राम मंदिर का प्रसाद अपने हाथ से बांटा और सभी को एकसाथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का प्रस्ताव भी रखा। दलीय नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए दर्शन का कार्यक्रम तय करने की बात कही। बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वह सदन के संचालन में पूरा सहयोग करेंगे।



राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल विधायकगण।

- राज्य विधानमंडल का बजट सत्र आज से, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण
- 2024-25 का बजट 5 फरवरी को होगा पेश 12 फरवरी तक चलेगा सदन

इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की कार्यवाही तारीख के साथ तय की गई। 2 फरवरी को सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोनों सदनों को एकसाथ संबोधित करने से होगी। उसी दिन औपचारिक कार्यों समेत अध्यादेशों, अधिसूचनाओं को पटल पर रखने के साथ-साथ विधेयकों के पुरःस्थापन की कार्यवाही चलेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी जो 3 फरवरी शनिवार को भी जारी रहेगी। सरकार 2024-25 का बजट 5 फरवरी को पेश करेगी। यह उप्र. का अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बजट का आकार लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये होना संभव है। आगे के दिनों में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट पर भी चर्चा चलेगी। 12 फरवरी तक सदन चलाने का कार्यक्रम तय हुआ है।

# शिष्या से दुष्कर्म मामले में चिन्मयानंद दोषमुक्त

- वर्ष 2011 में मुमुक्षु आश्रम में कई बार दुष्कर्म करने का था आरोप
- एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद गुरुवार को आया फैसला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शिष्या से दुष्कर्म करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दोषमुक्त कर दिया है। 30 नवंबर, 2011 को चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने चौक कोतवाली में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर में उसे बंधक बनाया और कई बार दुष्कर्म किया था। उस वक्त यह प्रकरण सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित रहा था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना के उपरांत स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद से मुकदमा विचाराधीन था। गुरुवार को एडीजे तृतीय एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश एहसान हुसैन ने निर्णय सुनाते हुए स्वामी चिन्मयानंद को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।



## एक नजर

### चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोसाईंगंज, अयोध्या। गोसाईंगंज पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 14 मोबाइल फोन, दो पावर बैंक, एक मोबाइल डिस्प्ले, नौ मोबाइल चार्जर, एक बैग, 1850 रुपये सहित कई चोरी के सामान बरामद किया है। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली इलाके के सुजानपुर गांव में सर्वेश तिवारी के मकान से चोरों ने एलईडी टीवी व 40 किलो सरसो को गायब कर दिया था। महबूबगंज बाजार में मोबाइल की दुकान ताला तोड़कर 15 मोबाइल, पावर बैंक सहित अन्य सामान व नकदी गायब कर दिया था। मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने भिटौरा स्थित कुटी के पास से आरोपी सोनू पाल निवासी काजीपुर गाडर, गोसाईंगंज, शैलेन्द्र व त्रिभुवन निवासी सुजानपुर, शेरवाघाट कोतवाली गोसाईंगंज को गिरफ्तार किया है।

# पर्यटकों के लिए विमान सेवा का किराया अलग-अलग

## स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख

अयोध्या कार्यालय



स्पाइसजेट के प्रथम यात्री को बोर्डिंग पास देते जिलाधिकारी नितीश कुमार।

**अमृत विचार :** राम भक्तों को पर्यटकों के लिए गुरुवार से स्पाइसजेट की आठ शहरों से शुरू हुई विमान सेवा का किराया भी अलग-अलग है।

स्पाइसजेट की वेबसाइट के अनुसार अयोध्या से दिल्ली का किराया 3500 रुपये है, जबकि दिल्ली से अयोध्या का किराया 3804 रुपये है। यही किराया रविवार को बढ़ाकर 4328 रुपये है। इसी तरह अयोध्या से अहमदाबाद का किराया 4499 रुपये, मुंबई का अलग -अलग तिथि में किराया 5159 से लेकर 6471 रुपये तक है। अयोध्या से बंगलुरु का किराया 8245 से लेकर 9191 तक है। दरभंगा और पटना का किराया 1999 रुपये है, अयोध्या से जयपुर का किराया 4709 से लेकर 9571 रुपये तक है।

| फ्लाइट | प्रस्थान | आगमन | आवागमन |
|---|---|---|---|
| चेन्नई-अयोध्या | 12:50 | 15:25 | नियमित |
| अयोध्या-चेन्नई | 16:10 | 18:40 | नियमित |
| अहमदाबाद-अयोध्या | 5:55 | 8:00 | नियमित (बुधवार छोड़कर) |
| अयोध्या-अहमदाबाद | 12:30 | 14:25 | नियमित (बुधवार छोड़कर) |
| जयपुर-अयोध्या | 7:15 | 9:00 | 2,4,6&7 |
| अयोध्या-जयपुर | 16:00 | 17:45 | 2,4,6&7 |
| पटना-अयोध्या | 14:10 | 15:15 | 2,4,6&7 |
| अयोध्या-पटना | 12:40 | 13:40 | 2,4,6&7 |
| दरभंगा-अयोध्या | 10:55 | 12:10 | 2,4,6&7 |
| अयोध्या-दरभंगा | 9:30 | 10:35 | 2,4,6&7 |
| दिल्ली-अयोध्या | 10:40 | 12:00 | नियमित (बुधवार छोड़कर) |
| अयोध्या-दिल्ली | 8:40 | 10:05 | नियमित (बुधवार छोड़कर) |
| मुंबई-अयोध्या | 8:20 | 10:25 | नियमित |
| अयोध्या-मुंबई | 10:55 | 13:20 | नियमित |
| बंगलुरू-अयोध्या | 10:50 | 13:30 | 1,3,5 &7 |
| अयोध्या-बंगलुरू | 14:10 | 16:45 | 1,3,5 &7 |

# उद्यमियों की समस्याओं का करें निराकरण :डीएम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** संबंधित अधिकारी उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण प्राथमिकता पर करें। ये निर्देश जिलाधिकारी नितीश कुमार ने दिए। वो कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक ले रहे रहे थे। इस दौरान उपायुक्त उद्योग ने बैठक के अनुपालन की आख्या प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी ने एफसीआई गोदाम व एनएच 27 के बीच स्थित सर्विस लेन की सफाई कराने तथा जाम समस्या को दूर करने का निर्देश दिए निर्देश दिये। इस दौरान अवगत कराया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के

**बैठक**

तहत 30 जनवरी तक सारथी पोर्टल पर कुल 423 ओएमयू आए हैं। जिसमें से 182 निवेश (17 विभागों के 9655 करोड़ के) ग्राउंड ब्रेकिंग सरमोनी के लिए तैयार है। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों को समस्त लंबित प्रकरणों को त्वरित समाधान के निर्देश दिये। इस अवसर पर नगर आयुक्त, जिला कृषि अधिकारी सहित यूपीनेडा, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, बैंक, यूपीसीडा, विद्युत विभाग सहित कई उद्यमी मौजूद रहे।

# रामनगरी में गुंजायमान है रामधुन

अयोध्या कार्यालय


महाराष्ट्र से आए परिवार के साथ बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में गूंज रही रामधुन के बीच आराध्य के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का आना अनवरत जारी है। यहां पहुंच रहे श्रद्धालु सुव्यवस्थित ढंग से रामलला का दर्शन पाकर निहाल हो रहे हैं। विभिन्न प्रांतों से यहां पहुंच रहे श्रद्धालु दिव्य अयोध्या को निहार कर आह्लादित हैं।

गुरुवार को भी श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विभिन्न प्रदेशों से हजारों की संख्या में रामभक्तों ने रामलला के दर्शन किए।रामनगरी के कोने कोने में रामधुन और जय श्री राम के उद्घघोष के बीच हर रोज विभिन्न प्रदेशों से हजारों श्रद्धालु अयोध्या आ रहे है और रामनगरी की वर्तमान चकाचौंध देख आह्लादित हो रहे हैं। गुरुवार को भी श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रध्दालु जाते हुए दिखे। लोग अपने परिवार के साथ सामान्य तरह से दर्शन को जाते हुए जिला प्रशासन की व्यवस्था की सराहना कर रहे हैं। महाराष्ट्र के आए परिवार ने बताया कि बच्चों के साथ आएं हैं। यहां आकर और व्यवस्था देखकर बड़ी खुशी महसूस हो रही है।

## मारपीट के मामले में एक पक्ष के चार लोगों पर एफआईआर

बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार : रास्ते के विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष की तरफ से चार लोगों के विरुद्ध मारपीट , गाली गलौज सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के कोदैला फुलवारिया गांव की रहने वाली रेनू पत्नी गया प्रसाद ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया 30 जनवरी को कालीचरन द्वारा ईट व घुम्मा डालकर रास्ता अवरुद्ध कर रखा था। जिसे राजस्व व पुलिस टीम द्वारा खुलवा दिया गया था। आरोप है कि विपक्षी ने पुनः उसी जगह पर ईट गिरा कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया। मना करने पर पंचम व लवकुश ने मिलकर डंडे और ईंटों से मारने लगे। सास व ससुर बचाने आए तो उन्हें भी पीट दिया। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सभी आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राम मंदिर क्षेत्र से जुड़े स्थलों पर बढ़ाई सुरक्षा


सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भक्तिपथ पर तैनात एसएसबी के जवान। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

▸▸ रामकोट क्षेत्र में तैनात हुए सीमा सुरक्षा बल के जवान

**अमृत विचार :** रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद परिसर के तरफ सभी मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। राम जन्मभूमि परिसर क्षेत्र के आसपास 140 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा जबकि 50 से अधिक बैरियर भी लगाए गए हैं। सभी बैरियर पर पीएसी और सिविल पुलिस के साथ आरएएफ और एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है।

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। उन्हें सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के साथ उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सिक्योरिटी कवर दिया गया है। साथ ही कुछ प्रमुख मार्गों पर नो पार्किंग जोन में वेंडिंग जोन किया गया है।

# 11 महीने में बन जाएगा राम मंदिर का शिखर

अयोध्या कार्यालय

▸▸ नृपेंद्र मिश्र पहुंचे, मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन की अध्यक्षता में दो दिवसीय बैठक आज से

**अमृत विचार :** निमार्णाधीन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद मंदिर के शिखर तक के कार्यों को 11 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। जिसको लेकर शुक्रवार से मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक राम जन्मभूमि परिसर में होगी। इसके लिए गुरुवार शाम चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र यहां पहुंच गए हैं।

राम मंदिर में शेष के कार्य को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर के पश्चिम दिशा की ओर दो टॉवर क्रेन खड़ी की जा रहीं हैं। 15 फरवरी के बाद निर्माण कार्य के लिए मजदूरों को लगा दिया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम तल के बाद दूसरे तल और शिखर का कार्य किया जाना है। परकोटे का निर्माण, परकोटे में बनने वाले मंदिर, यात्री सुविधा केंद्र और अन्य कार्य भी होने हैं। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय बैठक में कार्यों को प्रारंभ करने और निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने मंथन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब दिसंबर 2025 के पहले ही मंदिर के शिखर तक के कार्य को पूरा करना है।




## सिंगल यूज प्लास्टिक बहिष्कार को लेकर विधायक ने किया जागरुक

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्लास्टिक मुक्त प्रदेश अभियान में गुरुवार को विधायक राम चंद्र यादव व भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने रुदौली नगर में भ्रमण किया। व्यवसायियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करने की अपील की। इस दौरान व्यावसायियों को प्रतीकात्मक रूप से कपड़े का बैग वितरित किया। विधायक ने कहा सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण का नाश करती है। शुद्ध पर्यावरण के लिए पॉलीथिन से नाता तोड़ना पड़ेगा। भाजपा नगर अध्यक्ष शेखर गुप्ता, ईओ सुरेश मौर्य, जिला पंचायत सदस्य रामनेवल लोधी, सभासद कुलदीप सोनकर आदि मौजूद रहे।

# पहली बार लगेगा मंडलीय पशु मेला पांच जिलों के पशुपालक जुटेंगे

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : पशुपालकों को लाभ पहुंचाने के लिए मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु मेले का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। मंडल स्तरीय पशु मेले में पांच जिलों के 10 हजार से अधिक पशुपालकों को आमंत्रित किया गया है। पहली बार हो रहे मंडल स्तरीय पशु मेले में सभी जिलों के नामचीन पशु चिकित्सकों को भी बुलाया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.जगदीश सिंह ने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय मण्डलीय पशुमेला तीन फरवरी शनिवार को आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज मॉजनपुर (मवई) के मैदान में सुबह आठ बजे से शाम तक लगेगा। मेले में मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह और विशिष्ट अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव होंगे। कमिश्नर गौरव दयाल और जिलाधिकारी नीतीश कुमार के अतिरिक्त सभी मंडल और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। अपर निदेशक पशुपालन और शासन से नामित नोडल अधिकारी डॉ. ए के वर्मा भी उपस्थित रहेंगे। अयोध्या मण्डल अंतर्गत अयोध्या, अमेठी, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर और बाराबंकी जनपद के नामचीन पशु डॉक्टर किसानों से संवाद और पशुओं का उपचार करेंगे।

## सार-संक्षेप

### डूब रही किशोरी को बचाया, आईजी ने किया सम्मानित

अयोध्या। अमृत विचार : सरयू नदी में गुरुवार को डूब रही किशोरी को एसडीआरएफ की टीम ने बचा लिया। आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार की तरफ से एसडीआरएफ टीम को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परिवार के साथ अयोध्या आई किशोरी अंकिता कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के नया घाट पर परिवार के साथ स्नान कर रही थी। इसी बीच अचानक वो गहरे पानी में डूब गई।चीख-पुकार सुन पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने किशोरी को सकुशल बाहर निकाल लिया।

### केक काट कर मनाया 141वां डाक जीवन बीमा दिवस


डाक जीवन बीमा दिवस पर केक काटते प्रवर डाक अधीक्षक।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मंडलीय डाकघर कार्यालय में गुरुवार को 141 वां डाक जीवन बीमा दिवस प्रवर अधीक्षक डाकघर एचके यादव ने केक काटकर मनाया। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी को बीमा लाभ देने के उद्देश्य से एक फरवरी 1884 में शुरू हुई डाक जीवन बीमा योजना में समय के साथ डॉक्टर, इंजीनियर, वकील व स्नातक डिग्री धारक को भी लाभ देने के लिए जोड़ा गया। कम किश्त और अधिक बोनस के साथ भुगतान देनें वाली योजना को भारत सरकार ने देश के ग्रामीण किसान, आम नागरिक को वर्ष 1995 में ग्रामीण डाक जीवन बीमा का तोहफा दिया। इस दौरान विकास अधिकारी चन्द्रेश वर्मा, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, ज्योतिरादित्य सिंह, राम बहादुर यादव, जितेन्द्र सिंह, अनामिका, चांदनी वर्मा, विवेक यादव, हरिराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

### 54 में से सिर्फ 2 ग्राम पंचायतों में बनी सकी अस्थाई गौशाला

पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार : तमाम अभियान के बाद भी छुट्टा पशुओं पर लगाम नहीं लग रही है। जिसके चलते किसानों के साथ - साथ लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल यह है कि विकासखंड पूरा बाजार के 54 गांवों में से केवल रामपुर सरधा व अलावलपुर में अस्थाई गौशाला का निर्माण हुआ है। बाकी ग्राम पंचायतों में छुट्टा जानवरों से किसान व राहगीर परेशान हैं। ग्राम पंचायत सराय चैमल के शोभाराम वर्मा, राकेश वर्मा, राम अजोर वर्मा, मनीष कुमार वर्मा, निज कुमार वर्मा, कपिल देव वर्मा, लक्ष्मी दासपुर के रामनयन पांडे, मोहनलाल पांडे, मुकेश दुबे कहते हैं कि गांव में स्थित झलियावां की बाग में छुट्टा जानवर बसेरा बनाए रहते हैं। अगल-बगल के खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। सड़कों पर भी जमावड़ा रहता है। जिसे कोई पकड़ता नहीं है। यही हाल अन्य पंचायतों का है।एडीओ पंचायत धनजीत ने बताया कि ब्लॉक के सभी 54 ग्राम पंचायतों के सचिवों को निर्देश दिया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर एक अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया जाए और उसी में छुट्टा जानवरों को रखा जाए। 2 ग्राम पंचायत में अस्थाई गौशाला का निर्माण हो गया है।




## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुतियों से छोड़ी छाप

गोसाईंगंज, अयोध्या। अमृत विचार : ग्राम समदा के बाबू गया प्रसाद कॉन्वेंट स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश कर अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी।मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डीके मौर्य रहे। सीओ देवेंद्र कुमार व प्रदेश सचिव बलराम मौर्य बतौर विशिष्ट अतिथि रहे। निदेशक केशव प्रसाद मौर्य, प्रबंधक कृष्णचन्द्र मौर्य व प्रधानाचार्या अनुपमा मौर्य ने स्वागत किया। इस अवसर पर एसएचओ परशुराम ओझा, रामनिहाल निषाद, डॉ ध्यानचंद्र, दीपचन्द्र, विनीतचंद्र आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या व रुदौली आईटीआई को मिली अंतिम किश्त

अयोध्या कार्यालय

▸▸ टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से हो रहा उच्चीकरण

**अमृत विचार :** व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उच्चस्तरीय कौशल प्रदान करने के लिए राजकीय आईटीआई और रुदौली आईटीआई को स्वीकृति धनराशि की अंतिम किश्त जारी हुई है।

टीटीएल के सहयोग से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक कार्यशाला, प्रशिक्षण कक्ष आदि की स्थापना की योजना के तहत शासन की ओर से प्रति संस्थान 354.65 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई थी। जिसमें से अयोध्या और दुल्लामऊ अमराई गांव स्थित रुदौली राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रत्येक को 292. 9716 लाख रुपये का आवंटन किया जा चुका है। अब प्रत्येक को 61.6784 लाख रुपये की अंतिम किश्त अवमुक्त की गई है। वर्तमान में राजकीय निर्माण निगम की ओर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजना के नोडल और राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य मयंक मणि त्रिपाठी ने बताया कि उच्च कौशल उपलब्धता की योजना के तहत अयोध्या और रुदौली आईटीआई को अवशेष धनराशि का आवंटन हुआ है।

## कृत्रिम अंग के लिए दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : मवई ब्लाक सभागार में आयोजित शिविर में कृत्रिम अंग के लिए दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया। बीडीओ मवई अनुपम वर्मा ने कहा कि दिव्यांग लोगों की सहायतार्थ द्वारा परीक्षण के बाद कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में 60 दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन हुआ है।

# बदला मौसम का मिजाज, छाए रहे बादल

अयोध्या कार्यालय


कुहासा व बदली के बीच आवागमन करते राहगीर।

**अमृत विचार :** अयोध्या मंडल में गुरुवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बादल छा गए और शीतलहर चलने लगी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की सम्भावना है। कुछ स्थानों पर ओला गिरने की भी संभावना है। हालांकि दोपहर हल्की धूप खिली लेकिन मौसम में बदली बरकरार रही। जिसके कारण दो दिन तक ठंड से मिली राहत गुरुवार को काफूर हो गई।

अयोध्या मंडल के विभिन्न जनपदों में गुरुवार सुबह कुहासा और बदली छाई रही। इससे एक बार फिर से तापमान में गिरावट होनी शुरू हो गई। न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार पाकिस्तान से आने वाली हवा के चलते पश्चिमी विक्षोभ धीरे-धीरे सक्रिय हो रहा है। पहाड़ों पर बारिश के बाद अब मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक सीता राम मिश्र के अनुसार आगामी 48 घंटों में गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई जा रही है।

# राग उत्सव : कुचीपुड़ी नृत्य व यक्षगान की हुई प्रस्तुति

अयोध्या कार्यालय। **अमृत विचार :** राम मंदिर में राग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को मंदिर परिसर में आंध्र प्रदेश के श्री वेदांतम रामलिंगम शास्त्री, वसन्त किरण एवं समूह कुचीपुड़ी नृत्य, यक्ष्यगान के आयोजन के साथ हिरण्य कश्यप की कथाओं पर भी प्रस्तुति दी गई। 23 जनवरी से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से राग सेवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



“अंतरिम बजट में सरकार की योजनाएं सब के हित की हैं। लुभावना जैसा इसमें कुछ भी नहीं है। यह स्टार्ट अप के लिए अच्छा है। टैक्स में एक साल का एक्सटेंशन है। कोविड के बाद ग्लोबल माहौल में विकासोन्मुखी बजट है। - **प्रो. आशुतोष सिन्हा, अर्थशास्त्री, विभागाध्यक्ष, अवध विवि**



“उद्यमियों को अंतरिम बजट से खास रियायतों तथा योजनाओं की उम्मीद थी। सरकार ने एमएसएमई को सशक्त बनाने की बात तो की है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जीएसटी के सरलीकरण की दिशा में भी कोई घोषणा नहीं की गई है। थोड़ी राहत जीएसटी खुदरा व्यवसायों के अनुमानित कराधान के लिए कारोबार सीमा को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपये तथा घरेलू कंपनियों के लिए कॉरपोरेट आयकर दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत किये जाने से मिली है। - **शंकर लाल जायसवाल, आईआईए अध्यक्ष**

# किसान व गरीब खुश - मध्यम वर्ग थोड़ा नाखुश

**उम्मीद** शिक्षाविद बोले - विकसित भारत के लिए पेश किया गया संतुलित बजट

**ये हुए हर्षित** किसान, गरीब, छात्र, गृहणियां और स्वास्थ्य कर्मी आदि



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** केन्द्र सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किया गया अंतरिम बजट संतुलन साधने वाला है। सभी वर्गों के लिए बजट में निहित प्राविधान भविष्य को गढ़ने वाले हैं। इनकम टैक्स स्लैब को लेकर नौकरीपेशा में निराशा की झलक मिली। गृहिणियों और किसानों के साथ स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों ने बजट को बेहतर करार दिया है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों की उम्मीद जरूर नहीं पूरी हुई लेकिन पीएम आवास में नए आवासों की घोषणा ने निर्धन वर्ग को बड़ा तोहफा दिया है। विपक्षी दलों ने बजट को जनविरोधी तो सत्तापक्ष ने विकसित भारत का बजट बताया है।

## राष्ट्र को चहुंमुखी रूप से समृद्ध व शक्तिशाली करने वाला बजट : वेद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के बढ़ते कदम के बीच गुरुवार केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट न केवल ऐतिहासिक वरन देश को समृद्धिशाली और शक्तिशाली करने वाला बजट है। भविष्य के लिए इस बजट में रखे गए प्रावधानों से निश्चित रूप से 2047 में विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। यह बातें नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार शाम बजट पर प्रतिक्रिया के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से लेकर लखपति दीदी और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नए आवासों का फैसला निश्चित रूप से एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतिमान है। बजट में टूरिज्म को बढ़ावा देने की घोषणा न केवल रोजगार का सृजन करेगी बल्कि रोजगार गारंटी योजना को सुदृढ़ करेगी। विधायक ने कहा कि आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम, एम्स और विश्वविद्यालयों की होगी स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव है। सभी आशा वर्कर, आंगनवाडी वर्कर आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आएंगे। जिससे उनके अंदर आत्मनिर्भरता का भाव मजबूत होगा। विधायक ने कहा कि 40 हजार रेलवे डिब्बों को वंदे भारत में बदला जाएगा। 9 से14 साल तक की बेटियो को मुफ्त टीकाकरण और तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त नए भारत का सृजन है। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले बजट का लाभ अयोध्या वासियों को भी मिलेगा।



## शिक्षक बोले- विकसित भारत के सृजन का बजट

अयोध्या कार्यालय



अवध विश्वविद्यालय में गुरुवार को बजट पर चर्चा करते शिक्षक।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने एक स्वर में बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह विकसित भारत के सृजन का बजट है। अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने वाले बजट को संपूर्ण समावेशी कहा जा सकता है।

विश्वविद्यालय में गुरुवार दोपहर बजट पर हुई चर्चा में प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि यह बजट भारत को वर्ष 2047 में विकसित देश बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि बजट गरीब, महिला, युवा और किसानों को प्रोत्साहित करने वाला है। आम जनमानस के लिए लाभदायक होगा। डॉ. राणा रोहित सिंह ने कहा कि बजट अगले पांच साल में भारत को अभूतपूर्व विकास की और लेकर जायेगा। उन्होंने कहा डिजिटल इंडिया से अर्थव्यवस्था में लाभदायक होगा। डॉ. प्रियंका सिंह ने कहा शून्य या कम ब्याज पर लोन से स्टार्टअप इंडिया योजना गति मिलेगी मिलेगी। डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि इस बजट में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने की योजना से महिलाएं अब उधोग के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगी। डॉ. अनुराग तिवारी ने कहा बजट आधार भूत संरचना, हरित ऊर्जा एवं कृषि आधारित उधमिता को बढ़ावा देने वाला है। डॉ. रविन्द्र भारद्वाज ने कहा कि इस बजट में रेलवे की आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किया गया है। जिसके तहत 40 हजार बोगी को वन्दे भारत ट्रेन में परिवर्तित किया जायेगा।



“मोदी सरकार का यह बजट भविष्य को गढ़ने वाला है। सरकार ने संतुलन रखा है। व्यापारियों के लिए कोई नए कर का प्रावधान नहीं है। देश के विकास में सहायक सिद्ध होगा। - **पंकज तिवारी, व्यावसायी।**



“सरकार द्वारा जारी बजट में तीन सौ यूनिट निशुल्क बिजली किसानों को बड़ी राहत देगी। गरीबों के लिए नई आवास योजना उनके जीवन में बदलाव में सहायक सिद्ध होगी। **-मोहित दूबे, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि।**



“शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन न बहाल करने से शिक्षकों और कर्मचारियों में निराशा है। सरकार को महत्वपूर्ण विषय पर जल्द निर्णय लेना चाहिए। **-ओंकार नाथ पांडेय, शिक्षक।**



“सरकार द्वारा जारी बजट में किसने युवाओं और व्यापारियों का विशेष ख्याल रखा गया है। गरीबों के लिए भी सरकार की सोंच दिखाई पड़ी है। **-रिंकू पांडेय, युवा व्यावसायी।**

## महिलाओं और किसानों ने बताया जनोपयोगी

**अयोध्या कार्यालय :** अमृत विचार :केंद्र सरकार द्वारा आगामी वित्तीय सत्र 2024-25 के लिए गुरुवार को लाया गया बजट किसी वर्ग को खूब भा रहा है तो किसी वर्ग को निराशा भी मिली है। महिलाओं और किसानों ने बजट को जनोपयोगी बताया जबकि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन और टैक्स स्लैब में राहत नहीं मिलने से मायूसी है। वहीं दूसरी और गरीबों को आवास और अन्य जन उपयोगी सुविधाएं बढ़ने से लोग खुश भी है।



रामनगर क्षेत्र में टीवी पर बजट का प्रसारण देखतीं महिलाएं। अमृत विचार



“केन्द्र सरकार का यह बजट महिलाओं के लिए हितकारी है। इससे राहत मिलेगी और घर चलाने में आसानी होगी। मंहगाई पर नियंत्रण आवश्यक है। **– सोनिया, गृहिणी।**



“आम बजट में इस बार लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। सरकार का यह बजट विकास को बढ़ावा देने वाला है। घरेलू गैस के दामों में और कमी की जरूरत थी। **-प्रेम कुमारी, गृहिणी।**



“बजट में टैक्स स्लैब में राहत की उम्मीद पर पानी फिर गया है। पुरानी पेंशन को लेकर भी सरकार ने कोई एलान नहीं किया है। आयकर में गत वर्षों में छूट बेमानी है। **– विभा तिवारी, शिक्षिका।**



“सरकार को टैक्स स्लैब में बदलाव करना चाहिए था। बदलाव न होने से मध्यमवर्ग को निराशा हुई है। पुरानी पेंशन बहाली हर सरकारी कर्मी का अधिकार है। – **अर्चना द्विवेदी, शिक्षिका।**



“सरकार को बजट में शिक्षामित्र की मानदेय/वेतन वृद्धि के लिए व्यवस्था करनी चाहिए थी। जिससे शिक्षामित्र को भी राहत मिलती। **-किरन श्रीवास्तव, शिक्षामित्र।**



“बजट अच्छा है। हालांकि कुछ नए प्रावधानों को लागू किया जाना चाहिए था। सरकार को वर्तमान टैक्स स्लैब में राहत देनी चाहिए थी इससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत होती। बजट औसत ही रहा। **-विनोद वर्मा, शिक्षक।**



सरकार द्वारा जारी बजट में आयकरदाताओं को कोई राहत नहीं दी गई है। मिडिल क्लास का भी ध्यान रखना चाहिए। – **अमरेंद्र कुमार चौहान, कर्मचारी।**



सरकार द्वारा जारी बजट सराहनीय है। बजट में विकास की अपार संभावनाएं हैं। मोदी सरकार का बजट जन कल्याणकारी साबित होगा। **-लवकुश मिश्रा, एडवोकेट।**



कसाबबाड़ा क्षेत्र स्थित एक नर्सिंग होम में टीवी पर बजट देखते लोग।

### मिली बड़ी राहत, नही पड़ा कोई बोझ



कुल मिलाकर बजट संतुलित कहा जा सकता है। अंतरिम बजट में कर दरों में कोई परिवर्तन नही किया गया है। हालांकि स्टार्ट-अप और वेल्थ एंड पेंशन फंड्स के लिए टैक्स बेनिफिट्स की अंतिम तिथि बढ़ा दी गयी है। आयकर में वित्तीय वर्ष 2009-10 तक 25000 रुपये एवं 2010-11 से 2014-15 तक 10000 रुपये तक की समस्त विवादित मांग समाप्त किया जाना लगभग एक करोड़ करदाताओं के लिए राहत भरा है। बजट में रक्षा, रेलवे एवं ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया है, जबकि 1 करोड़ घरों पर रूफ टॉप सोलर से 300 यूनिट फ्री बिज़ली सराहनीय योजना है। – **डॉ. मनीष अग्रवाल, चार्टर्ड एकाउंटेंट**



समाज के हर वर्ग को ध्यान में रख कर विकास की योजनाएं बजट में हैं। 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की योजना, इंफ्रा स्ट्रक्चर डेवलपमेंट की योजना है। जीएसटी से व्यापार, उद्योग पर अनुपालन के बोझ को कम किया है। – **अशोक कुमार तिवारी, अर्थशास्त्री**

## सीए, अर्थशास्त्री, डॉक्टर व सरकारी कर्मियों ने बताया विकास परक बजट



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले के सीए, अर्थशास्त्री, डॉक्टर व सरकारी कर्मियों ने अंतरिम बजट को विकास परक बजट बताया। उनका मानना है कि इसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए सबका साथ-सबका विकास वाली बात चरितार्थ होती नजर आ रही है। देश के चहुंमुखी विकास के दृष्टिकोण से बजट अच्छा है।



“बजट में देश के सम्पूर्ण विकास पर अधिक जोर है। इसमें सभी वर्गों के विकास व हित की योजनाएं शामिल है। रेल, रोड व एयर कनेक्टिविटी पर ज्यादा फोकस है। यह अंतरिम बजट देश के विकास का बजट कहा जा सकता है। – **संजय अग्रवाल, सीए**



“अंतरिम बजट में विकसित राष्ट्र बनाने की योजनाएं शामिल हैं। गरीब, महिलाएं, युवाओं और किसानों के हित की योजनाएं, रूफ टॉप सोलराइजेशन, उद्योग में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता के साथ सबके विकास को ध्यान में रखा गया है। **– अमरेश पांडे, सीए**

### जुलाई के बजट में होगा समापन, न राहत न बोझ



सरकार ने अंतरिम बजट में कोई चुनावी वादा नहीं किया है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर पहले जैसे हैं। आदर्श नागरिकों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। आयकर की विवादित राशि की माफ़ी विशेषकर व्यक्तिगत आमदनी करदाताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। जो सरकार की नई पॉलिसी के तहत आयकर विवादों से मुक्ति प्राप्त करेंगे। मोदी सरकार ने विकसित भारत के रुट मैप पर जोर दिया है। लोगों को जुलाई 2024 के अंतिम बजट में नागरिकों और देश के हित के सभी महत्वपूर्ण कदम की उम्मीद करनी चाहिए।
**– अनुज सिंघल, आयकर अधिवक्ता**



देश के विकास को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ बनाते हुए आर्थिक मजबूती प्रदान करने वाला बजट है। इसमें गरीब, महिला, युवा और किसान के हित की योजनाएं प्रशंसनीय है। कुल मिलाकर इस अंतरिम बजट से देश सच में 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की योजना में है। **– डॉ. एके पांडेय, अस्थिरोग विशेषज्ञ**



अंतरिम बजट में सभी वर्गों के विकास और हित की योजनाएं हैं। विशेषकर महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण और युवाओं के रोजगार परक योजनाएं शामिल हैं। जो देश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। **– डॉ. आदर्श तिवारी, दंत रोग विशेषज्ञ**



अंतरिम बजट सुलभ और विकास परक है। जन सामान्य के लिए दूरगामी परिणाम देने वाला है। सभी वर्गों के हित और विकास की योजनाएं बजट की खास बात रही। विशेषकर देश के विकसित राष्ट्र बनाने, महिलाओं, किसानों, युवाओं के हित की योजनाएं शामिल है। – **अरविंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक, मंडलायुक्त**



बजट में सभी वर्गों के हित का ध्यान में रखा गया है। इसमें राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक, अंतरराष्ट्रीय और विकसित भारत के मूर्तरूप को सामने लाने की योजनाएं हैं। रेल, रोड और एयर लाइन कनेक्टिविटी की योजना सराहनीय है। – **प्रमेंद्र कुमार श्रीवास्तव, स्टेनो, सहायक आयुक्त प्रशासन**



“सरकार का यह बजट बहुत अच्छा और संतुलित है। रेल सुविधाओं में वृद्धि और आयकर में 10 हजार की माफी एक सराहनीय प्रयास है। ये विकास में सहायक होगा। – **डॉ.सोम प्रकाश मिश्र, चिकित्सक।**



“सरकार द्वारा जारी बजट से देश में विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा। बजट में अयोध्या के लिए मेडिकल इंस्टिट्यूट और आईसीयू की व्यवस्था भी देनी चाहिए थी। **–डॉ. रूपा त्रिपाठी, चिकित्सक।**



“सरकार के बजट में मिडिल क्लास का ध्यान नहीं रखा गया है। इसलिए आयकर दाता को राहत नहीं मिली। सरकार को मध्यम वर्ग का भी ध्यान देना चाहिए। **– डॉ. अनामिका माथुर, चिकित्सक।**

### भाकपा नेता ने बताया जनविरोधी बजट

**अयोध्या।** भाकपा नेता सूर्य कांत पांडेय ने केंद्रीय बजट को जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा की बजट चुनाव को देखते हुए लाया गया है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण चीजें दरकिनार की गई है जबकि लोकलुभावन नारों के सहारे जनता को अपरोक्ष रूप से लूटने की व्यवस्था की गई है।

### बजट में महत्वपूर्ण चीजें दरकिनार : सिंह

**अयोध्या, अमृत विचार :** केन्द्रीय बजट को जनविरोधी करार देते हुए शहीद भगतसिंह ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि बजट चुनाव को देखते हुए लाया गया है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण चीजें दरकिनार की गई है। बजट वास्तव में चुनाव जीतने का नमूना है। उससे आवाम को अलग थलग किया गया है। महिला, किसान, मजदूर, नौजवान और छात्रों के लिए कोई ठोस योजना नही है। यह बजट जनविरोधी है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सर्वस्पर्शी बजट : रामचंद्र



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट सर्वस्पर्शी बजट है। जिसमें किसानों, नौजवानों, महिलाओं और आम जनमानस विशेष ध्यान रखा गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी आशा, आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर को भी सम्मिलित किया गया है। लखपति दीदी योजना को बढ़ावा दिया जाएगा। इस योजना से महिलाओं के जीवन में बदलाव और आत्मनिर्भरता आई है।इस बजट में टूरिज्म क्षेत्र को भी बढ़ावा दिया गया है। जिससे देश के अंदर सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और नए-नए टूरिज्म के क्षेत्र बनेंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा।

### टूटी आमजन व व्यापारी जगत की उम्मीद



सरकार की ओर से पेश किया गया अन्तिम अंतरिम बजट विकासोन्मुख हैं, लेकिन आयकर के स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। जिसकी व्यापारी जगत और आमजन को बहुत उम्मीद थी। बजट के बाद लोगों की उम्मीद टूटी है। बजट में देश को तिलहन में आत्मनिभर बनाने पर ज़ोर है। जो तेल की महंगाई को कम करेगा। बजट में प्रधानमंत्री और सरकार का पूर्ण आत्मविश्वास परिलक्षित हो रहा हैं। – **संजय मित्तल, उद्यमी**

### विकसित -आधुनिक भारत के लक्ष्य को पूरा करने वाला



चुनाव आसन्न होने के बावजूद अंतरिम बजट में लोक-लुभावन घोषणा नहीं हुई है। बजट में विकसित और आधुनिक भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्धारित रोड मैप पर आगे बढ़ने का प्रस्ताव है। पर्यावरणीय पहल के तहत बायो गैस और ई-वाहन इकोसिस्टम तथा सोलर ऊर्जा पर जोर दिया गया है। इंफ्रास्ट्रचर को बढ़ावा देने के लिए बजट 11 फीसदी बढ़ाया गया है। डेडिकेटेड रेल कॉरिडोर आवागमन और सामान के परिवहन को सुगम और सुनिश्चित करेगा। – **डॉ. मधु त्रिपाठी, वरिष्ठ अर्थशास्त्री व कनक किड्स व सरयू इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक**







रिकाबगंज स्थित चाय की दुकान पर मोबाइल बजट देखते युवा।

## आर्थिक मजबूती तो ठीक छुट्टा मवेशियों पर ठोस कदम उठाने की जरूरत



बजट को लेकर चर्चा करते किसान। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बजट को लेकर जिले के किसानों में मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। किसान रमेश कुमार वर्मा, हीरालाल, जयकरन, पुरुषोत्तम का कहना है कि केंद्र सरकार की योजना का उन्हें पहले से ही लाभ मिल रहा है लेकिन अब जो अन्य घोषणाएं की गईं हैं, उससे किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। व्यवसायिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि कुछ किसानों का कहना है कि छुट्टा मवेशियों से फसल नहीं बच पा रही है। सरकार को फसल बनाने उपायों पर ठोस कदम उठाना चाहिए।



केंद्र सरकार की ओर से पेश किया गया बजट बहुत अच्छा है। बजट में किसानों की आर्थिक मजबूती देने के लिए जो घोषणाएं की गई है, हम सभी को लाभ होगा। – **अशोक तिवारी, किसान, अंजना भिदूरा, पूराबाजार**



बजट में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ आर्थिक मजबूती देने का निर्णय स्वागत योग्य है। इस बजट से किसानों का जीवन स्तर बहुत अच्छा होगा। – **सुरेंद्र पांडेय, किसान, सराय चैमल, पूराबाजार**



केंद्र सरकार का बजट किसानों के लिए ही नहीं अपितु सभी वर्गों के लिए अच्छा है। योजना का लाभ मिलने से उनके व्यवसाय को नया आयाम मिलेगा। – **रामजीत निषाद, किसान, ऐमीआलापुर, पूराबाजार**

केंद्र सरकार का बजट तो अच्छा है। तमाम कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र है लेकिन गांवों में रहा रहे, गरीबों को योजनाओं का लाभ बहुत कम मिल पाता है। – **कल्लू, किसान, जलालुद्दीननगर, पूराबाजार**

बजट में दुग्ध, तिलहन, मत्स्य क्षेत्रों को बढ़ावा देने का निर्णय स्वागत योग्य है। लेकिन जब फसल छुट्टा जानवरों से बचेगी तभी तो आर्थिक फायदा होगा। – **सुरेंद्र तिवारी, किसान, अंजना, पूराबाजार**

## केन्द्रीय बजट जनविरोधी : सूर्यकांत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सूर्यकांत पाण्डेय ने केन्द्रीय बजट को जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा की बजट चुनाव को देखते हुए लाया गया है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण चीजें दरकिनार की गई है जबकि लोकलुभावन नारों के सहारे जनता को अपरोक्ष रूप से लूटने की व्यवस्था की गई है।उन्होंने कहा कि इस बजट से रुपए की कीमत घटेगी तथा महंगाई चुनाव बाद बेतहाशा बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का जनता से कोई भी सहानुभूति नहीं है बल्कि अपने दोस्त पूंजीपतियों की पूंजी में बढ़ोतरी करना है।

## एक नजर

### पुलिस ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। उप निरीक्षक प्रेम बहादुर यादव ने वारंटी अभियुक्त बलराम पुत्र परदेशी निवासी भेड़िया थाना बसखारी को गिरफ्तार किया है। वहीं उप निरीक्षक बलवन्त सिंह ने वारंटी अभियुक्त पिन्टू पुत्र रामसूरत और चन्टू पुत्र रामसूरत, सिन्टू पुत्र गुड्डू निवासी पटना मुबारकपुर थाना बसखारी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव ने वारंटी अभियुक्त अकील पुत्र स्माइल निवासी संदहा थाना बसखारी को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव ने वारंटी अभियुक्त रामगिरीश पुत्र रामअजोर निवासी दशरैचा थाना बसखारी को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

### जिलाधिकारी ने लेखपाल को किया निलंबित

जलालपुर, अंबेडकरनगर। किसान से घूस लेते समय एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े जाने के बाद जिलाधिकारी ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है। बता दें कि बीते बुधवार को मालीपुर थानाक्षेत्र के श्यामपुर दरियापुर निवासी महावीर से जमीन सीमांकन करने के मामले में लेखपाल रामयश चार हजार रुपए घूस जलालपुर तहसील परिसर में ले रहा था। तभी एंटी करप्शन टीम ने आरोपी लेखपाल को दबोच लिया। अब इस मामले में जलालपुर उपजिलाधिकारी की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने निलंबित कर दिया है।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने को राजी हुए दो जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी के अथक प्रयास से दो वैवाहिक जोड़े के पारस्परिक विवाद को सुलझा कर राजी खुशी विदाई कराई गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह समझौते के क्रम में गुरुवार को महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और महिला आरक्षी पूनम शर्मा के अथक प्रयास से पति-पत्नी के दो वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद जोड़े आपस में साथ रहने के लिए राजी हो गए।

### पुलिस ने मारपीट के मामले में दर्ज किया केस

टांडा, अंबेडकरनगर। कोतवाली टांडा पुलिस ने घर में घुसकर महिला और उसके पति को मारने-पीटने व छत के ऊपर से नीचे ढकेल देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला नैपुरा सकरावल की रुखसाना पत्नी मोसीम का आरोप है कि मोहल्ले के मुनीर पुत्र दुल्लन मेरे घर मे लाठी-डंडा लेकर घुस गए और मुझे और मेरे पति को मारा पीटा और मेरे पति को छत के ऊपर से नीचे ढकेल दिया। विपक्षी ने घर में तोड़ फोड़ भी किया है। पुलिस ने धारा पीड़िता की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट आशीष वर्मा ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। 7 जनवरी 2024 को महरुआ थाने में एक व्यक्ति ने अयोध्या जनपद के बीकापुर थाना क्षेत्र के काईदला निवासी प्रदीप शर्मा के खिलाफ अपनी 16 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि युवक ने शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ 6 माह तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। आरोपी ने न्यायालय में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अवर न्यायालय ने जमानत अर्जी नामंजूर कर दी थी। अब अपर न्यायाधीश ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# मांगों को लेकर किसानों ने टांडा-अकबरपुर मार्ग किया जाम, प्रदर्शन

## एसडीएम ने आक्रोशित किसानों को डीएम से वार्ता कराने का दिलाया आश्वासन


मांगों को लेकर टांडा-अकबरपुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन करते किसान।


किसानों द्वारा प्रदर्शन के बाद टांडा-अकबरपुर मार्ग पर लगा जाम।

- पुलिस ने जाम खुलवाकर मार्ग किया बहाल

टांडा, अंबेडकरनगर।

**फैसला नहीं हुआ तो प्रदर्शन होगा उग्र**

धरने के दूसरे दिन गुरुवार को किसानों और किसान नेताओं का सब्र का बांध टूट गया और टांडा-अकबरपुर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ओवर ब्रिज के बगल धरना-प्रदर्शन जारी है। यूनियन के जिला अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा ने बताया शुक्रवार को 2 बजे तक प्रशासन ने किसानों के हित में फैसला नहीं लिया तो प्रदर्शन उग्र हो जाएगा।

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बैनर तले राष्ट्रीय राजमार्ग 233 से प्रभावित 15 गांवों के किसान मुआवजे की मांग को लेकर आक्रामक हो गए और सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसान एनएच 233 में अधिग्रहण की गई जमीनों का आवासीय दर पर मुआवजे की मांग को लेकर करीब चार माह से धरने पर बैठे हैं।

सड़क पर उतरे किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर टांडा-अकबरपुर मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया। मार्ग जाम होने से प्रशासन में खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक टांडा संतोष सिंह, थाना अलीगंज प्रभारी अभय मौर्य ने किसान नेता लक्षीराम वर्मा और अन्य से वार्ता किया। उपजिलाधिकारी सचिन यादव के आश्वासन के बाद किसान शांत हुए। उपजिलाधिकारी ने किसानों को शुक्रवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह से वार्ता कराने का आश्वासन दिया है। मार्ग जाम होने से आवागमन लगभग 1 घंटे तक प्रभावित रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग 233 से लगभग 15 गांव के प्रभावित किसान मुआवजे को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय अधिग्रहण में प्रत्येक गाटे में 0.051 हेक्टेयर से प्रतिकर दिलाए जाने को लेकर कई माह से ग्राम फतेहजहुरपुर स्थित ओवर ब्रिज के बगल कार्यालय पर अनवरत धरना प्रदर्शन व उच्च अधिकारियों को पत्राचार किया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। हाल ही में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी अविनाश सिंह के समक्ष यूनियन के जिला अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा के नेतृत्व में किसानों को आवासीय दर से प्रतिकर दिलाए जाने की मांग को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रशासन द्वारा ठोस आश्वासन नहीं मिलने से किसान नेताओं और किसानों को निराश व हताश होना पड़ा। जिसको लेकर यूनियन के जिला अध्यक्ष ने 31 जनवरी को ओवर ब्रिज के बगल धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया था।

# बजट चुनावी वादों का झुनझुना : कांग्रेस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** गुरुवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश अंतरिम बजट देश को निराश करने वाला है। उप्र कांग्रेस के महासचिव और जनपद के प्रभारी मनोज गौतम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बजट की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और खाता बही मंत्री ने आम जनता के सामने सुरसा की तरह मुंह फैलाए खड़ी मंहगाई डायन और बेरोजगारी का मुद्दा पानी की तरह पी गए यह अंतरिम बजट कम चुनावी वादों का झुनझुना है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने कहा कि गुरुवार को पेश अंतरिम बजट देश की घर गृहस्थी, चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र को और मंहगाई की ओर धक्का दे गया है। यह अमीरों और पूंजीपतियों का बजट है, जो पूरे देश में सार्वजनिक उपक्रमों का निजी संपत्ति की तरह उपभोग कर रहे हैं।

एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार पाल, उप्र कांग्रेस के सचिव मो. अनीश खान और अमित जायसवाल ने कहा कि यह बजट मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला है, आयकर स्लैब और जीएसटी की लूट से जनता को राहत नसीब नहीं हुई, शिक्षा मंहगी हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी, उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी ने कहा कि आज का बजट 2014 में सरकार बनने के पहले वाला झूठ का पुलिंदा और जुमला है।

**यह भी रहे मौजूद**

प्रमुख रूप से अकबरपुर विधानसभा प्रभारी सुखीलाल वर्मा, एपीसीसी सदस्य गुलाम रसूल, उप्र युवा कांग्रेस महासचिव विशाल वर्मा, अकबरपुर ब्लाक अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी, अकबरपुर नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति, पूर्व प्रत्याशी मूलचंद जायसवाल, दिलीप कुमार भास्कर मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने विरोध कर रुकवाया चकमार्ग का निर्माण कार्य

- ग्राम पंचायत बड़ागांव के मजरे मलूकपुर का है मामला
- एसडीएम ने मौके पर ग्रामीणों को समझाकर शुरू कार्य कराया

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे चकमार्ग की पटाई को ग्रामीणों ने रोक दिया। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी के समझाने-बुझाने के बाद पटाई का कार्य शुरू हुआ। मामला स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ागांव के मजरे मलूकपुर का है।

बता दें कि ग्राम पंचायत द्वारा जलालपुर-सुरहुरपुर मार्ग से मलूकपुर-बसिया को जोड़ने वाले चकमार्ग की नवनिर्मित पटाई कराई जा रही थी। जिस पर कास्तकारों ने ग्राम प्रधान पर यह आरोप लगाते हुए चकमार्ग की पटाई कार्य को रोकवा दिया कि ग्राम प्रधान एक तरफ से ज्यादा व एक तरफ से कम जमीन ले रहे हैं। पटाई कार्य रोकने के बाद प्रधान की सूचना पर उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह मौके पर पहुंचे और काश्तकारों को समझा कर कार्य फिर से शुरू कराया है। जबकि एक काश्तकार सुरेश पुत्र श्रीराम को पुलिस अपने साथ थाने ले गई है। चकमार्ग के दोनों तरफ बाबूराम, संतराम, राम सकल, सुरेश, श्रीकांत सहित दर्जनों किसानों का चक है।


चकमार्ग का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह।

**ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाया यह आरोप**

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा चकमार्ग के एक तरफ कम व एक तरफ ज्यादा जमीन लेकर मार्ग की पटाई कराया जा रहा है। जबकि प्रधान का कहना है कि चकमार्ग की पैमाइश दर्जनों बार हो चुकी है। चकमार्ग सही स्थान पर पटाया जा रहा है। उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि किसी भी कास्तकार के साथ गलत नहीं होगा। चक मार्ग की पटाई जनहित का कार्य है, अगल-बगल के काश्तकारों को समझा बुझा कर हल निकाला लिया गया है। चक मार्ग की पटाई कराई जा रही है।

### महिला ने ट्रेन के सामने कूद कर दी जान

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। तीन बच्चों की मां ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला गुरुवार दोपहर बाद का है। मालीपुर थाना क्षेत्र के भिस्वा चितौना गांव निवासी मुन्नीलाल की बेटी किरन का विवाह जलालपुर कोतवाली अंतर्गत नंदेसर गांव राकेश कुमार के साथ हुआ था, जिसके दो पुत्री और एक पुत्र था। गुरुवार दोपहर नंदेसर से सीधे मालीपुर पहुंच कर ट्रैक पर काम कर रहे मजदूरों के पास खड़ी होकर देखने लगी। इतने में जैसे ही कार्य में लगी हाई स्पीड ट्रेन चालू होकर पहुंची उसी के सामने महिला कूद गयी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौत का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** सरदार नगर में रेक हैंडलिंग प्लेटफार्म सतह का सुधार, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2023-220, **अनुमानित लागत (₹)** : 4,77,94,599/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹)** : 3,89,000/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 21.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 06 माह। **कार्य का नाम :** कुम्भ मेला-2025 के संबंध में प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी में हाईड्रेन्ट, शौचालय/पाइप लाइन आदि के साथ अस्थायी यात्री शेड का प्रावधान, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2023-221, **अनुमानित लागत (₹)** : 4,07,60,741/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹)** : 3,53,800/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 21.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 12 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-220 से एनईआर-बीएसबी-2023-221 दिनांक 21.02.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी

मुजाधि/डब्ल्यू-525

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**


# डीएम ने सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

- बस स्टेशन से पटेल तिराहे तक की सड़क के दोनों तरफ होगा चौड़ीकरण, बनेंगे डिवाइडर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में डीएसटीओ अनुपम सिंह।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप और विश्व प्रसिद्ध अयोध्या धाम का अभिन्न अंग होने के कारण जनपद में भी पर्यटन औद्योगिक विकास सहित रोजगार के अवसर आदि के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद चौमुखी विकास कर रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में बस स्टेशन से पटेल नगर तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के संबंध में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सौरभ सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत अकबरपुर अनूप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बीना सिंह सहित अन्य अधिकारियों से सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के संबंध में वार्ता किया। उन्होंने निरीक्षण के बाद अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी व अधिशासी अभियंता विद्युत अकबरपुर को सड़क के चौड़ीकरण और सौंदरीकरण के लिए आकलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि बस स्टेशन से पटेल तिराहे तक की सड़क को वर्तमान सड़क से दोनों तरफ 3.5 मीटर चौड़ा किया जाएगा। सड़क के बीच में डिवाइडर बनाए जाएंगे। इसके साथ ही यूटिलिटी डक्ट का भी निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर और न्यायालय परिसर के बीच हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

**इलेक्ट्रिक पोल और नाली का होगा निर्माण**

फोरलेन के मध्य में डिवाइडर का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें इलेक्ट्रिक पोल लाइट लगाई जाएगी और फोरलेन के किनारे नाली व अंदर ग्राउंड विद्युत केबल डालने के लिए यूटिलिटी डक्ट का निर्माण कराया जाएगा। किनारे पटरी पर इंटरलॉकिंग का प्राविधान किया गया है। फोर लेन की चौड़ाई 7.50-7.50 मीटर दोनों तरफ और बीच में 1.50 मीटर चौड़ा मीडियन बनाया जाएगा।

## सर्वे कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने लगाई फटकार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में तहसीलवार एग्री स्टैक की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपनिदेशक कृषि ने बताया कि अब तक जनपद के 126 गांव का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है और 510 गांव में सर्वे किया जा रहा है। कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने द्वारा कड़ी नाराजगी जाहिर की और उन्होंने तहसीलवार सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेयर की संख्या बढ़ाई जाए। जिससे यथाशीघ्र सर्वे का कार्य पूर्ण कराया जा सके। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, समस्त एसडीएम, समस्त तहसीलदार, डीसी मनरेगा सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### माध्यमिक शिक्षक संघ का वार्षिक चुनाव आज

अंबेडकरनगर। माध्यमिक शिक्षक संघ का वार्षिक चुनाव शुक्रवार को 11 बजे से बीएन इंटर कॉलेज में संपन्न होगा। मंडलीय जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वार्षिक चुनाव, शैक्षिक संगोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षकों को एक दिन का विशेष अवकाश स्वीकृत रहेगा।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं बब्बन पुत्र शिव राम निवासी गंगवल थाना विशेश्वरगंज तहसील पयागपुर जिला बहराइच का हूं। मेरे पुत्र विक्की पुत्र बब्बन का चाल चलन काफी खराब है तथा वह काफी गलत काम करता है। जिस कारण काफी सोच विचार करके मैं अपने लड़के को अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अब मेरा किसी भी प्रकार का लेनदेन और संबंध विक्की से नहीं रहेगा। -बब्बन पुत्र शिव राम, निवासी- गंगवल, तहसील- पयागपुर, जिला बहराइच


### अभियान चलाकर 16 वाहनों का काटा चालान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद में गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई। वहीं किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 290 वाहनों को चेक कर 16 वाहनों का चालान काटा गया।

# महिला धोखाधड़ी की हुई शिकार केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मोबाइल पर बेरोजगार महिला ने विज्ञापन देख कर रोजगार की जुगत लगायी। लेकिन दाव उल्टा पड़ गया और हजारों रुपए के ठगी का शिकार हो गई। पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायत दर्ज करायी है।

बता दें कि कोतवाली अन्तर्गत उस्मापुर नगपुर की संध्या यादव ने नटराज पेंसिल कंपनी में पैकिंग कर हजारों रुपए कमाने का विज्ञापन मोबाइल पर देखा। उसने विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन किया तो काल रिसीवर ने नटराज पेंसिल कंपनी में पैकिंग करने के नाम पर 620 रुपए फोन-पे करने की बात कही। बेरोजगार महिला इन ठगों के झांसे में आते हुए उसने 620 रुपए उसके खाता में ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद कंपनी वालों ने बताया कि 620 रुपए में आपका पंजीकरण कंपनी में कर लिया गया है। कंपनी पैकिंग के लिए आपको माल भेजेगा। उस माल की सिक्योरिटी के लिए इसी नंबर पर 2599 रुपए फोनपे कर दीजिए। इस 2599 रुपए में से 99 रुपए कट जाएगा शेष 2500 रुपए आपके कमीशन के साथ खाता में भेज दिया जाएगा। बेरोजगार महिला ने फिर पैसे भेजे दिए। ऐसे उसने कुल 36000 रुपए भेजे। अब जब महिला फोन कर रही है तो वह फोन स्विच ऑफ बता रहा है। पीड़िता संध्या यादव गुरुवार को कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर दिया। कोतवाल दर्शन यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात नाम पर केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

**अभियान** गांव चलो अभियान के तहत मंडलों की कार्यशाला का किया गया आयोजन

# योजनाओं का जनता उठा रही लाभ : त्रयंबक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


मंडल कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

**अमृत विचार।** भाजपा ने अपने नेताओं को गांव चलो अभियान के तहत 4 फरवरी से 11 फरवरी तक 24 घंटे की प्रवास पर जाने की योजना के अंतर्गत पिछले दिनों जिला कार्यशाला आयोजित किया था। भाजपा ने गुरुवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया के संयोजन में मंडलों की कार्यशाला आयोजित किया।

भाजपा क्षेत्रीय मंत्री जिला प्रवासी विनोद कुमार ने भियांव की कार्यशाला में कहा कि भाजपा सरकार ने अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम लला की भव्य मंदिर निर्माण, कश्मीर में धारा 370 और 35ए की समाप्ति और नारी वंदन कानून बना कर मातृ शक्ति को जो मान और सम्मान दिया है, वह अपने आप में अद्वितीय है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मंडल की कार्यशाला में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने जिस तरह से आजादी के बाद गांवों और ग्रामीणजनों का ऐतिहासिक विकास किया है, उसकी तुलना किसी भी पार्टी की सरकार से नहीं किया जा सकता है। भाजपा की दोनों सरकारों ने प्रत्येक गांव को पक्के सड़क मार्ग से जोड़ने, विद्युतीकरण, बेघर गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण और अमृत सरोवरों का निर्माण, बालिका सशक्तिकरण सहित अन्य दर्जनों सरकारी योजनाओं से ग्रामीण जनता लाभ उठा रही है।

**इन्होंने भी मंडल कार्यशाला को किया संबोधित**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि सद्दरपुर मंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, भीटी मंडल में पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, केदार नगर में रमेश चंद्र गुप्ता, जलालपुर नगर और सोनगांव में डॉ. रजनीश सिंह, राजे सुल्तानपुर व जहांगीरगंज में अमरेंद्र कांत सिंह, गोविंद साहब में सुरेश कन्नौजिया, कटेहरी में बाबा राम शब्द यादव, अकबरपुर नगर व टांडा नगर में दिलीप पटेल देव, मालीपुर व नेवादा में पंकज वर्मा, खजुरी में दीपक तिवारी, बसखारी व जीवत में शिव पूजन राजभर, राम नगर में अमित गिरि, श्रवण क्षेत्र में विनय पाण्डेय, कुर्की में रघु नंदन राजभर ने मुख्य अतिथि के रूप में मंडल कार्यशाला को संबोधित किया।




## एक नजर

### कुलाबा की बैठक में किसानों से किया संवाद

**करनैलगंज, गोंडा :** विकासखंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत पूरेथान उमरिया में बृहस्पतिवार को कुलाबा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष सचिव डॉ. हीरालाल ने किसानों के साथ संवाद स्थापित करते हुए सिंचाई परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत सरयू नहर परियोजना फेस 3 के तहत हर खेत को पानी पहुंचाने का एवं विकास कार्यों की समस्याओं के साथ-साथ किसानों की समस्याओं, सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार व किसानों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए बैठक को संबोधित किया। बैठक में सरयू नहर परियोजना के अधिकारियों के साथ-साथ ब्लॉक के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन डॉ. हीरालाल ने किसानों से सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जानकारी लिया और हर खेत को नहर के माध्यम से पानी दिलाए जाने का भरोसा दिया। इसी के साथ ही ब्लॉक स्तर से खिचड़ी भोज कभी आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने भोजन किया और ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सुविधाओं से किसानों को लाभ दिलाने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर सरयू नहर परियोजना, विकासखंड स्तर से खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# किसी ने जमकर की सराहना तो किसी ने बताया जन विरोधी

## केंद्र के अंतरिम बजट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया, दिखे अलग-अलग मत




गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** चुनावी मोड पर खड़ी केंद्र की सरकार ने गुरुवार को अपना अंतरिम बजट पेश किया। लोगों को उम्मीद थी पीएम किसान निधि की धनराशि सरकार बढ़ा सकती है। टैक्स स्लैब में कुछ छूट और मिल सकती है।

महिलाओं को समृद्ध बनाने के लिए कोई और व्यवस्था की जा सकती है। लेकिन सरकार ने पुराने बजट को ही आगे बढ़ाया जिससे अब तक लोगों को लाभ हो रहा था। इस पर विभिन्न दलों व विशेषज्ञों के अलग-अलग मत दिखे।

### बजट उत्साहवर्धक



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट को उत्साहवर्धक बताया। बजट में युवा, गरीब, महिला एवं किसानों को प्राथमिकता दी गई है। शिवकुमार सोनी ने कहा कि आयकर छूट 7 लाख तक पूर्ण टैक्स मुक्त किए जाने, 1 लाख करोड़ के ब्याज मुक्त ऋण के लिए फंड बनाए जाने से नये उद्यमियों और व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापारियों की सुगमता के लिए 2009-2010 तक बकाए 25000/ तथा 2010 से 2014 तक 10000/ डायरेक्ट टैक्स की मांग को समाप्त किया गया।

**-शिव कुमार सोनी**, जिला महामंत्री अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गोंडा।

### युवाओं के लिए निराशाजनक



वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया है। उसमें रोजगार को लेकर कुछ भी नहीं है। युवाओं के लिए सरकार की ओर से रोजगार देने की पहल पर एकदम ध्यान नहीं दिया गया है। युवाओं के लिए यह बजट कुछ खास नहीं है। **- गोविंद नारायण तिवारी, युवा,**

### बजट पूंजीपतियों का हितैषी



वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया अंतरिम बजट 2024 आम जनता के लिए घोर निराशाजनक है। पेश किए गए बजट में महंगाई से जूझ रहे किसानों, बेरोजगार युवाओं, संविदा कर्मियों की उपेक्षा की गई है। **- प्रमोद मिश्रा,** जिलाध्यक्ष कांग्रेस

### हाथ में सिर्फ निराशा



अंतरिम बजट किसानों मजदूरों छात्रों नौजवानों और मध्यम वर्ग के दुकानदारों के लिए निराशाजनक भरा बजट है जिसमें इन तमाम वर्गों के लिए कुछ नहीं है। चूंकि भारत देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार अभी भी कृषि क्षेत्र और उसके एलाइड उद्योगों पर आधारित है बजट ने बहुत ही निराश किया गया। **- कौशलेंद्र पांडेय, जिला सचिव भाकपा**

### किसान थे आशान्वित



बजट में किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। महंगाई चरम पर है। सिंचाई का खर्च पर दिन बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज पर सरकार को छूट देनी चाहिए थी। किसानों के लिए कुछ नहीं है। **- राजेंद्र प्रसाद तिवारी,** किसान

# राम विलास वेदांती की अगुवाई में निकाली गई भव्य कलशयात्रा



यात्रा की अगुवाई करते राम विलास वेदांती। अमृत विचार

खरगूपुर, गोंडा

**धर्मकर्म**

- **आज से शुरू होगी श्री शिव महापुराण की कथा**

**अमृत विचार:** सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के शुरुआत से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। क्षेत्र के ग्राम चतुर्भुज वा स्थित चतुर्भुजी मंदिर परिसर में शुक्रवार से सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा अमृत का शुभारंभ होगा। कथा से पूर्व गुरुवार को खरगूपुर कस्बा होते हुए पृथ्वीनाथ मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं सहित अन्य लोग शामिल रहे।

आयोजक समिति के संतोष घनश्याम शुक्ला तथा अवनीश शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार से शुरू होने वाले सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा को कथा व्यास डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज द्वारा संगीतमय कथा का श्रवण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से दिन में एक बजे से शाम चार बजे तक कथा का कार्यक्रम होगा। श्री शिव महापुराण कथा के एक दिन पूर्व गुरुवार को निकाला गया भव्य कलश यात्रा में प्रमुख रूप से रामकृपाल शुक्ला अरुण कुमार शुक्ला बृजमोहन मिश्रा रमा शंकर शुक्ला बाजा सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कलश यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

# गोंडा के लोलपुर में खुलेगा फाइव स्टार ताज होटल



लोलपुर गांव में जमीन देखते ताज ग्रुप के अधिकारी। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा:** भगवान श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विश्व स्तर पर पर्यटन के रूप में विकसित हो रहे अयोध्या में ताज ग्रुप ताज होटल खोलने की तैयारी पूरी कर ली है।

गुरुवार को क्षेत्र के लोलपुर गांव में ताज होटल के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश विदेश में प्रतिदिन लाखों की संख्या में राम भक्त दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। राम भक्तों को अयोध्या में ठहरने के लिए ताज ग्रुप ने होटल बनाने की सभी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी को होटल निर्माण का काम शुरू कर दिया जायेगा।

ताज ग्रुप के अधिकारियों ने कहा कि करीब पौने आठ एकड़ में यह होटल बनेगा जिसमें हर सुविधा से युक्त चार सौ कमरे होंगे। होटल बनने से पर्यटकों को रहने की सुविधा के साथ तमाम लोगों को रोजगार की मिलेगा। बैठक में लोलपुर प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह, शैलेष पांडेय, यज्ञेश पांडेय, महेश पांडेय, अंकित सिंह, दीपक सिंह, रघुनायक शुक्ला, महेश पांडेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बारूद भरा लड्डू खाते ही विस्फोट, सुअर की मौत

**नवाबगंज, गोंडा:** बारूद भरा लड्डू खाने से एक जंगली सुअर की मौत हो गई। एक बछड़ा भी घायल हो गया0। ग्रामीणों ने थाने पर शिकायत की है। थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के मैदानी क्षेत्रों में कुछ लोग सुअर का शिकार करने के इरादे से बारुद भरा लड्डू बनाते हैं जिसमें सुगंधित केमिकल तथा ऊपर से आटे का प्रयोग करते हैं। उस लड्डू को रात्रि में खेतों में ऐसी जगह रख देते हैं जहां से जंगली सुअरों का आना जाना होता है। सुअर इसे खने की चीज समझ कर जैसे ही मुंह में भरकर चबाते हैं यह विस्फोट हो जाता है और वह घायल होकर छटपटाने लगता है जिसे शिकारी तुरंत पकड़ लेते है। हरिहरपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उनके गांव के पास कुछ मंगता जाति लोगों ने अपना डेरा लगा रखा है। उनमें से दीपू, रिंकू सहित कई लोगों ने बीते शुक्रवार की रात्रि में बारूद लड्डू खेतों में रखा था। जिससे एक सुअर घायल हो गया।

# बीईओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

## साफ-सफाई व मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश

बेलसर, गोंडा



उप्रावि जानकीनगर में अभिलेखों की जांच करतीं खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा।

**अमृत विचार:** खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने परसपुर क्षेत्र के सात विद्यालयों का निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने परसपुर क्षेत्र के दुल्लापुर डीह, खरगू चांदपुर प्रथम, खरगू चांदपुर द्वितीय, खरगू चांदपुर, नकहा, जगतपुर, प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर, उच्च प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, निपुण विद्यालयों में निपुण छात्र बढ़ाने का निर्देश दिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर में प्रधानाध्यापक कृष्ण नारायण तिवारी से पंजीकृत छात्र संख्या के सापेक्ष उपस्थित छात्रों की जानकारी मांगी। उन्होंने बताया कि कुल पंजीकृत छात्र संख्या 106 है जिसके सापेक्ष 45 उपस्थित है। बताया कि मौसम खराब होने के कारण आज उपस्थिति प्रभावित है।

# बोर्ड परीक्षा: सिक्योरिटी सिस्टम से लैस होंगी उत्तर पुस्तिकाएं

## पेजिंग के साथ हर पेज पर होगा क्यूआर कोड, धागे से होगी सिलाई, जिले में पहुंची हाईस्कूल व इंटर की पुस्तिकाओं की खेप

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा को नकल मुक्त बनाने की दिशा में माध्यमिक शिक्षा परिषद ने उत्तर पुस्तिकाओं में कई बड़े बदलाव किए हैं। इस बार उत्तर पुस्तिकाओं को सिक्योरिटी सिस्टम से लैस किया गया है। उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पेज की नंबरिंग की गयी है और उन्हें क्यूआर कोड से लैस किया गया है। इसके अलावा इस बार कापियों को स्टेपल नहीं किया जाएगा बल्कि वह धागे से सिली हुई होंगी।




यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल अब बीते जमाने की बात हो गयी है। प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठन के बाद बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिये कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इसका परिणाम भी दिख रहा है। परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है तथा उनकी सुरक्षा के लिये भी अब कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

### 40 से अधिक छात्र पर तैनात होंगे तीन कक्ष निरीक्षक

बोर्ड परीक्षा के दौरान एक कमरे में 40 से 60 परीक्षार्थी बैठने की व्यवस्था होती है।परीक्षार्थियों की निगरानी के लिए प्रत्येक कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक लगाए जाते हैं, लेकिन इस बार एक कमरे में 40 से अधिक छात्र होने पर तीन कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की जायेगी।एक कमरे में 60 से अधिक छात्र नहीं बैठाए जायेंगे।

परीक्षा की निगरानी के लिए कक्ष निरीक्षक और उड़ाका दल के अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती होती है। पिछले वर्ष से प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए डबल लॉक सिस्टम और उन्हें केंद्रों तक पहुंचाने के लिए जीपीएस लगे वाहनों की व्यवस्था की गयी है। इन तमाम सुरक्षा इंतजामों के बावजूद उत्तर पुस्तिका बदलने और उसमें नए पन्ने जोड़ने की शिकायत बोर्ड कार्यालय तक पहुंची थी।

इस पर अंकुश लगाने को लेकर अब उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के इंतजाम भी किए जा रहे हैं। सुरक्षा के इस क्रम में माध्यमिक शिक्षा परिषद इस बार फिर से एक बड़ा बदलाव लेकर आया है। बोर्ड ने इस बार उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इस बार की परीक्षा में परीक्षार्थियों को दी जाने वाली उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पन्ने की पेजिंग कराया गयी है और उन्हें क्यूआर कोड से लैस किया गया है। पन्नों को आसानी से अलग न किया जा सके इसके लिए इस बार उत्तरपुस्तिका की सिलाई धागे से करायी गयी है। सप्लीमेंट्री कॉपी पर भी क्यू आर कोड के साथ पेजिंग रहेगी।

> उत्तर पुस्तिकाओं की पहली खेप जिले में आ गई है। हाई स्कूल की 60% व इंटरमीडिएट की 10% उत्तर पुस्तिकाएं मिल गई हैं। कुछ प्रश्न पत्र भी आ गए हैं। इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू की जा रही है। प्रत्येक पन्ने पर क्यूआर कोड अंकित होगा। इस कोड के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को बदला जाना संभव नहीं होगा।
>
> **-राकेश कुमार,** जिला विद्यालय निरीक्षक

# पत्नी की पिटाई करने पर पति गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा:** पत्नी को मारने पीटने के आरोप में कौड़िया की पुलिस ने उसके पति कोतवाली देहात के चिलबिला खत्तीपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण मौर्य को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी दारोगा प्रतीक कुमार पांडेय व आरक्षी अनुज कुमार द्वारा की गई है।

# 13 नेत्र रोगियों का हुआ इलाज

**रुपईडीह, गोंडा:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। चिकित्साधीक्षक डॉक्टर जीएम चिश्ती ने बताया कि इस शिविर में नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम द्वारा विभिन्न गांवों को मिलाकर 88 नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच के बाद 13 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन सभी का आगामी आठ फरवरी को ऑपरेशन कराया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर लगाए गए नेत्र चिकित्सा शिविर में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और सभी ने बारी-बारी से अपना चेकअप करवाया। चिकित्सकों की टीम ने भी मरीजों का अच्छी तरह स्वास्थ्य जांचा और उन्हें उचित परामर्श भी दिया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# खेल स्वस्थ मस्तिष्क और शरीर के लिए है आवश्यक: गौरव सिंह



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गौरव सिंह।

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शारीरिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। खेल के माध्यम से शरीर को स्वस्थ तो रखा ही जाता है इसके साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है। उक्त बातें विकासखंड पंडरी कृपाल के तुर्काडीहा गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन के मौके पर समाजसेवी व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गौरव सिंह ने कहीं।

उन्होंने कहा कि खेल से मन मस्तिष्क सही रहते हैं युवाओं के लिए खेल आवश्यक है। यदि व्यक्ति को स्वस्थ रहना है तो खेल को जीवन शैली में लाना होगा। उन्होंने कहा कि खेल से सामाजिक समरसता भी फैलती है लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं। खेल समाज को जोड़ने का काम करती है खेल को खेल भावना से लेना चाहिए। खेल आपसी जुड़ाव का माध्यम होता है सभी लोगों को सहभागी बनना चाहिए।

उद्घाटन मैच तिवारी पुरवा व जानकी नगर टीम के बीच खेला गया। जिसमें तिवारी पुरवा की टीम विजई रही। टूर्नामेंट के उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया तथा फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान राजबहादुर वर्मा सूर्यनारायण मिश्रा, बृजेश मिश्रा, आयोजक विनय तिवारी, विजय मिश्रा, चंद्र मोहन पांडे, विकास, अमर तिवारी सहित काफी संख्या में खिलाड़ी व ग्रामीण मौजूद रहे।



## एक नजर

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बभनजोत, गोंडा :** गौरा चौकी बभनान मार्ग स्थित रेडवलिया गांव के पास बाइक व पिकअप में हुई भिड़ंत में बाइक सवार घायल हो गया। बृहस्पतिवार को गौरा चौकी बभनान मार्ग पर रेडवलिया गांव के पास गौरा चौकी की तरफ से आ रहा बाइक सवार सामने से आ रही पिकअप से टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची खोड़ारे पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए भेजा। इस संबंध में गौरा चौकी चौकी प्रभारी दिनेश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के कूकनगर ग्रांट निवासी शिवकुमार वर्मा (35) का गौरा चौकी बभनान मार्ग पर पिकअप से टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा मंडल की बैठक आज

**रुपईडीह, गोंडा :** भाजपा मंडल कौड़िया के कार्यकारिणी समिति की बैठक कल दो फरवरी को मंडल कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। मंडल के अध्यक्ष अनंत राम शुक्ल ने बताया कि इस बैठक के लिए मुख्य अतिथि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में ग्राम जोड़ो अभियान को सफल बनाए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी।

### नजूल की जमीन कब्जा करने की शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सेवा समिति ने अधिशासी अधिकारी व नगर चौकी प्रभारी को पत्र देकर नजूल की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग की है। पत्र में कहा है कि गुरुद्वारा परिसर के पीछे अमित चौरसिया पुत्र विजय चौरसिया ने बिना नगर पालिका परिषद की अनुमति व बिना नक्शा पास कराए ही अवैध रूप से निर्माण कराकर अब तालाब की नजूल भूमि को कब्ज़ा करने की नियति से अनावश्यक रूप से एक गेट जबरदस्ती लगवा रहे हैं। पत्र में गुरुद्वारा कमेटी के सचिव जोगिंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

### स्कूल में बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें शिक्षक

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कंपोजिट व प्राथमिक विद्यालय पिपरा चौबे द्वितीय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से छात्र-छात्राओं के नाट सीडेड खातों, आधार विहीन छात्र-छात्राओं के आधार निर्गत करने व छात्र-छात्राओं की यूडाइस फीडिंग के बारे में जानकारी लेते हुए विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम से कम 70 प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने के लिए अभिभावकों से नियमित रूप से संपर्क करने का निर्देश दिया ताकि स्थिति में तेजी से सुधार किया जा सके।

# आरगा उत्पादों की ब्रांडिंग में जुटीं मुख्य विकास अधिकारी

## आरगा शक्ति कैफे में की चाय पार्टी, खुद चुकाया बिल, ली सेल्फी, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को सराहा, मदद का दिया भरोसा


शक्ति कैफे की महिलाओं के साथ सेल्फी लेतीं सीडीओ एम. अरुन्मौलि। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालयः** महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की सीडीओ की पहल रंग ला रही है। जिले के विकास भवन परिसर में संचालित आरगा स्टोर एवं शक्ति कैफे अब रफ्तार पकड़ रहा है।

गुरुवार को सीडीओ ने इस कैफे की व्यवस्था का निरीक्षण किया और अफसरों व कर्मचारियों संग कैफे में दोपहर की चाय पार्टी की। उत्पादों की गुणवत्ता की तारीफ करते हुए सीडीओ ने इसका संचालन रही गणेश प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की संचालिका विभा श्रीवास्तव को शाबाशी दी। चाय पार्टी के बाद उन्होंने बिल अदा किया और सेल्फी लेकर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।

स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिले की सीडीओ एम अरुन्मौलि जुटी हुई हैं। सीडीओ की व्यक्तिगत रुचि और उनके सहयोग से महिलाओं में जागरूकता आई है। महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए सीडीओ ने आरगा ब्रांड का नाम दिया है। इसी के तहत विकास भवन परिसर में आरगा स्टोर एवं शक्ति कैफे का संचालन भी हो रहा है। शक्ति कैफे के संचालन की जिम्मेदारी परसपुर ब्लाक के खरगूपुर गांव के गणेश प्रेरणा स्वयं सहायता समूह को मिली है। समूह की महिलाएं ही इस कैफे का संचालन कर रही हैं। कैफे में तैयार उत्पादों की गुणवत्ता को परखने के लिए बृहस्पतिवार को सीडीओ एम अरुन्मौलि ने जिला विकास अधिकारी सुशील श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक चंद्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे व डीसी एनआरएलएम जनार्दन प्रसाद यादव समेत विकास भवन के कर्मचारियों के साथ इस कैफे में चाय पार्टी की। समूह की तरफ से तैयार किए गए उत्पादों की गुणवत्ता को परखा और उनकी तारीफ की। उन्होंने पूरी पार्टी का बिल चुकाया और कैफे संचालिका विभा श्रीवास्तव, मंजू व शबाना के साथ सेल्फी भी ली। सीडीओ ने अफसरों को इस कैफे के विकास में सहयोग के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान मनरेगा कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक सुधीर कुमार सिंह, नीलांबुज समेत अन्य मौजूद रहे। खरगूपुर के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय बहादुर तिवारी ने सीडीओ की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समूह से महिलाओं को तरक्की की नई राह दिखा रहीं हैं और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### आरगा ब्रांड और पैकेजिंग से समूहों को मिल रहा लाभ

शक्ति कैफे के संचालन को लेकर सीडीओ एम अरुन्मौलि ने कहा कि महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने पिछले जून महीने में आरगा ब्रांड की शुरूआत की थी। सीडीओ ने कहा कि ब्रांडिंग के पहले समूह की बिक्री साल में पांच सौ रुपये के आसपास थी लेकिन अब आरगा ब्रांड मिलने के बाद यह बढ़कर प्रतिदिन दो हजार रुपये के करीब पहुंच गयी है। ब्रांडिंग के साथ साथ इन उत्पादों की पैकेजिंग को बेहतर बनाया जा रहा है और बाजार में उपलब्ध उत्पादों की कमियों की जांच कर उनकी गुणवत्ता में सुधार किया जा रहा है। उसका लाभ भी मिल रहा है।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

**करनैलगंज, गोंडाः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हड़िया गाड़ा निवासी अंकित सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। जिसमे रवि सिंह, अंकित सिंह व संतोष सिंह निवासी ग्राम हड़ियागाड़ा का नाम शामिल है। तहरीर मे कहा गया है कि वह अपने ससुराल गया था। जहां से बीते 29 जनवरी की शाम करीब 8 बजे वह वापस घर आ रहा था। वह गांव के पास पहुंचा ही था कि पुरानी रंजिश को लेकर पहले से घात लगाए बैठे तीनो आरोपी उसे गाली देते हुए मारने लगे। हल्ला गुहार पर गांव के लोग दौड़े जिस पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपीगण चले गए। तब तक वह चोटिल हो चुका था।

# लोकसभा चुनाव में 400 सीट का लक्ष्य पार करने का लिया संकल्प

## भाजपा ने गोंडा और कैसरगंज में लोकसभा चुनाव का केंद्रीय कार्यालय खोला

गोंडा कार्यालय

- प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया उद्घाटन


चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री धर्मपाल सिंह।

**अमृत विचारः** सपा ने जहां प्रदेश में अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शुरू कर दी है तो भाजपा ने भी चुनाव मैदान फतह करने के उद्देश्य से चुनाव कार्यालयों को खोल दिया है। करनैलगंज में कैसरगंज लोकसभा का केंद्रीय कार्यालय खुल गया तो गोंडा में भी एक चुनाव कार्यालय बनाया गया है। दोनों चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया।

आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर के 59-लोकसभा क्षेत्र गोंडा एवं 57-लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडल के क्लस्टर इंचार्ज एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सभी एक विचारधारा आधारित पार्टी के कार्यकर्ता हैं। केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर आज लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में हमे शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्धारित 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्पों को पूरा करने के लिए हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता संकल्पित हैं। जब तक हम पंडित दीनदयाल जी के अंतोदय के सपने को साकार नहीं कर लेते तब तक कोई भी कार्यकर्ता विश्राम नहीं करेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप गोंडा लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक रामनगर शरद अवस्थी, कैसरगंज लोकसभा संयोजक अकबाल बहादुर तिवारी, गोंडा लोकसभा संयोजक डॉक्टर रंजन शर्मा ने कार्यालय के उद्घाटन पर अपने-अपने विचार रखे। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में लोकसभा कार्यालयों का एक साथ उद्घाटन किया गया है। आज के इस चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही दोनों लोकसभा क्षेत्र के चुनाव प्रबंधन समिति की पहली बैठक भी हुई। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति द्वारा समस्त कार्यों का संपादन इन्हीं कार्यालय से किया जाना है।

लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के साथ ही लोकसभा एवं विधानसभा वार तैनात सभी विस्तारकों के साथ भी मंत्री धर्मपाल सिंह ने बैठक की। प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेश नारायण तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, महामंत्री आशीष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, महेंद्र सिंह, कर्नलगंज अध्यक्ष रामजी लाल मोदनवाल, मनकापुर अध्यक्ष दुर्गेश सोनी, खरगूपुर अध्यक्ष राजीव रस्तोगी, केके श्रीवास्तव, राजा बाबू गुप्ता, संदीप पांडे, प्रदीप मिश्रा, मनीष द्विवेदी, अविनाश जायसवाल, शशांक मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीना राय राजभर, शाहिद भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोलियां

**बेलसर, गोंडा :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। शौचालय को साफ रखें सदैव हाथ साबुन से धोकर ही खाना खाएं। साथ ही सब्जियों और फलों को अच्छी तरह धोकर ही खाएं एवं भोजन पूर्णता पका हुआ ग्रहण करें। उन्होंने आगे कहा कि आप सब छात्र-छात्राएं एल्बेंडाजोल की गोलियों का सेवन अनिवार्य रूप से करें तथा दूसरे बच्चों को भी दवा लेने के लिए प्रेरित करें। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एल्बेंडाजोल अति आवश्यक है। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एल्बेंडाजोल अति आवश्यक है। इस अवसर पर सुग्रीव प्रसाद, चंद्रशेखर, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, उमेश चंद्र गुप्ता, मोहम्मद यूनुस, लक्ष्मी नारायण मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## पोल से टकराई कार, 15 गांवों की बत्ती गुल


कार की टक्कर से धराशायी बिजली का पोल। अमृत विचार

**रुपईडीह, गोंडाः** बुधवार की रात लखनऊ से बलरामपुर की तरफ जा रही कार कौड़िया थाना क्षेत्र के बनगाई गांव के निकट अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से अचानक टकरा गई। कार के टकराने से बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया और 15 से अधिक गांवों की बिजली गुल हो गयी। हादसे में कार चालक मामूली रूप से जख्मी हुआ है।

ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत उपकेंद्र आर्यनगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह ने लाइनमैन रघुनाथ मिश्र के साथ पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी हासिल की। जेई ने बताया कि इस घटना से क्षेत्र के उमरा, हरखापुर, गुरुदियापुर, बनगांई, पूरे पाठक अड़बड़वा खम्हरिया आदि गांवों को मिलाकर 15 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इस घटना के बारे में विभागीय अधिकारियों से वार्ता करने के बाद पुलिस को तहरीर दी जाएगी। क्षेत्र में ठप पड़ी बिजली व्यवस्था को शीघ्र ही बहाल किए जाने के लिए लाइन की मरम्मत की जा रही है। हालांकि इसमें 24 घंटे से अधिक का समय लग सकता है। इसलिए उपभोक्ताओं को शुक्रवार तक इंतजार करना होगा। शुक्रवार तक सभी गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी। वहीं थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिली है लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गोसाई पुरवा की टीम ने जीता मैच

**रुपईडीह, गोंडाः** ग्रापं चौहट्टा में छह दिनों से हो रही क्रिकेट स्पर्धा का फाइनल मैच गुरुवार को तिरछा व गोसाई पुरवा की टीम के मध्य खेला गया। तिरछा की क्रिकेट टीम के कप्तान अर्पित वर्मा की अगुवाई में खिलाड़ियों ने पहले बैटिंग कर 79 रन बनाये। जवाब में गोसाई पुरवा की टीम ने कैप्टन उमाकांत गोस्वामी की अगुवाई में बिना विकेट खोए पांच ओवर में 80 रन बनाकर मैच जीत लिया। पूर्व ग्राम प्रधान मैनुद्दीन खान ने बताया प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 11 हजार तथा द्वितीय को पांच हजार एक सौ रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कुलदीप पहलवान, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, बब्बन आदि रहे।

## 26 शिक्षकों का वेतन किया गया बहाल

**गोंडा कार्यालयः** यू डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल डाटा अपलोड न करने के मामले को लेकर कार्रवाई की जद में आए 26 अध्यापकों को राहत मिल गयी है। डाटा फीडिंग कार्य प्रारंभ किए जाने के बाद बीएसए ने इन शिक्षकों का वेतन बहाल कर दिया है। बीएसए ने तीन दिन पहले 34 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित कर दिया था और सभी को 31 जनवरी तक डाटा फीडिंग का कार्य पूरा करने का निर्देश पर दिया था। इस कार्रवाई के बाद शिक्षकों में हलचल मच गई थी। आनन फानन में डाटा फीडिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया। कार्य प्रारंभ करने वालों में बभनजोत ब्लाक का प्राविे गौरा चौकी, बेलसर के पूरे अर्जुन, छपिया के दरियापुर व मसकनवा, करनैलगंज का प्रावि प्रहलादगंज, तरहटा, हलधरमऊ का जूनियर हाईस्कूल ऊंचे पुरवा, सुमेरपुर, काशी सिंह पुरवा व पड़रिया झंझरी का जूनियर हाई स्कूल गुलरिहा, जानकी नगर, कन्या प्राथमिक स्कूल ठोरहंस, मनकापुर का जूनियर हाईस्कूल चौबेपुर कटवा, प्रावि दतौली नवीन तथा बैरीपुर द्वितीय, मुजेहना का प्रावि शिवदयाल खरिहा, कोल्हुआ, छेदाजोत, बनकसिया शिव रतन सिंह द्वितीय, परसपुर के प्रावि ताराचंद दुबे पुरवा, तरबगंज का जूनियर हाईस्कूल पुरवारडीह, पिपरी रोहुआ, जमथा, चांदीपुर व प्रावि भैंसासुर का नाम शामिल है। बीएसए ने बताया प्रधानाध्यापकों ने कार्य प्रारंभ किए जाने की रिपोर्ट भी उपलब्ध करा दी है।

# खादी-ग्रामोद्योग विकास में मील का पत्थर


सांस्कृतिक निदेशक डा. रेखा शर्मा को सम्मानित करते खादी ग्रामोद्योग के अधिकारी।

**गोंडा कार्यालयः** खादी कपास से बना एक सूत स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में परिणित होकर देश को एकता की सूत्र में पिरोने वाला मजबूत स्तंभ बना। उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के विज्ञान संकाय में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग गोरखपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम/ सेमिनार में प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडे ने कही।

विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार सिंह परि क्षेत्रीय खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी देवीपाटन मंडल ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग को देश के विकास में मील का पत्थर बताया। साथ ही सांस्कृतिक निदेशक डॉक्टर रेखा शर्मा को सराहनीय सहयोग एवं खुशी गुप्ता, ऋषभ गोस्वामी, मेहविश मेराज को उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन मनोज कुमार मिश्रा ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत कृषि संकाय के अध्यक्ष डॉ घनश्याम द्विवेदी ने किया। खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग गोरखपुर के जिला जिला समन्वयक दीपक कुमार मीणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं के लिए 'खादी एवं ग्रामोद्योग का भारत के विकास में योगदान' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए ग्रामीण औद्योगीकरण जरूरी है विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 152 छात्र-छात्राओं ने स्पर्धा की वाद विवाद स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका में प्रो श्रवण कुमार श्रीवास्तव, डॉ बैजनाथ पाल, डॉ स्मिता सिंह एवं निबंध स्पर्धा में डॉ संजय वर्मा, डॉ विनय कुमार पांडे, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल संयोजन में डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ मनीष कुमार मोदनवाल, डॉ दिलीप शुक्ला, डॉ अवनीश कुमार मिश्रा, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ अशोक कुमार पांडे, डॉ सतीश कुमार तिवारी, डॉ देवनारायण पांडे, ड्रिंकल यादव, कृष्ण मोहन तिवारी, प्रतिभा सिंह, शोभित मौर्य, अवधेश तिवारी, नंद कुमार शुक्ला, संजय एवं सुनील का सहयोग सराहनीय रहा।

# हिंदी दुनिया की सर्वोच्च वैज्ञानिक भाषा


दुबई में सम्मान के साथ डा. शालिनी शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालयः** हिंदी भाषा सहोदरी का दसवां अधिवेशन भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संयुक्त सहयोग से 22 और 23 जनवरी को दुबई के भारतीय उच्चायोग में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अधिवेशन में भारत के 26 प्रांतों के 150 से अधिक हिंदी विषय के विशेषज्ञों ने हिंदी के उत्थान के संबंध मे अपना व्याख्यान अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किये।

गोंडा की मूल निवासिनी खुनखुन पीजी कॉलेज में हिंदी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शालिनी शुक्ला ने उत्तर प्रदेश के अवध छेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने व्याख्यान में कहा कि हिन्दी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक भाषा है और हिंदी के एक एक शब्द में जो मिठास, अपनत्व और भाव समाहित है वैसा किसी भी भाषा में देखने को नहीं मिलता। इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि दुबई के भारतीय कॉउंसलेट सतीश कुमार शिवन और विशिष्ट अतिथि लैला रिहाला, गुडविल एम्बेसडर के रूप में तारु मामू थी। इस कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार दुबई की साहित्यकार स्नेहा देव थी और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष जैकांत मिश्रा और मीणा चौधरी ने किया। दो दिवसीय कार्यक्रम का सफल संचालन और स्वागत भाषण डॉ शालिनी शुक्ला द्वारा किया गया। संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हूए हिन्दी भाषा के इस अधिवेशन का उद्घाटन वन्देमातरम गीत और समापन भारतीय राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन के समय दुबई की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और भरतनाट्यम के नृत्य प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन भारतीय दूतावास की एम्बेसडर ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और हिंदी के उत्तरोत्तर विकास में संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयास को फलीभूत होने की शुभकामनाएं भी दी। पिछले साल हिंदी भाषा सहोदरी का ये सम्मेलन मॉरीशस में संपन्न हुआ था जिसमें मॉरीशस के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थिति रहे थे। दुबई के अधिवेशन के बाद अगला सम्मेलन मध्य पूर्व एशिया में करने का निर्णय लिया गया है।

# अंकित हत्याकांडः आरोपियों की तलाश में जुटी एसओजी


रास्ते की जांच करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालयः** नारायण हॉस्पिटल के कर्मचारी रहे अंकित तिवारी हत्याकांड की तफ्शीश मिलने के बाद जिले की पुलिस सक्रिय हो गयी है। बुधवार को जीआरपी से केस डायरी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल खुद घटनास्थल पर पहुंचे और रेल ट्रैक का मुआयना किया। उन्होंने जीआरपी के पुलिसकर्मियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

एसपी ने हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया है। साथ ही इस वारदात के खुलासे के लिए एसओजी टीम को लगाया गया है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव के रहने वाले अंकित तिवारी की बीते बृहस्पतिवार को निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी थी और उसका शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था। मृतक अंकित नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था। बृहस्पतिवार को अस्पताल के संचालक डा दीपक सिंह ने अंकित को शराब और सिगरेट लाने के लिए कहा था लेकिन अंकित ने इंकार कर दिया था।

इस मामूली सी बात को लेकर डा दीपक सिंह वे अपने गुर्गों संग मिलकर पहले अंकित की बेरहमी से पिटाई की थी और फिर उसकी हत्या कर शव को रेल ट्रैक पर फेंक दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद मृतक के चाचा ने डा दीपक व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ जीआरपी थाने में हत्या व साक्ष्य छिपाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जीआरपी ने छह दिन तक जांच पड़ताल करने के बाद घटना क्षेत्र अपनी सीमा से बाहर बताते हुए बुधवार को मुकदमें को जिला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने घटना की जांच तेज कर दी है। बुधवार को सीओ सिटी विनय कुमार सिंह ने घटनास्थल की छानबीन की थी। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल खुद घटनास्थल पर पहुंचे और वारदात की जानकारी ली। एसपी ने रेल ट्रैक और उसके आसपास पड़ताल की और जीआरपी के पुलिसकर्मियों से पूरे घटना की जानकारी ली। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है। साथ ही एसओजी टीम को भी इस वारदात के खुलासे के लिए लगाया गया है। एसपी ने कहा कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### मोबाइल की सीडीआर से खुलेगा हत्या का राज

जीआरपी से विवेचना मिलने से बाद नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम सक्रिय हो गयी हैं। पुलिस टीम हत्यारोपियों के साथ मृतक अंकित के मोबाइल फोन की तलाश में जुटी हैं। मोबाइल फोन की बरामदगी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। मोबाइल फोन मिलने पर ही यह साफ हो सकेगा कि अस्पताल से निकलने के बाद मृतक ने किस किस से बात की थी। पुलिस मोबाइल फोन का सीडीआर भी खंगाल रही है। इसी सीडीआर से इस हत्या का राज खुलेगा।

### हत्यारोपी डॉक्टर को किया गया सस्पेंड

अंकित हत्याकांड में नामजद किए जाने के एक सप्ताह बाद आरोपी डॉक्टर दीपक सिंह को बुधवार को सस्पेंड कर दिया गया। वह चिकित्सा महाविद्यालय में संविदा पर जूनियर रेजिडेंट के पद पर तैनात था। घटना वाले दिन से ही वह फरार है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा धनंजय कोटास्थाने ने उसके निलंबन की पुष्टि की है।


एडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

**गोंडा कार्यालय :** गुरुवार को युवा अधिवक्ता संघ अवध ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। मांग पत्र मे कहा गया है कि नारायण नर्सिंग होम में कार्यरत अंकित कुमार तिवारी निवासी ग्राम अचलापुर थाना मोतीगंज की हत्या करके उसका शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया। किन्तु आज तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जो कि पुलिस की घोर लापरवाही का परिचायक है। नारायन हॉस्पिटल को बन्द किया गया न ही संचालक से पूछताछ की गयी है। कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए तथा परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि तत्काल सरकार से मुहैया करायी जाये। इस मौके पर रमेश चौबे, कृष्णानंद मिश्रा, लाल बिहारी शुक्ला, अमन द्विवेदी, शिवम तिवारी, संदीप तिवारी, अमित पांडे, शिव कुमार दूबे, सत्यम चौबे, सुशील तिवारी, अनिमेष चौबे, राजा पांडे, आशीष ओझा आदि मौजूद रहे।

# अंतरिम बजट से किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी

## लोगों ने दी मिली-जुली प्रतिक्रिया, आयकर छूट को बताया बेहतर, गरीबों को छत मुहैया कराने की योजना को बताया ठीक




संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को संसद में अंतिम बजट पेश किया। केंद्र सरकार के बजट से कहीं खुशी तो कहीं खामोशी है। अंतरिम बजट पर जिले के लोगों ने मिली-जुली प्रक्रिया दी है।

आयकर में 7 लाख की छूट को लेकर लोगों ने सराहनीय कदम बताया है। गरीबों को छत मुहैया करने और प्रधानमंत्री पीएम सम्मन निधि योजना का लाभ सभी तक पहुंचाने की बात को बेहतर बताया है लेकिन किसानों के लिए कुछ अलग से नहीं किया गया है। ऐसे में किसान वर्ग सरकार के इस बजट से न खुश हैं और न नाराज हैं। हालांकि, किसान सरकार के इस फैसले से निराश जरूर हैं। जीएसटी में भी कोई छूट नहीं मिला। इसे लेकर भी लोगों में ज्यादा खुशी नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए अंतरिम बजट में प्रस्तुत है लोगों से बातचीत के बिंदु।

### बजट से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति



केंद्र सरकार के आम बजट पूरी तरह से अर्थ व्यवस्था को गति देने वाला है जिसमें किसानों व्यापारियों मध्यम वर्ग के लोगों को सहूलिया दी गई है। अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को साथ लेकर चलने वाला बजट पास किया गया है। इससे सभी वर्ग के हितों को साधा गया है। **–आनंद मोहन,** प्रधान

### कर्मचारियों के लिए है निराशा



बजट कर्मचारियों के लिए निराशा जनक है, फिर भी बजट में सभी वर्ग को सहूलियत देने का प्रयास किया गया है। सभी योजनाओं के माध्यम से विकास पर ध्यान देने वाला बजट है। **– शिवेंद्र सिंह,** प्राचार्य, महाराज सिंह इंटर कॉलेज

### खेती के लिए फायदेमंद नहीं



केंद्र सरकार की ओर से किसान सम्मन निधि किसानों को दी जा रही है यह सराहनीय कदम है लेकिन यूरिया के थैले काम होते जा रहे हैं और उसका रेट बढ़ता जा रहा है। इससे खेती-किसानी पर असर पड़ रहा है, इस पर ध्यान देने की जरूरत थी, लेकिन बजट से कुछ नहीं फायदा हुआ। **– रामरूप प्रजापति**

### आयकर में छूट सराहनीय



सरकार की ओर से पेश किए गए अंतरिम बजट में आयकर में छूट मिला है यह वित्त मंत्री का सराहनीय कदम है लेकिन मध्यम वर्ग को साधते हुए व्यापार वर्ग के लिए कुछ नहीं किया गया है, इससे निराशा हाथ लगी है। **–नितिन महेश्वरी,** कपड़ा व्यापारी

### सभी को लिया साथ



18 केंद्र सरकार के बजट को बिल्कुल खराब भी नहीं कहा जा सकता है। मध्यवर्ग के लोगों को बजट से काफी उम्मीद है उसका लाभ भी लोगों को मिलेगा। इसमें सभी वर्ग की महिलाएं भी शामिल है। यह बजट हमारे घर को मजबूती प्रदान करेगी। **–नेहा रस्तोगी**

### किसानों के लिए नहीं है कुछ

केंद्र सरकार के बजट से किसानों को



काफी उम्मीद थी लेकिन अंतरिम बजट ने सरकार की ओर से किसने की उम्मीदों को झटका दिया है बजट किसानों के हित का नहीं है। **– कर्तांराम वर्मा,** किसान

### जीएसटी में कमी की थी उम्मीद

केंद्र सरकार के अंतिम बजट से 18



प्रतिशत जीएसटी के काम होने की उम्मीद थी लेकिन वित्त मंत्री निर्मला सीतामढ़ी द्वारा पेश किया गया बजट से व्यापारियों को झटका लगा है उम्मीद के मुताबिक कुछ नहीं हुआ जीएसटी भी काम नहीं किया गया। **– विष्णु मित्तल उपाध्यक्ष,** व्यापार मंडल, पयागपुर

### महिलाओं के लिए झटका



सरकार महिला सुरक्षा और महिलाओं के विकास को लेकर काफी सचेत दिख रही लेकिन अंतिम बजट में ग्रहणी महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया गया। गैस सिलेंडर और अन्य घरेलू सामान के सस्ते होने की उम्मीद भी धूमिल हो गई। **– सोनम सिंह**

### सभी का रखा ख्याल



केंद्र सरकार के बजट देश वासियों को उम्मीद रहती है। इसका ख्याल भी बजट तैयार करने से पहले अधिकारी रखते हैं। इसी का है कि वित्त मंत्री ने सभी के हित को ध्यान में रखते हुए बजट पेश की है। बजट सराहनीय है। **–कृष्ण कुमार गुप्ता,** व्यापारी

# एसपी ने संवेदनशील स्थानों का किया रात्रि भ्रमण, दिए निर्देश



रात्रि गशत पर निकलीं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने रात्रि में 12 बजे दरगाह क्षेत्र में स्थित स्थानों का निरीक्षण किया। पुलिस को कड़ी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों का एसपी ने प्रभारी निरीक्षक दरगाह शरीफ व पुलिस बल के साथ भ्रमण किया। एसपी ने ईदगाह व गुल्लाबीर मंदिर का भ्रमण कर मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक थाना दरगाह शरीफ हरेंद्र कुमार मिश्रा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में किसी भी आपसी मतभेद या अफवाहों के चलते कोई अप्रिय घटना या झगड़े की स्थिति न उत्पन्न होने पाए। उन्होंने ऐसे स्थान जहां चोरी होने की संभावना बनी रहती है, वहां फिक्स पिकेट ड्यूटी पर जाकर जायजा लिया और पिकेट पर तैनात कर्मचारियों को संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग व त्वरित रिस्पॉन्स के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एक नजर

### जनपद को मिले 114 राजस्व लेखपाल

**बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से चयनित हुए राजस्व लेखपालों को गांव आवंटित होने लगे हैं। इसी तरह बहराइच जनपद को भी 114 लेखपाल मिल गए हैं। उन्हें विभिन्न तहसीलों में तैनाती दी गई है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से राजस्व लेखपाल की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे परीक्षा और साक्षात्कार के बाद परिणाम घोषित कर दिया गया है। आयोग और सरकार की ओर से जिले को 114 राजस्व लेखपाल मिले हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 114 लेखलों को विभिन्न तहसीलों में तैनाती दे दी गई है।

### 10 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** राम गांव थाने की पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे 10 हजार के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनाम की राशि थाने की पुलिस को मिलेगी। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवादा के मजरा भयापुरवा निवासी बब्बन सिंह पुत्र दलजीत सिंह के विरुद्ध थाने में केस दर्ज है। वह पुलिस की पकड़ से दूर था। जिसके चलते न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध वारंट जारी किया था। साथ ही उसके घर की कुर्की का आदेश जारी कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि फरार अभियुक्त पर एसपी ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक की टीम ने मैगला चौराहे से उसे दबोचा।

# सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

संवाददाता, बहराइच




युवक की बाइक व इसी वाहन से मटेरा में हुआ हादसा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के हुजूरपुर और मटेरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। इसमें युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई।

मटेरा थाना क्षेत्र गौरा धनौली गांव निवासी राम सेवक यादव बाइक से जा रहे थे। थाना क्षेत्र के भवनियापुर गांव के पास सड़क पार करते समय बाइक सवार को बहराइच की तरफ जा रही महाराष्ट्र नंबर की कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार रात 9 बजे उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय उनकी मौत हो गई। उधर, बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम कोदही निवासी रामदीन (27) पुत्र मनीराम बाइक से निजी कार्य के लिए अकबरपुर खुर्द गांव से भंगहा बाजार जा रहे थे। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के कैसरगंज-हुजूरपुर मार्ग पर बांसगांव के पास खड्ड में बाइक पड़ी मिली जबकि कुछ दूरी पर शव पड़ा मिला। सुबह लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवार को सूचना दी।

# शिव मंदिर में तोड़फोड़ कर वाहन के शीशे तोड़े

जरवलरोड, बहराइच



मंदिर में तोड़फोड़ के बाद सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी व लोगों की भीड़।

**अमृत विचार :** जनपद के पारा परशुरामपुर गांव में स्थित शिव मंदिर में एक अराजक तत्व ने तोड़फोड़ करते हुए मूर्ति खंडित कर दी। इसके बाद उसने स्कार्पियो में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। वह से की हालत में रहता है मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसरामपुर के मजरा नेवली पारा में शिव मंदिर स्थित है। मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश की मूर्ति स्थापित है। मंदिर में गांव निवासी अराजक तत्व ने मूर्तियों में तोड़फोड़ कर खंडित कर दिया। इसके बाद उसने स्कार्पियो गाड़ी यूपी 32 ईएल 1212 में तोड़फोड़ की। इसके बाद वह फरार हो गया। गांव के लोगों की सूचना पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सभी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। अपराध निरीक्षक कुलदीप त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात है। अपने भाई जयप्रकाश शर्मा की स्कॉर्पियो गाड़ी का शीशा तोड़ा है, फरार अभियुक्त महेश शर्मा पुत्र रामतलास शर्मा व राकेश वर्मा को पकड़ा गया है। वह दोनों नशे में है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# मिशन कायाकल्प के अधूरे कार्यों पर डीएम हुईं नाराज

**समीक्षा बैठक**

▸▸ लापरवाह अधिकारियों को वेतन बाधित करने की दी चेतावनी

संवाददाता, बहराइच



बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। मिशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि विगत माह दिसम्बर के सापेक्ष चालू माह जनवरी में शून्य प्रगति वाले विकास खण्डों के सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत का अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न किया जाय।

समीक्षा बैठक में डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को चेतावनी दी कि स्थिति में सुधार न होने पर दोषी एडीओ पंचायत व बीईओ की सत्यनिष्ठा संदिग्ध दर्शाते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेयजल, बालक-बालिका शौचालय एवं मूत्रालय, शौचालयों में पानी व टाइलीकरण, दिव्यांग शौचालय, मल्टीपल हैंडवॉशिंग, कक्ष में टाइलीकरण, श्याम पट, रसोईघर, भवन का रंग-रोगन, विद्युत संयोजन, समुचित वायरिंग तथा उपकरण, फर्नीचर और डैस्क, सबमर्सिबिल व बाउंड्रीवॉल आदि सभी इंडीकेटर्स को पूर्ण कराया जाएं। फर्नीचर आपूर्ति की धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित संस्था को निर्देश दिया कि शीघ्र से शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। ब्लाक चित्तौरा, तेजवापुर व विशेश्वरगंज में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के उच्चीकृत कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए बीएसए को निर्देष दिए कि संबंधित कार्यदायी संसथाओं के अधिक्षण अभियंता को निलंबित करने व कार्यदायी संस्था को बदलने के लिए शासन को पत्र भिजवाया जाएं। इस दौरान सीडीओ सम्या आर, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव, एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा, डीपीआरओ राघवेंद्र द्विवेदी, अधि.अभि. विद्युत शैलेंद्र कुमार, एलडीएम जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### कपड़ा बाजार का हुआ उद्घाटन

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत रुपईडीहा स्टेशन रोड स्थिति सीमा लाज में कपड़ा बाजार का भव्य उद्घाटन वृहस्पतिवार को नगर पालिका नानपारा चेयरमैन अब्दुल वहीद, रुपईडीहा चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि किसी भी धंधा या व्यवसाय में ग्राहकों के प्रति ईमानदारी जरूरी है। ग्राहकों की संतुष्टि ही व्यवसाय का आधार है। इस दौरान सीमा लॉज ऑनर हाजी मो. वसी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी मो. अनवर, प्रधान मो. मोहसिन, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज हाजी मो. रफी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन




प्रदर्शन व जनसंपर्क अभियान चलाते पदाधिकारी। अमृत विचार

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय किसान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँवर श्रीकृष्ण शुक्ल ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद मांगों का ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। भारतीय किसान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समर्थको के साथ विशेश्वरगंज में जनसपर्क करते हुए प्रदर्शन किया। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली बिल माफ, गौवंशो का संरक्षण, सरकारी कर्मचारियों का पुरानी पेंशन बहाल, पंचायत सहायकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी, बढ़ती महंगाई पर रोक आदि मांगों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज को ज्ञापन सौंपा। सभी ने सरकार से मांगों पर अमल लाने की मांग की। इस दौरान फूलचंद राव, राजबहादुर यादव, रूप नारायण, लालूराम, अशोक, राजू, रामकुमार पांडेय, रामदेव, बच्चा, लालजी, सूर्यपाल, शिव प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे।

### शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई शोभा यात्रा



प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** मां अबलेश्वरी मंदिर सेवा समिति अतरौलिया के तत्वावधान में आयोजित शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह के क्रम में शोभायात्रा निकाली गई। बहराइच गोंडा सीमा पर स्थित ग्राम अतरौलिया में नवनिर्मित सर्वेश्वर शिव मंदिर से शोभा यात्रा के साथ लोधेश्वर महादेव मंदिर रामनगर बाराबंकी से कुंतेश्वर मंदिर प्राचीन शिव मंदिर जरवल रोड पहुंची। बहराइच-गोंडा सीमा पर स्थित ग्राम अतरौलिया में नवनिर्मित सर्वेश्वर शिव मंदिर से शोभा यात्रा के साथ लोधेश्वर महादेव मंदिर रामनगर बाराबंकी, कुंतेश्वर मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर जरवल रोड पहुंची जहां शंकर-पार्वती व नंदी आदि मूर्ति का पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने घंटा-घड़ियाल बजाकर खुशी का इजहार किया। शोभायात्रा में आचार्य राम शंकर मिश्रा, जजमान माधव राज शुक्ल, शिवाकांत शुक्ल, हरिहर प्रसाद, सर्वज्ञ शुक्ल गिरजेश शुक्ला राजकिशोर शुक्ल, हरिश्चंद्र शुक्ल एडवोकेट, दृजेन्द्र, शैलेन्द्र, राजू, बाबूराम ओझा, चंद्रेश शुक्ल, रोहित विक्रम शुक्ल, गुड्डू शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

### भारत जोड़ो यात्रा को जनता का मिल रहा प्यार




प्रेस वार्ता करते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के युवा नेता ने गुरुवार को भाजपा सरकार पर हमला किया। साथ ही कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को देश की जनता प्यार दे रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही है। यात्रा का जो संदेश है उसको जन-जन तक पहुचाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के युवा नेता ने कहा कि भाजपा जीत दर्ज करने के बाद अपना विकास कर रही है। बहराइच लोकसभा भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, बहराइच को विकास की मुख्यधारा में खड़ा करना कांग्रेस का लक्ष्य है। कांग्रेस नेता ललन कुमार पत्रकार वार्ता में कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए, महिलाओं के सम्मान के लिए सदैव साथ देने वाले लोगों को ही जीत दिलाएं। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी अगर पार्टी नेतृत्व निर्देश देती है तो हम बहुत मजबूती से चुनाव लडेंगे और जीतेंगे भी। इस दौरान मुस्तकीम सलमानी, अमरनाथ शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षण कौशल में सतत विकास का मंच है संकुल बैठक

**आयोजन**

▸▸ उत्कृष्ट योगदान के लिए न्याय पंचायत में संकुल व प्रधानाध्यापक ऑफ द मंथ का मिला सम्मान

जरवलरोड, बहराइच



शिक्षिका को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद के विकास खंड जरवल अंतर्गत सभी न्याय पंचायतो में विभागीय निर्देश के क्रम में मासिक शिक्षक बैठकों का आयोजन हुआ। बैठक में शिक्षकों ने कक्षा शिक्षण को रुचिकर तथा छात्रों के अभिभावकों से परस्पर सहयोग के लिए शिक्षक अभिभावक बैठक को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की।

न्याय पंचायत तप्पेसिपाह की ग्राम पंचायत आदमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पुरैनीपुरवा में संकुल बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल संतोष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम का संचालन एआरपी कल्पना मिश्र ने किया। बैठक में मौजूद शिक्षको ने विद्यालयवार मिशन प्रेरणा के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कक्षा संचालन व चुनौतियों पर अपनी अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में बीईओ द्वारा न्यायपंचायत स्तर पर विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए शिक्षक संकुल सुरेश सरोज को संकुल ऑफ द मंथ तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय तप्पेसिपाह की प्रधानाध्यापिका रीता सिंह को बतौर प्रधानाध्यापक ऑफ द मंथ चयनित होने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि संकुल बैठक वास्तव में शिक्षकों का एक दूसरे से परस्पर सीखकर अपने शिक्षण कौशल को परिष्कृत करने का मंच है। शिक्षक विभागीय सूचनाओं से अपने को अपडेट रखे तथा बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करें। बैठक में शिक्षक रियाज अहमद, प्रशांत श्रीवास्तव, निगार सुल्ताना, शमसा कमर, अमृता टोडरिया, प्राची शुक्ला, अंजली श्रीवास्तव, प्रज्ञा वर्मा, रामानंद गुप्ता, कृष्णपाल आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया विचार-विमर्श

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं एवं साम्रगी हेतु प्रस्तावित दर सूची के अन्तिम रूप प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के कक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रस्तावित दर की सूची उपलब्ध कराते हुए अपेक्षा की गयी कि प्रस्तावित दर की सूची के संबंध में अपनी आपत्ति व सुझावों से जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराए, ताकि प्रस्तावित दर सूची को अंतिम रूप दिया जा सके। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव प्राप्त हुए कि सभी सामग्रियों हेतु निर्धारित दर पूर्णांक में किया जाय। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, एआरटीओ (प्रशासन) राजीव कुमार, (प्रवर्तन) ओपी सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता लोकनिर्माण अंकित वर्मा, अंकुर मौर्य व अन्य अधिकारी, भाजपा से सुनील श्रीवास्तव, सपा से जफर उल्लाह खां बंटी, बसपा से सत्य नारायण रावत आदि मौजूद रहे।

**खुशखबरी**

नानपारा से मैलानी तक रेल यात्रा कर सकेंगे जिले के लोग, नेपालगंजरोड के अमान परिवर्तन के चलते हुआ बदलाव

# अब नानपारा से मैलानी के लिए चलेंगी ट्रेनें, मिलेगी राहत

राजू जायसवाल, बहराइच



बहराइच-नानपारा प्रखंड पर संचालित ट्रेन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहराइच से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन के आमान परिवर्तन के चलते 10 फरवरी से ट्रेन बंद हो जाएगी। ऐसे में मैलानी जाने वाली ट्रेनों का संचालन नानपारा जंक्शन से किया जायेगा। जिले के लोगों को मैलानी के लिए नानपारा से ट्रेन की यात्रा करनी होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के बहराइच से नेपालगंज रेल लाइन का अमान परिवर्तन किया जायेगा। इसके लिए सरकार की ओर से पांच वर्ष पूर्व ही बजट जारी कर दिया गया था। सरकार की ओर से बजट जारी होते ही रेलवे ने अमान परिवर्तन का कार्य शुरू कर दिया है। अब 10 फरवरी से अमान परिवर्तन का कार्य रेलवे द्वारा करवाया जायेगा। इसके लिए पूरी तैयारी हो गई है। आमान परिवर्तन के चलते बहराइच से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन तक ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया है। वहीं, बहराइच से मैलानी जाने वाली ट्रेन का संचालन नानपारा जंक्शन से किया जाएगा। यात्रियों को नानपारा से ही जाना पड़ेगा।

### नानपारा से संचालित होगी ट्रेन

"बहराइच से नेपालगंज रेल प्रखंड का अमान परिवर्तन कार्य 10 फरवरी से शुरू होगा। इसके लिए रूट पर ट्रेन का संचालन बंद किया गया है। अब मैलानी जाने वाले लोगों को नानपारा जंक्शन से ट्रेन मिलेगी। **–पंकज कुमार सिंह,** पीआरओ, पूर्वोत्तर रेलवे"

### संविलियन विद्यालय का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**बौंडी/बहराइच, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार को परिषदीय विद्यालयों में राज्य सरकार द्वारा कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, भवन निर्माण, रंगाई पुताई, बाउंड्रीवाल निर्माण आदि कार्य कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने फखरपुर ब्लॉक के संविलियन विद्यालय कोदही पहुंचकर मध्याह्न भोजन योजना और कायाकल्प का औचक निरीक्षण किया। मध्याह्न भोजन मेनू के विपरीत पाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर मेनू के अनुसार भोजन बनवाने और समय से वितरण करवाने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दी। नामांकन की तुलना में छात्र उपस्थित कम पाने पर संबंधित स्टॉफ को अभिभावकों से संपर्क कर संख्या बढ़ाने का निर्देश भी दिया। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलवाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को भी आवश्यक दिशा निर्देश दी।

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ॥

जो व्यक्ति अनावश्यक कर्म करता है, सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है, आवश्यक और शीघ्र करने वाले कार्यों को विलंब से करता है, वह मूर्ख कहलाता है।

## संपादकीय

# समावेशी विकास की राह

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया। वित्तमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार चुनाव में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा मोदी सरकार अपने उपलब्धियों के आधार पर जुलाई में पूर्ण बजट पेश करने के लिए वापस आएगी और उसे चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में रियायतों की घोषणा की जरूरत नहीं है। वास्तव में बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। अंतरिम बजट से साफ हो गया है कि आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों से जुड़ी पूर्व की नीतियां जारी रखी जाएंगी। वित्तमंत्री का लगभग दो तिहाई भाषण सरकार की 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित था। बजट में राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प घोषणाओं में से एक प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में एक करोड़ घरों को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदान करने का कार्यक्रम था। यह विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली की कई गारंटी के जवाब के रूप में आया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख वर्गों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सशक्तिकरण और कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। उधर विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। विपक्षी दलों के मुताबिक महंगाई रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं कहा गया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब को पहले की तरह ही रखा है। हालांकि वित्तमंत्री ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के दस हजार रुपये तक के प्रत्यक्ष कर डिमांड को वापस ले लिया है। इससे लगभग एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट भारत को जन-केंद्रित, समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा।

# सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को सशक्त एमएसएमई आवश्यक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। औद्योगिक उत्पादन का तीस प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं 48 प्रतिशत निर्यात में इनका योगदान है। रोजगार की दृष्टि से देखें तो कृषि के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करता है। इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। वस्तुतः कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर ही बड़े उद्योगों को मजबूत बनाया जा सकता है, मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्योग के पास संसाधनों का आभाव है।

एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों कि तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें संरचनात्मक सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क पानी आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम अगर अपने आप को आज के दौर की उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है, लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है और जिसके फलस्वरूप इनके उत्पाद की गुणवत्ता गिरती है तथा इनकी आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित होती है।

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते। लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ। विशेषकर धातुओं में इसके कारण लागत बढ़ गई। छोटे उद्यमियों के सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते और इस वजह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है।

सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार की ओर से एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई उद्योगों से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें अपने उद्यम को बहुत आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है। इसके तहत संकटग्रस्त एमएसएमई को कच्चे माल की खरीद के लिए वित्तीय ऋण प्रदान किया जाता है। उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ एमएसएमई मंत्रालय ने सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र के तहत इन उद्यमों की प्रमुख समस्याओं को कम करके प्रौद्योगिकी बाजार तक पहुंच, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने और उसकी रफ़्तार बढ़ने के लिए सशक्त और आत्मनिर्भर एमएसएमई का होना बहुत आवश्यक है। अनेक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं के बावजूद अभी यह क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए समुचित प्रयास सुनिश्चित किए जाने चाहिए। किसी भी उद्यम को शुरू करने के लिए कुछ बुनियादी जरूरतों का होना बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। अच्छे उत्पादन के लिए बिजली की आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। उद्योगों के विकास के लिए अच्छी सड़कें और परिवहन व्यवस्था सही होना भी जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र में मुख्य समस्या कुशल श्रमिकों की आती है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्रो की स्थापना करनी चाहिए ताकि विभिन्न कार्यों के जानकार और कुशल कारीगर अधिक संख्या में उपलब्ध हो सकें। कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। छोटे उद्यमियों के सामने एक प्रमुख समस्या विलंबित भुगतान की आती है। सरकार की खरीददारी काफी बड़ी मात्रा में है और जब तक सरकारी संस्थाओं से बेचे गए सामान का भुगतान नहीं होता, तब तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला धीमी हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिए अधिक पूंजी और आधारभूत ढांचे की जरूरत है जिसमें सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। सरकार को एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक पैकेज भी देना चाहिए। साथ ही रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देने और नई राष्ट्रीय रोजगार नीति तैयार करने की आवश्यकता है। अब विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी समुचित प्रयास किए जाने चाहिए।

## प्रसंगवश

# सामाजिक न्याय के पुरोधा



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सभी समाजवादी दल, कम्युनिस्ट, राजद, जेडीयू और भाजपा उनकी राजनीतिक विरासत साधने में कहां पीछे है? कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक व राजनीतिक संघर्ष के साथी जगदेव प्रसाद कुशवाहा थे। कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी 1922 को बिहार में जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहरी गांव में हुआ। जब भी वंचितों के हक की बात होगी, तब वह बात बाबू जगदेव प्रसाद के बिना पूरी नहीं होगी और बिहार में तो कतई नहीं होगी। लेकिन जगदेव बाबू बहुत कठिन व्यक्तित्व हैं, समाजवादी सोच की लीडरशिप तो उनकी राजनीतिक विरासत पर दावा ठोंक सकती है पर भाजपा नहीं, उनकी जो लड़ाई थी शोषितों के लिए शोषकों के खिलाफ थी। राजनीति में जगदेव बाबू की दिलचस्पी पटना में अध्ययन के दौरान बढ़ी। जब वे समाजवादी चन्द्र देव के संपर्क में आए और सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए। पार्टी का मुख्यपत्र 'जनता' का संपादन किया। 1955 में अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र 'सिटीजन' का भी संपादन किया। प्रकाशक से मनमुटाव होने पर पटना लौट आए, पर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके बिहार के घर-घर पहुंचाया। 1967 में कुर्था से विधानसभा पहुंचे, पहली संविद व गैर कांग्रेसी सरकार उनके व कर्पूरी ठाकुर के प्रयासों से बनीं जिसमें महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने। पार्टी की नीतियों व विचार धारा पर लोहिया जी से अनबन हुई, उनके नारे एकदम जनवादी होते थे। यह कहकर संशोपा छोड़ दी कि 'कमाए धोती वाला, खाए टोपी वाला'। जगदेव प्रसाद ने 25 अगस्त 1967 को शोषित दल बनाई फिर राम स्वरूप वर्मा के अर्जक संघ से जुड़े। 1968 में रामस्वरूप वर्मा की पार्टी समाज दल का विलय हुआ और पार्टी को शोषित समाज दल नाम दिया गया। दार्शनिक व क्रांतिकारी संगम से पार्टी में नया संचार हुआ। गजब के भाषण कर्ता व नारे गढ़ने में निपुण, जहानाबाद की सभा मे उन्होंने एक नारा दिया, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा। लगता है उनकी लड़ाई आगे बढ़ रही है। बिहार जाति जनगणना कर 75 प्रतिशत आरक्षण वाला राज्य बन गया है, जिसमें गरीब सवर्ण भी हैं। क्या कर्पूरी ठाकुर की तरह उनको भी सम्मान मिलेगा।

# समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से आगाज



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है।

किसी भी राष्ट्र की समग्र मजबूती के लिए उसके सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान नियम होने चाहिए। जब तक जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में 370, 35 ए नहीं हटी थी तब तक भारत के अन्य प्रदेशों में मिलने वाले नागरिक अधिकार जम्मू कश्मीर भूभाग के लोगों को नहीं मिलते थे। जैसे ही 370, 35 ए जम्मू कश्मीर और लद्दाख भूभाग से हटा, वहां के लोगों को भारतीय संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के मिलने की शुरुआत हो गई। समान नागरिक संहिता के साथ भी कुछ मिथ्या नैरेटिव विपक्षी दलों द्वारा बनाया जाता रहा है कि यह धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप है, जबकि न्यायालय कई बार इसके लिए सरकार को निर्देशित कर चुका है।

1981 में उच्चतम न्यायालय में दायर शाहबानो वाद का फैसला कांग्रेसी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में आया था। इस फैसले में न्यायालय का कहना था कि 'इस वाद में हालांकि संवैधानिक महत्व का कोई प्रश्न नहीं जुड़ा है, किंतु सामान्य नागरिक एवं आपराधिक कानून के तहत कुछ प्रश्न ऐसे पैदा होते हैं जिनका समाज के उस बड़े वर्ग पर जो परंपरागत रूप से अन्यायपूर्ण व्यवहार से पीड़ित हैं, दूरगामी महत्व होता है। महिलाएं भी एक ऐसा ही वर्ग हैं।' इसी फैसले में आगे खंडपीठ का कहना था कि 'हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत प्रायः हो गया है। यह प्रावधान कहता है कि राज्य (स्टेट) भारत के समूचे क्षेत्र के नागरिकों के हेतु एक समान नागरिक संहिता बनाने को प्रोत्साहन देगा'। इतना ही नहीं 1995 में सरला मुदगल वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव को निर्देशित किया था कि वह अनु. 44 पर एक बार नए दृष्टिकोण से विचार करें। उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता को देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से कहा था कि आप न्यायालय को बताएं कि सरकार ने इस तरफ कौन-कौन से कदम उठाए हैं। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव इतनी इच्छा शक्ति नहीं जुटा सके कि राष्ट्रहित में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर फैसला कर सकें। तीन तलाक के समय जब न्यायालय ने तीन तलाक पर सरकार से दृष्टिकोण मांगा तो मोदी सरकार का निर्णय मुस्लिम महिलाओं के हित में रहा। उसी समय यह बात स्पष्ट हो गई थी कि समान नागरिक संहिता का विषय भी एक दिन पूरा होकर रहेगा।

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो भारत के संविधान का अनु. 14 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु. 15 धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अनु. 21 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु.25 हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता से किसी भी धर्म के व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का प्रश्न ही खारिज हो जाता है। मुस्लिम महिला को भारतीय संविधान दोयम दर्जे का नहीं मानता। एक बात तो तय है कि धर्म के ठेकेदार अपनी दुकान चलाने के लिए इसका विकृत स्वरूप प्रदर्शित करते रहे हैं और शायद आगे भी करेंगे। धर्म के अंदर आडंबर और कुप्रथाओं का चलन बेहद पुराना है। हिंदू धर्म के अंदर भी कई कुप्रथाएं रीति-रिवाजों के भेष में पनप चुकी थी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहू विवाह जैसी प्रथाएं समाज में विघटन पैदा करने वाली थी। 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने तेजसिंह वाद में सती के लिए उकसाने वाले को पांच साल के कठोर कारावास की सजा देने का प्रावधान किया। सरकार ने सती (निरोधक) कानून, 1987 बनाकर इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

इसी तरह हिंदू धर्म में बाल विवाह और बहुविवाह प्रचलन में थे। 1956 में फैमिली एक्ट के अंतर्गत आधा दर्जन कानून भारत की संवैधानिक व्यवस्था ने पारित किए और इन दोनों कुप्रथाओं पर रोक लगा दी। इन कुप्रथाओं का अंत हिंदू धर्म से जुड़े पंडित, पुजारियों या धर्म के ठेकेदारों ने नहीं किया, बल्कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बने कानूनों ने किया। कुछ समय के लिए ठेकेदारों के छद्म स्वाभिमान को ठेस तो पहुंची, किंतु जनता ने इसे खुले दिल से स्वीकारा। कानून और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। पहले कानून समाज में सुधार करता है और फिर परिपक्व समाज आवश्यकतानुसार कानून में सुधार करता है। समय के साथ यही लचीलापन व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता है। यही भारत है। यही भारतीय संस्कृति है।

## सोशल फोरम

# निगल ली गई दिमाग की खुराक



हफीज किदवई
लेखक

बस एक मोटी किताब लिखनी है। जिस पर दस्तरख्वान लगाकर बैठ जाएं और उसी पर अकबरी गेट के लज्जतदार खाने भी खा सकें। वह खाने, जो हमारी जहनी खुराक को निगल गए। वह खुशबूदार खाने, जो किताबों की दुकानों को निगल गए। इत्ती मोटी किताब लिखेंगे हम, जिस पर कवाब पराठे बिछा दें, तब भी चाय भर की जगह रह जाए। वह कवाब पराठे, जो पेट को तो अपनी चपेट में ले ही गए, साथ ही जहन को भी जंग आलूदा कर गए।

मैं लखनऊ के पुराने बाजारों को देखता हूं। रात की झिलमिल रोशनी में तंदूरों से उठते धुएं और गलियों में बिछी मुगलई खुशबू को महसूस करता हूं। एक पल को लगता है, जन्नत तो यही है, मगर मुझे मेरे सामने किताबों की दुकानें दिखने लगती हैं। मेरे देखते-देखते या कहिए, पुराने लोगों से सुनते-सुनते या कहिए किताबों की दर्दनाक सिसकियों को महसूस करते-करते लगता है कि बताओ, जो गलियां किताबों की, इल्म की शिनाख्त देती थीं, वह जबान के चटखारे का पता देती हैं। किताबों की एक दुकान मरती है और उसमें कोई जायका राल बहाते हुए बाहर आ जाता है। जहां कल तक इल्म का खजाना बिखरा पड़ा था, वहां अब पानी के बताशे-चाट-कबाब और कॉफी के गोते लगने लगते हैं।

लखनऊ के पुराने हिस्से में हम तमाम छोटी-बड़ी किताबों की दुकान जानते थे, सब अब मशहूर खानों की दुकान हो गईं। अकबरी गेट हो या विक्टोरिया स्ट्रीट या फिर चौक हो या हुसैनाबाद, नादान महल हो या फिर रकाबगंज, गौसनगर हो या मौलवीगंज, अमीनाबाद हो, गुइन रोड हो या नजीराबाद हो या कैसरबाग, लालबाग हो या फिर हजरतगंज। यहां कितनी ही किताबों की दुनिया बिरयानी-कवाब-नहारी-कॉफी में जज़्ब हो गईं। पेट और जबान के जायके ने दिमाग के हिस्से की खुराक निगल ली और हम अपनी चमचमाती गलियों से इठला के बोले, हमारे यहां आइए, आपको क्या ही जायकेदार खाना खिलवाते हैं। हम किसे बताएं कि हमने यह पहचान मिटाकर जायके की पहचान ओढ़कर, एक बहुत ही सस्ता सौदा किया है।

-फेसबुक वॉल से

# रास्ता बताने से चोखा काम और कोई नहीं



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता ? खुद से पूछ कर भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

जानते हैं आप, दुनिया की सबसे बड़ी दिक्कत क्या है? हमें पते का पता नहीं है। कहां से आए थे? कहां जाना है? किसके पास जाना है? क्यों जाना है? कब जाना है? आने जाने के बीच क्या करना है? कुछ अता-पता ही नहीं। अकल की दाढ़ उगने के बाद आदमी जिंदगीभर इसी उहापोह में फंसा रहता है। अक्लमंद तलाशता है, जो उसके इन सवालों का जवाब दे सके। सही सच्चा रास्ता दिखा सके और मजे की बात देखिए, उसे हर गली चौराहे नुक्कड़ पर अपनी खटिया बिछाए ऐसे खुदाई खिदमतगार मिल भी जाते हैं।

ये अक्लमंद दिखते कैसे हैं? आमतौर पर सर के बाल, दाढ़ी बढ़ी होती है उनकी। खाया पिया आदमी। चोगा टोपी के साथ तरह-तरह की मालाएं पहनी हुई हो उसने तो कोई ताज्जुब नहीं। उसके माथे पर भभूत तिलक जैसा भी कुछ हो सकता है। उसने या तो धोती पहनी होगी या पायजामा। आपपास जाते हैं उसके। उसे उम्मीदों से तकते हैं। पर अक्लमंद मुफ्त में आपके सवालों का जवाब दे दे तो वो खाक अक्लमंद हुआ। ऐसे में वो आपकी जेब टटोलता है। झोले की तलाशी लेता है। उसके ऐसा करते वक्त आप गाफिल रहें इसके लिए वो लच्छेदार बातों में उलझाता है आपको। डराता है। सब्जबाग दिखाता है। भरोसा दिलाता है। उसके आप बातों में आ ही जाते हैं। चल पड़ते है उसकी दिखाई दिशा में, पर उसके बताए घुमावदार रास्ते आपको कहीं नहीं ले जाते। भटकते हैं, आप। थकते हैं और फिर कोई और मिल जाता है आपको। वो जांचता परखता है आपको। तसल्ली देता है। सही रास्ता बताने का दावा करता है। अपने बताए रास्ते को ही सही ठहरता है। खुद ठग होता है और दूसरों को लुटेरा साबित करता है। आप फिर बातों मे आते हैं। फिर कहीं न पहुंचने वाला सफर आपके हिस्से आता है। पूछने भटकने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है और रास्ता बताने वाले मालदार होते जाते हैं। रास्ता बताने से चोखा काम और कुछ नहीं। हींग लगे न फिटकिरी वाला मामला। रास्ता पूछने वाला आमतौर पर हैरान परेशान होता है। डूब रहा होता है और तिनके का सहारा ढूंढता है। बहुत से रास्ता पूछने वाले शार्ट कट के चक्कर में भी होते हैं। ऐसे में रास्ता बताने वाला उम्मीद सा दिखता है उन्हें और वो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार बने रहते हैं। मजे की बात यह कि रास्ता बताने वाला खुद कहीं नहीं जाता। खुद अपने बताए रास्ते पर नहीं चलता। उसे खूब पता होता है कि उसका रास्ता




बताना बस जबानी जमा खर्च है। उसके बताए रास्ते को कहीं पहुंचना ही नहीं है, पर यह धंधा है उसका। इसलिए वो बताता है रास्ता और इसके एवज में सामने वाले से दाम वसूल करता है।

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भवः। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछकर भी मंजिल हासिल की जा सकती है और ऐसा न करना चाहे आप तो गूगल मैप किस मर्ज की दवा है कहां जाएं? कैसे जाएं? किस तरफ जाएं जैसे सवालों बाबत वह आपकी बाबा बैरागियों के बनिस्बत बेहतर मदद कर सकता है।

# कैसा होगा आने वाला रामराज्य



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उनका राज्य आदर्श था, जिसे मुहाविरे की तरह प्रयुक्त किया जाता है। राम ने निकृष्ट माने जाने वाले कुत्ते की प्रार्थना पर समाज में सबसे श्रेष्ठ मान्य ब्राह्मण को भी दंड दे दिया था। राम 'सत्य संध' यानी सत्य का संधान करने वाले कहे गए हैं। उनके कुल की रीति थी 'प्राण जाइं पर वचन न जाई'। इधर अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा गाजे-बाजे के साथ राम की नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित कर देने के बाद अब 'रामराज्य' आने की बात कही जा रही है। इसकी आहट हफ्ते भर के अंदर ही आना शुरू हो गई है। हालांकि यह त्रेता नहीं, कलियुग है, अतः उस और इस रामराज्य में गुणात्मक संशोधन किए गए हैं। दो उदाहरण प्रस्तुत हैं।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव की राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। कुछ समय पहले वे भाजपा से मिलकर सत्तारूढ़ थे। जब अंतर्विरोधों के चलते भाजपा और नीतीश अलग हुए तो भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर कर्ता-धर्ता गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'अब नीतीश के लिए भाजपा/एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यही नहीं नीतीश ने भी कहा था कि 'अब हम मरना पसंद करेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे'। इसके बावजूद दोनों ने अपने-अपने वचन भंग कर दिए और मिलकर सरकार बना ली। यानी अब जो रामराज्य स्थापित होगा, उसमें वचन पालन वाला अनुच्छेद डिलीट कर दिया जाएगा और सत्ता पर काबिज होना ही ध्येय होगा। दूसरा उदाहरण चंडीगढ़ का है, जो केंद्र शासित क्षेत्र है, यानी यहां शासन केंद्र का सत्तारूढ़ दल प्रशासक के माध्यम से शासन चलाता है। यहां मेयर का चुनाव हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह नियुक्त किए गए, उपायुक्त द्वारा नामांकित नगर निगम सदस्य हैं और भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े रह चुके हैं। मेयर का चुनाव यहां जनता से नहीं पार्षदों द्वारा होता है। पार्षदों की संख्या 35 है। एक वोट सांसद का भी होता है, जो भाजपा की किरन खेर हैं। भाजपा के 14 पार्षद हैं और उन्हें अकाली दल के एकमात्र सदस्य का समर्थन प्राप्त था। इस तरह उनके मेयर प्रत्याशी को ईमानदारी से 16 मत मिल सकते थे। शेष 20 कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के थे, जो मिलकर यह चुनाव लड़े थे।

इस स्पष्ट गणित के होते हुए भी भाजपा के मेयर प्रत्याशी मनोज सोनकर विजयी घोषित हो गए। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस+आप गठबंधन के आठ वोट अवैध घोषित कर दिए। कहा गया कि इन मत पत्रों में निशान लगे हैं जिससे ये वैध नहीं रहे। पराजित गठबंधन का आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने ही ये निशान लगा दिए और एक ऐसा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें अनिल मसीह कुछ लिखते हुए दिख रहे हैं। विवाद जारी है, किंतु प्रथम दृष्ट्या अन्याय हुआ साफ प्रतीत हो रहा है। खास तौर पर तब जब पीठासीन अधिकारी वह बने, जो एक प्रत्याशी की पार्टी का ही हो। इन नमूनों से आने वाले रामराज्य के स्वरूप की पदचाप स्पष्ट सुनाई दे रही है।

## गन्ने के खेत में मिला तेंदुए का शव

**बहराइच, अमृत विचार :** सुजौली रेंज के जंगल में एक तेंदुए की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वन विभाग बड़े वन्यजीव के हमले की बात कह रहा है। हालांकि निरंतर हो रही वन्य जीवों की मौत वन विभाग पर कई सवाल खड़े कर रहा है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज के धनियाबेली गांव में मदनिया रोड के किनारे गन्ने के खेत में गुरुवार शाम तेंदुए का शव मिला। खेत गए बच्चों ने शव मिलने की जानकारी दी। इस पर वन विभाग को घटना से अवगत कराया गया। डीएफओ बी. शिवकुमार ने बताया कि तेंदुए की उम्र 3 से 4 वर्ष है। तेंदुए पर किसी बड़े वन्यजीव ने हमला किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कारणों का पता चलेगा।

# यूपी बोर्ड से पहले होंगी मदरसों की परीक्षाएं

## सीसीटीवी की निगरानी में 13 फरवरी से होंगी आयोजित, तैयारियां की गईं शुरू

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ, जे रीभा आईएएस) ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं में अव्वल और अन्य विभागों के लिए रोल मॉडल बनाया है। इसी का नतीजा है कि इस बार यूपी बोर्ड से पहले मदरसा बोर्ड की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होंगी।

मदरसा बोर्ड के इतिहास में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं पहली बार यूपी बोर्ड की परीक्षाओं से पहले आयोजित होने जा रही हैं। निदेशक जेएस रीभा ने बताया कि परीक्षा पहली बार यूपी बोर्ड से


परीक्षा के बारे में जानकारी देते जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

पहले हो रही है। निर्देश हैं कि कोई भी छात्र जमीन, दरी या कालीन पर बैठकर परीक्षा नहीं देगा। सबके लिए डेस्क-बेंच, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ व सुविधायुक्त शौचालय, सीसीटीवी जिनके माध्यम से जनपद और प्रदेश मुख्यालय पर पारदर्शी, नकलविहीन और शुचितापूर्ण ढंग से मदरसा बोर्ड परीक्षा का आयोजन संपन्न कराया जाएगा। बता दें कि मदरसा बोर्ड की ये परीक्षाएं पहले मई-जून में होती आई हैं जब मौसम में बेहद गर्मी और प्रतिकूलता होती है जिसका दुष्प्रभाव परीक्षार्थियो पर पड़ना स्वाभाविक होता है और शिक्षा सत्र भी अनियमित बना रहता था। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में व्यापक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध निदेशक जेएस रीभा की यह ऐतिहासिक पहल अनुकरणीय है।

### 11 परीक्षा केंद्रों पर 3133 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

यूपी मदरसा बोर्ड परीक्षाओं के यूपी बोर्ड परीक्षाओं से पहले आयोजन के संबंध में जब जिला अल्पसंखयक कल्याण अधिकारी, संजय मिश्र से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि इस बार यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 13 फरवरी से 21 फरवरी के मध्य दो पालियों में, प्रथम पाली पूर्वाह्न 8 बजे से 11 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक में आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष जनपद बहराइच में कुल 3133 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे जिसके लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा जनपद में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

### नकलविहीन होगी परीक्षा

परीक्षाओं को नकलविहीन, शुचितापूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। –**संजय मिश्र**, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत होने पर सीआरओ व सीएमओ को दी विदाई


सेवानिवृत्त सीएमओ और सीआरओ को विदाई देतीं डीएम।

**बहराइच, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि अनुशासन में रहते हुए बेदाग सेवानिवृत्त होना एक बड़ी उपलब्धि है। विदाई समारोह को मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा के अजित परेश, महसी राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, मोतीपुर के संजय कुमार, तहसीलदार कैसरगंज अजय कुमार यादव, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारी बीडी सिंह, लेखपाल संघ के जयराज सिंह, एमओआईसी जरवल डॉ. रितेश सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

### हमलावरों ने श्रमिक को दौड़ा कर क्रिकेट बैट से पीटा

**बहराइच, अमृत विचार :** ईंट–भट्ठे से पथाई कर घर आ रहे श्रमिक के मुंह पर क्रिकेट खेल रहे युवको की शाट की गई कॉक की बॉल मुंह पर आकर लगी तो श्रमिक के होश उड़ गए। यहीं नहीं, बॉल उठा लेने पर श्रमिक से कहासुनी होने पर हमलावरों ने बैट से हमलाकर उसे दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। श्रमिक लहुलुहान होकर गिर पड़ा तो हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को परिजन थाने लाए तो मुस्तफाबाद सीएचसी भेजा गया। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मारपीट की मामूली धाराओं में केस दर्ज किया है। जरवलरोड थाने के धमसरी मदार गांव निवासी 28 वर्षीय बाबूराम पुत्र रामतेज गांव के समीप किसी ईंट–भट्ठे पर पथाई का काम करते है। वह बुधवार को भट्ठे से ईंट पाथकर घर आ रहे थे। धमसरी पुलिया मैदान के पास क्रिकेट खेल रहे युवकों से बॉल लगने पर उसका विवाद हो गया। इस पर हमलावर हुए युवकों ने बाबूराम को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। वह लहूलुहान होकर गिर गया तो हमलावर धमकाते हुए मौके से भाग निकले।

### बूंदाबांदी से मौसम में आई नमी, ठंड बढ़ी

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में दो दिन हुई तेज धूप के बाद मौसम अचानक बदल गया। सुबह से शुरू हुई बूंदाबांदी ने ठंड बढ़ा दिया है। लोग घरों में दुबक गए। तराई के बहराइच जिले में बीते एक महीने से पड रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन बेहाल हो गया है। दो दिन हुई तेज धूप से लोगों ने ठंड से कुछ राहत महसूस की थी लेकिन गुरुवार सुबह से ही आकाश में घने बादलों के साथ बूंदाबूंदी शुरू हो गई जिससे एक बार फिर लोग कांपने को मजबूर हो गए और घरों से बाहर नहीं निकले। अति आवश्यक कार्य के चलते ही लोग किसी प्रकार निकले। बूंदाबांदी होने के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि बारिश गेहूं की फसल के लिए काफी फायदेमंद है।

### विशेश्वरगंज के थानाध्यक्ष बने पंकज कुमार सिंह

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने विशेश्वरगंज में प्रभारी साइबर सेल के निरीक्षक पंकज कुमार सिंह को थानाध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा, दरगाह थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजराज प्रसाद को जरवल रोड थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। दोनों ने थाने पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# 11.79 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल


शहर के बाल शिक्षा निकेतन में मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार

### कृमि मुक्ति दिवस

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद में गुरुवार को बच्चों और किशोरों को पेट में पलने वाले कृमि को निकलने के लिए एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संतोष राणा ने बताया कि पेट में कृमि होने से बच्चों का विकास प्रभावित होता है। किशोर-किशोरियों में खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, स्वास्थ्य खराब होना और समुचित मानसिक विकास का न होना जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इसके लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एक से 19 वर्ष के 1179952 बच्चों व किशोरों को पेट से कीड़े (कृमि) निकालने के लिए एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई गई। इस दिन दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को पांच फरवरी को मॉपअप राउंड चलाकर दवा खिलाई जाएगी।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 2927 सरकारी 1158 निजी विद्यालयों के अलावा 3145 आंगनबाड़ी केंद्रों को शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत 1965742 बच्चों को एलबेंडाजॉल की गोली खिलाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष्य 1179952 बच्चों को दवा का सेवन कराया गया है। उन्होंने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों को 200 मिग्रा, यानि आधी गोली व दो से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को 400 मिग्रा, यानि पूरी गोली खिलाई गई है। छोटे बच्चों को गोली पीसकर तो बड़े बच्चों ने इसे चबाकर खाया।

### कृमि से बचने के उपाय

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि जमीन में गिरी चीज उठाकर खाने या नंगे पैर संक्रमित स्थानों पर चलने से बच्चों के पेट में कीड़े (कृमि) विकसित हो जाते हैं। इससे बचना चाहिए साथ ही कुछ भी खाने से पहले और सौच के बाद हाथों को अच्छी तरह धुलना चाहिए। उन्होंने बताया की पेट में कृमि होने से बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप कमजोर होने लगता है। इसीलिए वर्ष में दो बार अभियान चलाकर एल्बेन्डाजॉल दवा खिलाई जाती है। इससे पेट के कृमि बाहर हो जाते हैं और शरीर में आयरन की शोषक क्षमता बढ़ने से एनीमिया अर्थात खून की कमी दूर हो जाती है।

# अगवा कर अंडे में जहर खिलाने का आरोप

### केस दर्ज

- गांव के लोगों ने रंजिश में वारदात को दिया अंजाम, आरोपी पुलिस हिरासत में, युवक भर्ती

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के निद्धीपुरवा गांव निवासी एक युवक को बुधवार रात को गांव के तीन लोगों ने लघुशंका जाते समय अगवा कर लिया। इसके बाद युवक को ज्यादती से अंडे में जहर घोलकर पिला दिया। इसके बाद सभी ने युवक की पिटाई कर उसे छोड़ दिया। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।


सीएचसी में भर्ती घायल युवक।

कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत निद्धीपुरवा निवासी राहुल (26) पुत्र बनवारी बुधवार रात में नौ बजे के आसपास लघुशंका के लिए घर के बाहर निकला। तभी गांव निवासी डमरू अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ पहुंचा। उसने युवक को अगवा कर लिया। इसके बाद उसे कुछ दूरी पर ले गया नदी के तट पर युवक को जगती से अंडे में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की तो उसे बेहोश पाया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाकर भर्ती कराया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। रंजिश में वारदात को अंजाम देने की बात सामने आ रही है, पूछताछ चल रही है। छानबीन के बाद सभी को जेल भेजा जाएगा।

### दबंगों ने बांध दिए हाथ-पैर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती राहुल ने बताया कि दबंगों ने उसका हाथ पैर बांध दिया इसके बाद सुनसान स्थान पर ले गए। मृत समझ कर उसे छोड़ दिया। काला पदार्थ अंडे में खिलाया। इसके बाद वह बेहोश हो गया। होश में आने पर उसे उल्टियां शुरू हो गई।

## एसपी ने भिनगा सर्किल के थानों की अपराध समीक्षा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने भिनगा सर्किल के थाना भिनगा, थाना सिरसिया, महिला थाना की समीक्षा की। भिनगा सर्किल में थाना भिनगा में 47, थाना सिरसिया में 30 व महिला थाना में 10 विवेचनाएं लंबित पाई गई। पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा के बाद जिन विवेचकों द्वारा विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नहीं किए जा रहे थे, उन सभी विवेचको को कड़े निर्देश दिए। साथ ही साक्ष्य संकलन कर एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी और लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण करने के प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया। कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान थाना प्रभारी, पेशकार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य विवेचक भी मौजूद रहे।

# गोवंशों की सुरक्षा व संरक्षण को प्रदेश सरकार है प्रतिबद्ध

**श्रावस्ती अमृत विचार :** विकास खंड हरिहरपुररानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा डेहरिया में कान्हा गौशाला का गुरुवार को सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने उद्घाटन किया। इस दौरान सदस्य विधान परिषद व मुख्य विकास अधिकारी ने संरक्षित गोवंशों को गुड़ खिलाया और गौशला में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही गोवंशों की सुरक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

सदस्य विधान परिषद ने कहा कि गोवंशों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है जिसके तहत प्रदेश सरकार द्वारा गोवंशों की सुरक्षा के लिए नई गौशाला खुलवायी जा रही हैं जिससे उन्हें संरक्षित कर निराश्रित गोवंशों से होने वाले फसलों के नुकसान से बचाया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गोवंश का संरक्षण माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में से एक है। इसके लिए जिला प्रशासन गोवंश के संरक्षण के लिए अनेक कदम उठाये जा रहे है जिससे निराश्रित गोवंशों के द्वारा किसानों की फसलों को नुक़सान न होने पाए। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या, ग्राम प्रधान परसा डेहरिया मायंकर सिंह, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनपद सिंचाई बंधु की बैठक 13 को

**बहराइच, अमृत विचार :** सदस्य सचिव एवं अधिक्षण अभियंता सरयू नहर खंड -पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बंधु राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 13 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कॉलोनी स्थित सिंचाई विभाग के ऑफीसर्स फील्ड हास्टल में बैठक होगी। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग व टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बंदी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यों के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। सदस्य सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों से ससमय आने की अपेक्षा की है।

# आनुवांशिक और छुआछूत नहीं है कुष्ठ रोग : सीएमओ

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस मौके पर जिला मुख्यालय से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, सीएमओ कार्यालय सहित सभी सीएचसी, पीएचसी व ग्राम पंचायतों में प्रधानों द्वारा जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सुनाया गया और कुष्ठ उन्मूलन की


अभियान के बारे में जानकारी देते जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

शपथ दोहराते हुए जन-जागरूकता की अपील की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। कुष्ठ रोग माइक्रो वेक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से होता है। यह आनुवांशिक व छुआछूत रोग नहीं है। समय से जांच और उपचार से दिव्यांगता से भी बचा जा सकता है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. संत कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग को लेकर समाज में अनेक भ्रांतियां व्याप्त हैं। इसलिए, स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों में इन भ्रांतियों को दूर करें और उन्हें जागरूक करें। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में कुष्ठ रोगियों के परिवार व आसपास के 10 घरों के स्वस्थ व्यक्तियों को कुष्ठ रोग से सुरक्षित रखने के लिए दवा का सेवन करवाया जाता है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने कुष्ठ रोग के लक्षणों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग की दो श्रेणियां हैं। पीबी श्रेणी के रोगियों का इलाज छह महीने तक होता है। मल्टी बैसिलरी (एमबी) श्रेणी के मरीजों का इलाज एक साल तक चलता है।

## वर्ग पहेली-330

**बाएं से दाएं**

1. 1. हरा–भरा 2. हृष्ट–पुष्ट 3. उत्फुल्ल; प्रफुल्ल; आनंदमय।
5. 1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा; छोटा गगरा; मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है; बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हाँड़ी; लबनी।
2. 1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार; सलाम।
4. 1. जागते रहने की अवस्था या भाव; नींद न आना; जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का; पाश्चात्य; पश्चिमी।



### वर्ग पहेली - 329 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घा | 2 ति | नी | | | 3 टो |
| | रं | | 4 भू | | ड़ी |
| 5 अं | गा | रि | त | | |
| | | | वा | | 6 धो |
| 7 ह | ठ | वा | दी | | खे |
| | | | | | बा |
| | 8 धाँ | ध | ले | बा | ज़ |

## सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–सप्तमी 16.02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त–अभिजित–11.58–12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध–09.03–09.47, 12.42–13.26 तक।
दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–शिशिर।
चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–स्वाती 3 फरवरी 05.57 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज बुरे विचारों से स्वयं को अप्रभावित रखें। पड़ोसियों से झगड़ा होने की आशंका है। अपने खानपान में तेल मसाला युक्त खाद्यों का ज्यादा प्रयोग न करें। पारस्परिक रिश्तों में निकटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

**वृष:** आज पिता के साथ वैचारिक मतभिन्नता हो सकती है। कारोबार में आपेक्षिक प्रगति होगी। घर वालों के साथ अच्छा वक्त बिताने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

**मिथुन:** आज विरोधियों की संख्या में कमी आएगी। खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश होगी। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

**कर्क:** आज आवश्यक कार्यों में विलंब न करें। किसी यात्रा पर चलने का विचार बना सकते हैं। वाहन चलाते वक्त सावधान रहें। अति आत्मविश्वास आपको असफलता की ओर ले जा सकता है। दोपहर के बाद आपकी आलोचना हो सकती है।

**सिंह:** आज सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है। पुरानी समस्याओं से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कल तक जिन कार्यों से व्यय हो रहा था, उनसे धन प्राप्त होगा। घर में मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

**कन्या:** आज व्यापार में नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। मनोरंजक यात्रा का विचार बनाएंगे। घर में बिन–बुलाए मेहमान आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तनाव आने की आशंका है। नए संपर्कों का बेहतर लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

**तुला:** आज संध्या के समय कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य के लिए नए व्यापार की योजना बनाएंगे। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कारोबार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आज अपने मित्रों और शुभचिंतकों पर व्यर्थ में शक न करें। मन में भावुकता और क्रोध का आधिक्य रहेगा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु:** आज किसी मित्र द्वारा आपको करियर को लेकर अच्छी सलाह मिल सकती है। रियल एस्टेट में निवेश करने का विचार बनाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जातकों के लिए समय शुभ है।

**मकर:** आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज विद्यार्थी करियर को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं। आपको पिता की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी से कोई वादा नहीं करना चाहिये। प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत तनावपूर्ण हो सकती है। आपको अपनी गुप्त बातें किसी से नहीं कहनी चाहिए। आत्मविश्वास की कमी के कारण निराशा का अनुभव कर सकते हैं। विदेशी भूमि पर रहने वाले जातकों के लिए दिन शुभ नहीं है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
एक द पॉवर ऑफ वन — सुबह : 11.15
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY PIX
हेलबॉय — सुबह : 10.17
जुमांजी — रात : 07.00

SONY MAX
तारा वर्सेज बिलाल — सुबह : 10.22
हिंदी मीडियम — रात : 09.40

ZEE CINEMA
इंटरनेशनल खिलाड़ी — सुबह : 10.30
इंडिया लॉकडाउन — रात : 07.30

colors CINEPLEX
दुनिया — दोपहर : 12.02
गोलमाल 3 — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात–07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति–यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी– जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

लड़की–पापा मुझे एक लड़का तंग करता है।
पिता–क्या सजा दूं उसे?
लड़की–मेरी शादी उससे करवा दो।
पिता–वाह बेटी वाह ... सजा देने में बिल्कुल अपनी मां पर गई है।

## एक नजर


दरियापुर मोहल्ले में हुआ जलभराव।

### टूटी पानी की पाइप से मोहल्ले में जलभराव

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** दरियापुर मोहल्ले के निवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल को शिकायती पत्र दिया है। पत्र देते हुए बताया कि दरियापुर मोहल्ले के गोल्डन प्लाजा के पास नगर पालिका द्वारा लगाई गई पानी की पाइप टूट गई है। जिससे लगातार पानी बहते हुए मोहल्ले में जमा हो रहा है। जिससे मोहल्ले के निवासियों का आवागमन बाधित हो गया है। शिकायती पत्र देने में मुख्य रूप से रूपा शर्मा, किरण जायसवाल, विष्णु जायसवाल, नीरज बरनवाल व सपना आदि मौजूद रहे।

### कुत्ते से टकराई बाइक युवक घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के नेवादा इसहाकपुर निवासी उमेश प्रजापति अपने पिता राम अचल के साथ गुरुवार की सुबह घर से कूरेभार बाजार बाइक से दवा के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह द्वारिकागंज के अनन्या मोटर्स के पास पहुंचे अचानक कुत्ता आ जाने से टकराकर दोनों चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को मेडिकल कालेज भेजा। जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।

# पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 15 आरोपियों का वारंट निरस्त

## विद्युत व्यसस्था को लेकर सड़क जाम, सरकारी कार्य में बाधा व पुलिस कर्मियों से अभद्रता का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचार।** खराब बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी कामकाज में बाधा, पुलिस कर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 15 आरोपी एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर हुए। वारंट निरस्त करने के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने अनूप संडा, मो. तौकीर, मो. अजहर समेत 15 आरोपियों के वारंट निरस्त कर शेष साक्ष्य के लिए 12 फरवरी की तारीख नियत की है। कोर्ट में तत्कालीन दरोगा हरेंद्र प्रताप सिंह से बचाव पक्ष के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने जिरह की।

खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### चांद बाबू हत्याकांड के आरोपी की जमानत खारिज

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के दीवानी चौराहे के पास जलकर विभाग के कैंपस में चार साल पूर्व चांद बाबू हत्याकांड में आरोपी गोसाईगंज सिरवारा निवासी मो. अफसर की जमानत जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। वादिनी किश्वर के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया 28 जून 2019 को गोलाघाट से रिक्शे से रात में लौटते समय दीवानी चौराहे के निकट स्कार्पियो सवार बदमाशों ने टक्कर मारकर चांद बाबू को गिरा दिया व मारने के लिए दौड़े। किसी प्रकार चांद बाबू भागकर जलकल विभाग पहुंचा, जहां पर मो. शमीम, मो. अफसर, मो. सफदर व कव्वाल ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कोर्ट ने मो. अफसर की जमानत पर हुई सुनवाई में आरोपों को गंभीर पाते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### किशोरी से दुराचार के दोषी को 10 साल की जेल

जिले के थाना क्षेत्र मोतिगरपुर के एक गांव में छह साल पूर्व किशोरी से दुराचार करने के दोषी दीपक को पॉक्सो कोर्ट की न्यायाधीश एकता वर्मा ने गुरुवार को 10 साल जेल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है जो बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देय होगी। एडीजीसी राजेश द्विवेदी के मुताबिक किशोरी को आरोपी ने 12 जून 2017 को जबरन झाड़ी में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के परिवार वालों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने दोषी को सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### अबोध के साथ कुकर्म के दोषी को 20 साल की जेल

▸▸ अदालत से दो साल 28 दिन में आया फैसला

**सुलतानपुर।** जिले के थाना क्षेत्र कुड़वार के एक गांव में दो साल पूर्व चार वर्षीय अबोध बालक से कुकर्म करने के दोषी आमिर खान को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर कुल 56 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक पड़ोसी आरोपी ने 16 जून 2021 की दोपहर घर से आम देने के बहाने घर से ले जाकर उसके साथ कुकर्म कर चोटें पहुंचाई। पीड़िता के माता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये सात गवाहों के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला मात्र दो साल 28 दिन में किया। कोर्ट ने अर्थदंड की 90 फीसदी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़ित को देने का आदेश भी दिया।

# प्रतापगढ़ के युवक की गोली मारकर हत्या

## एनडीपीएस का आरोपी था सुशील, भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** प्रतापगढ़ जिले का युवक अपने साथियों के साथ सुलतानपुर के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन आया था। स्टेशन से 200 मीटर दूर शौच के लिए गए युवक को कुछ लोग गोली मार फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां युवक ने दम तोड़ दिया। घटनास्थल का एसपी सोमेन बर्मा, एएसपी अरुण चंद्र, सीओ लंभुआ अब्दुस्सलाम ने निरीक्षण किया। वहीं, मृतक युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बुधवार की रात प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रामगंज निवासी 23 वर्षीय सुशील यादव अपने दोस्तों के साथ सुलतानपुर के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन आया था। शाम करीब सात बजे वह शौच के लिए स्टेशन से 200 मीटर दूर गया था। इसी बीच कुछ लोगों ने उसे गोली मारकर भाग निकले। घायल युवक ने गोली लगने की सूचना अपने दोस्तों को फोन पर दी तो मौके पर पहुंचे दोस्त परिजनों को सूचित करते हुए जिला अस्पताल प्रतापगढ़ ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के जानकारी मिलते ही एसपी सोमेन बर्मा, एडिशनल अरुण चंद्र ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, मौके पर सुलतानपुर की चांदा थाने की पुलिस व प्रतापगढ़ आसपुर देवसरा की पुलिस मौजूद हैं। मृतक युवक के बड़े भाई अनिल यादव मृतक के ससुराल पक्ष के टीरू यादव, संजे यादव, गुड्डू यादव निवासीगण विझला थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ तथा नीरज यादव उर्फ सीडी पर गोली मारने का शक जताया है।


हत्या के बाद घटनास्थल की जांच करती पुलिस व इनसेट में सुशील की फाइल फोटो।

चांदा थाना प्रभारी जय प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं, एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि मृतक युवक सुशील को अयोध्या जिले में 37 किग्रा गाजे के साथ पकड़ कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया था। उसी के पेशी के लिए प्रतापगढ़ आया था। दोनों जिलों की फोर्स मौके पर मौजूद हैं। घटना की सभी पहलुओं से जांच पड़ताल की जा रही हैं। जल्द ही वर्क आउट किया जायेगा।

# फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा, हड़कंप

▸▸ आरोपी के हाजिर न होने पर की जाएगी कुर्की की कार्रवाई

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी सचिन वर्मा पुत्र राम मिलन जो कि एक मामले में वांछित है। पुलिस की पकड़ से दूर फरार चल रहा है। जिसके चलते उसके घर पहुंची पुलिस ने मुनादी करवा कुर्की की नोटिस चस्पा किया। उपनिरीक्षक के के पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाने पर 363,366 का मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर कई बार गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। लेकिन आरोपी हाथ नहीं लग सका। वारंट के बाद भी फरार चल रहे आरोपी के घर व कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई। लेकिन सफलता नहीं मिली। नोटिस चस्पा होने के बाद भी अगर आरोपी हाजिर नहीं होता तो कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।


गोसाईगंज में नोटिस चस्पा करती पुलिस।

# सीएमओ की टीम को नहीं दिखा सके पंजीकरण अभिलेख

- अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर अंकुश लगाने को निकली स्वास्थ्य विभाग की टीम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर अंकुश लगाने के लिए निकली स्वास्थ्य विभाग की टीम को आधा दर्जन चिकित्सक पंजीकरण अभिलेख नहीं दिखा सके। जिस पर सीएमओ ने तीन दिन के अंदर पंजीकरण अभिलेख दिखाने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ की इस कार्यवाही से अवैध नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

गुरुवार को सीएमओ डा. ओपी चौधरी ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पीडी त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक विजय कुमार राय की टीम नर्सिंग होम की जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने गभड़िया स्थित सरदार क्लीनिक, डा. अनवर अली हयात क्लीनिक, धर्मपाल कांप्लेक्स स्थित डा. आरके सिंह, डा. रूकैया बानो, डा. नगमा बेगम, डा. शमा परवीन, डा. रिजवान मुज्तबा मेमोरियल क्लीनिक अमहट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अफरा-तफरी मची रही। सीएमओ डा. ओपी चौधरी ने बताया कि जांच किए गए नर्सिंग होम के संचालकों व स्टाफ द्वारा पंजीकरण अभिलेख नहीं दिखा सके। नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अंदर पंजीकरण अभिलेख दिखाने का निर्देश दिया गया है।


जीजीआईसी में एल्बेंडाजोल की गोली देते सीएमओ।

### सीएमओ ने की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत

**संवाददाता, सुलतानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओम प्रकाश ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। सीएमओ ने केश कुमारी बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को अल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य एक से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से सुरक्षित रखना है। कार्यक्रम में जिले के सारे स्कूल सरकारी एवं प्राइवेट और आंगनवाड़ी में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के सहयोग से सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएगी। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी बंशीलाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार, आरबीएसके मैनेजर डॉ मीर अली, अर्बन कोऑर्डिनेटर विकास यादव, एविडेंस एक्शन के प्रतिनिधि सुशील तिवारी उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के मामले में होटल संचालक को भेजा गया जेल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र जगदीशपुर के एक गांव में बीती 11 सितंबर को घरेलू सामान लाने गई किशोरी को गांव के आकाश विश्वकर्मा ने घर छोड़ने की बात कह कर बाइक पर बैठा लिया। किशोरी को घर ले जाने की बजाय उसे जगदीशपुर कस्बे में स्थित गुप्ता भोजनालय ढाबा एवं रेस्टोरेंट में ले गया।

आरोप है कि वहां पर आरोपी ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। किशोरी किसी तरह अपने घर गई और परिजनों को जानकारी दी। किशोरी की माता इसकी शिकायत करने आरोपी आकाश विश्वकर्मा के घर गई तो आकाश विश्वकर्मा व उसके चचेरे भाई सुनील विश्वकर्मा ने गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दी। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया था। दौरान विवेचना पुलिस ने होटल संचालक देवेश गुप्ता को अवैध गतिविधि संचालित करने के आरोप में आरोपी बना दिया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को पॉस्को की विशेष कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश पवन शर्मा ने आरोपी को तीन फरवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने का आदेश दिया।

## सार-संक्षेप


प्रेस क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद पत्रकार। अमृत विचार

### पत्रकारिता की कार्यशाला थे वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रकाश

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त चार दशक तक कलम की धार से समाज और देश को नई दिशा देने वाले कई अखबारों के संपादक व प्रबंध निदेशक रहे शिव प्रकाश गुप्ता के निधन पर प्रेस क्लब में पत्रकारों ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि भेंट की। यहां वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके कार्यकाल की अनेक यादें साझा की। वरिष्ठ पत्रकार अनिल द्विवेदी के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में जिले के पत्रकार संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल हुए। वरिष्ठ पत्रकार ज़ीतेंद्र श्रीवास्तव ने कहा शिव प्रकाश जी अपने आप में पत्रकारिता की पूरी कार्यशाला थे। वह अपने साथ पत्रकारिता के गुर सीख रहे पत्रकारों का बड़ा प्रोत्साहन करते थे। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सत्यदेव तिवारी, अशोक मिश्रा, अवधेश शुक्ला, इम्तियाज रिजवी, अंकित राय आदि शामिल हुए।

### छिनैती के मामले में सप्ताह भर बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी पवन कुमार पुत्र बाबूराम की अमहट में जनसुविधा केन्द्र की दुकान है। 24 जनवरी को पवन दुकान बंद करके रात्रि करीब 8 :30 बजे घर आ रहे थे। बीच में छरौली नहर के पास पहुंचे तो गाड़ी खड़ी कर फोन पर बात कर रहे थे कि दो अज्ञात बाइक सवार लोगों ने उनके पास आकर बैग छीनने लगे। जब वह बाइक से भागने का प्रयास किया तो उचक्कों ने पवन को ओवरटेक करके रोक लिया और तमंचे के बल पर उसके पास से रुपए से भरा बैग छीनकर भाग गए और बैग में रखे जरूरी कागजात को कुछ दूर पर जाकर फेंक दिया। पीड़ित का आरोप है कि बैग में 50 हजार रुपए थे। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। घटना के पांच दिन बाद बुधवार 31 दिसंबर को मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूचना पर हरकत में आई पुलिस तत्काल छरौली नहर के पास पहुंची। घटनास्थल के आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके आधार पर पुलिस उचक्कों की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना के बावत छानबीन की जा रही है।

### हमजापुर ने तीन विकेट से जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** लक्ष्मणपुर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच हमजापुर एवं खंडौरा के बीच खेला गया। बृहस्पतिवार को आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हमजापुर ने टॉस जीत कर कप्तान प्रवेश की अगुवाई में पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। खंडौरा ने कप्तान अजीत की अगुवाई में पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 6 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर 46 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हमजापुर की टीम ने सात विकेट खोकर पांच ओवर में ही 47 रन बना लिए। इस प्रकार हमजापुर ने तीन विकेट से मैच को जीत लिया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हमजापुर के कप्तान प्रवेश को उनके द्वारा खेली गई 22 रनों की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य रंजीत यादव रंजू ने फीता काटकर किया। मौके पर भाजपा नेता राहुल तिवारी, कोमल यादव, अंकित पांडेय, रोहित यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# खुली बोली से दो दिनों में हुई 62 तालाबों की नीलामी

सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जिले की जयसिंहपुर तहसील सभागार में बुधवार से गुरुवार तक दो दिनो तक तहसीलदार हृदयराम तिवारी की मौजूदगी में तालाबों की खुली बोली के माध्यम से नीलामी की गई। पहले दिन 30 तालाबों की नीलामी की गई। तो वही दूसरे दिन 32 तालाबों की नीलामी हुई। बताते चलें कि जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 107 तालाबों की नीलामी मछली पालन के लिए की जानी थी। जिसमें नीलामी अधिकारी तहसीलदार हृदयराम तिवारी की मौजूदगी में बुधवार को तालाबों की नीलामी के लिए करीब 45 लोगों ने भाग लिया। पहले दिन 66 में 30 तालाबों नीलामी प्रक्रिया पूरी हुई।

गुरुवार को 65 लोगों ने नीलामी में भाग लिया जिसमें 32तालाबों की नीलामी हुई। नीलामी अधिकारी तहसीलदार हृदयराम तिवारी ने बताया कि तालाबों की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो गई है। शेष बचे हुए तालाबों की नीलामी प्रक्रिया बाद में होगी।

### उधार का पैसा मांगने पर दुकानदार को पीटा, रेफर

**कादीपुर, सुलतानपुर अमृत विचार।** कोतवाली के बेरा मारूफपुर गांव के पूरनमासी की सरैया मुस्तफाबाद बाजार में चाय की दुकान है। आरोप है कि बुधवार को दामोदरपुर गांव के हरीश निषाद उनकी दुकान पर आए। दुकान पर बैठे पूरनमासी ने हरीश से अपने उधार पैसे मांगे। जिससे वह नाराज होकर गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लोहे के डाई से उनके सिर पर हमला कर दिया। जिससे सिर फट गया, उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालत नाजुक होने के कारण जिला मेडिकल कॉलेज से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पीड़ित की पत्नी सूरसती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हरीश निषाद के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# आकर्षण का केंद्र बना श्री अन्नपूर्णा भवन

▸▸ सुसज्जित तरीके से बनाए गए इस भवन में हर मौसम में सुरक्षित रहेगा राशन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जिले के जयसिंहपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मिश्रौली बन कर तैयार अन्नपूर्णा भवन ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अन्नपूर्णा भवन राशन के रखरखाव के लिए काफी सुसज्जित तरीके से बनाया गया है। इसमें राशन हर मौसम में राशन सुरक्षित रहेगा। उचित दर विक्रेताओं को राहत देने ग्रामीणों को सही समय से राशन उपलब्ध कराने के लिए डोर स्टेप डिलीवरी शुरू की गई है। जिन उचित दर विक्रेता के यहा डोर स्टेप डिलीवरी नहीं हो पा रही थी। जिसके चलते जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण पंचायत विभाग द्वारा कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान राजमणि मिश्रा ने बताया कि सरकार की इस योजना से राशन सुरक्षित रहेगा साथ ही ग्रामीण भी लाभान्वित होंगे। खंड विकास अधिकारी डा निशा तिवारी के पर्यवेक्षण ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेन्द्र कुमार तिवारी के देख रेख बना अन्नपूर्णा भवन लोगो के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अन्नपूर्णा भवन बनाने में 9 लाख 75 हजार रुपये की लागत आई है।



बनकर तैयार हुआ श्री अन्नपूर्णा भवन। अमृत विचार

**अंतरिम बजट** — मध्यम वर्ग निराश तो विकसित भारत की कल्पना वाला बताया जा रहा बजट

# महिलाओं के वोट साधने वाला चुनावी बजट


अंजलि


डा. ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के चुनावी साल होने की वजह से अंतरिम बजट पेश किया गया है। बजट से उम्मीद के मुताबिक बड़े एलान तो नहीं किए गए, लेकिन महिलाओं को साधने का प्रयास किया गया है। मध्यम वर्ग बजट से निराश हुआ है। विभिन्न वर्ग के लोगों से बातचीत के अंश प्रस्तुत है।

अधिवक्ता अंजलि ने बताया कि रक्षा बजट में बढ़ोतरी एक सराहनीय कदम है। रेल के बंदे भारत के डिब्बों को बढ़ाना, रोजगार के अवसर के साथ महिलाओं के लिए भी बजट में प्राविधान बेहतर बजट है। राणा प्रताप महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि बजट में जनभावनाओं का आदर नहीं किया गया है। इससे न तो मंहगाई कम होते दिख रही है और न ही बेरोज़गारी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस बजट से कर्मचारी, व्यापारी, बेरोजगार, ग्रामीण आदि काफी आशान्वित थे पर सभी आशायें फलीभूत नहीं हुईं। हालांकि इस बजट से उम्मीद की किरणें जरूर फूटी हैं जो भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होंगी।

### विकसित भारत में सहायक होगा बजट: डॉ. पाण्डेय


डा. पवन पांडेय।

बजट खासकर नौकरी पेशे से जुड़े लोगों को जो टैक्स में बदलाव की आश लगाए बैठे थे उनको कुछ नहीं मिला। हां महिलाओं के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, रेलवे का आधुनिकीकरण, नए वंदे भारत ट्रेन और राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है जो विकसित भारत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। नौकरी पेशे को छोड़कर अन्य सभी वर्गों पर ध्यान दिया गया है।

**– डॉ. पवन कुमार पांडेय, वाणिज्य संकाय, गनपत सहाय महाविद्यालय**

### 10 साल की उपलब्धियों वाला बजट: डॉ. द्विवेदी


डा. दिनेश द्विवेदी।

अंतरिम बजट में वित्त मंत्री द्वारा अपनी 10 साल की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। आने वाले समय में क्या योजनाएं हैं, उनके बारे में बताया गया है। टैक्स में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, जबकि मध्यम वर्ग के लोगों को उम्मीद थी कि कुछ परिवर्तन तो होगा। स्टार्टअप ब्याज दर में छूट एवं आशा बहू आंगनबाड़ी को आयुष्मान से जोड़ा गया है यह एक सराहनीय कार्य है कुल मिलाकर बजट लोक लुभावना है। यह बजट एक चुनावी भाषण मात्र है।

**– डा. दिनेश चंद्र द्विवेदी, असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग, गनपत सहाय महाविद्यालय**

### कांग्रेस ने बताया धोखे वाला बजट


वरुण मिश्र।

कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी व उप्र कांग्रेस कमेटी के सदस्य वरुण मिश्र ने कहा कि बजट से युवा निराश हुआ है। उसे उम्मीद थी कि सरकार इस चुनावी बजट में युवाओं के लिए कुछ लोक लुभावन संभावनाएं लाएगी और रोजगार से संबंधित बातों पर सरकार गौर करेगी लेकिन जिस तरह से वित्तमंत्री ने सदन के भीतर एक रटा रटाया स्टेटमेंट दे दिया। उससे देश के नौजवानों को निराशा हुई है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी ने कहा कि बजट के प्रारंभिक विश्लेषण से सामने आए आंकड़ों का लब्बोलुआब है कि मोदी सरकार ने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक कल्याण के खर्चों में पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ोतरी करने के बजाय कटौती की है।


राजेश तिवारी।

### भाजपा ने बजट को सराहा

भाजपा के जिला प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा 2047 तक विकसित भारत बनाने वाला बजट है। इस बजट में 3 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी। 3 प्रमुख आर्थिक रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। रोजगार के लिए 55 लाख नए अवसर मिलेंगे।


विजय सिंह रघुवंशी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–01.02.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि **ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा , विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर** एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–02.02.2024 से 08.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय **ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर** में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–08.02.2024 को सायं 04: 00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत आरआरसी निर्माण कार्य कराये जाने हेतु। | 3.02 लाख रुपये | बालू, मोरंग, पत्थर (20mm), ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि सामग्री। | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

# अंतरिम बजट से कहीं खुशी तो कहीं गम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा में गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्तमान केन्द्र सरकार के कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री ने सधे हुए बजट में काफी क्षेत्रों को राहत दी है। जबकि कर्मचारी वर्ग को उम्मीद के मुताबिक निराशा हाथ लगी है। लोगों को उम्मीद थी कि चुनावी बजट होने के चलते इसमें काफी कुछ लोक-लुभावन घोषणाएं होंगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जिसको बजट पेश होने के बाद दिन भर चर्चा का माहौल रहा। कुछ लोगों का कहना है कि इस बजट में लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए किसान, व्यापारी, छात्र, गृहणियों तथा कर्मचारियों को लुभाने की कोशिश किया गया है।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार देश की जनता के विकास लिए प्रतिबद्ध है। जिसका बजट सदन में पेश किया गया जिसमें सभी लोगो का ख्याल किया गया है। यह बजट आने वाले दिनों में देश की जनता के लिए बहुत अच्छा विकास करेंगा।
**निशांत पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, सिद्धार्थनगर।**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण द्वारा पेश किया गया यह छठवां बजट है, जिसमें महिलाओं और किसानों के हितों के साथ आम और खास नागरिकों का पूरा ध्यान रखा गया है। यह बजट देश के लिए प्रगतिशील है। इससे देश का चहुंमुखी विकास होगा।
**डॉ. सीमा मिश्रा अध्यक्ष, साहित्य संगम सिद्धार्थनगर।**



यह बजट कर्मचारी एवं शिक्षक वर्ग को हतास करने वाला है। बजट से कर्मचारियों एवं शिक्षकों में बड़ी निराशा हुई है। कर्मचारी एवं शिक्षक पुरानी पेंशन की आशा कर रहे थे जिसमे सरकार ने कोई सकारात्मक संकेत नहीं दिए। इनकम टैक्स की स्लैब भी भ्रामक है। **रामकरन गुप्ता जिलाध्यक्षकर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा, सिद्धार्थ नगर।**



उम्मीद थी कि बजट में कर्मचारियों को कुछ तो मिलेगा, लेकिन निराशा ही हाथ लगी। कर्मचारियों को आयकर सीमा में भी बड़ी राहत नहीं मिल सकी। पुरानी पेंशन बहाली पर हम सब को निराश किया है। बजट में कर्मचारी हितों पर भी ध्यान देना चाहिए था। **सुजीत कुमार जायसवाल, जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, सिद्धार्थ नगर**



किसानों और नौजवानों की लिए भाजपा सरकार का अंतरिम बजट बिल्कुल निराशाजनक रहा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ रही है, उनके लिए व्यवस्था की जानी चाहिए थी। किसान भी महंगाई से परेशान हैं। खाद व बीज समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।
**लालजी यादव, जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी सिद्धार्थनगर**

## अंतरिम बजट से रेलवे को मिला काफी कुछ

**गोरखपुर, अमृत विचार।** वित्तमंत्री निर्मला सीमारमण द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट में रेलवे के लिए काफी कुछ किया गया है। बजट में रेल सम्बन्धी तीन कॉरीडोर बनाये जाने का प्रावधान है, जिसमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट कॉरीडोर, पोर्ट कनेक्टविटी कॉरीडोर तथा अधिक यातायात घनत्व के कॉरीडोर का कार्य शामिल है। इससे लाजिस्टिक सुधार के साथ ही लागत में कमी आयेगी तथा आर्थिक विकास को गति मिलेगी। बजट से रेल संरक्षा बढ़ेगी। 40 हजार कोचों को वंदेभारत के कोच के तर्ज पर विकसित किये जायेंगे। रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अष्विनी वैष्णव ने आज रेलभवन, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अंतरिम बजट 2024-25 में रेलवे को प्राप्त बजट एवं रेलव परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने रेलवे के विकास हेतु रिकार्ड धनराशि आवंटित करने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि बजट 2024-25 में रेलवे को रूपया दो लाख बावन हजार करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जिसमें से उत्तर प्रदेश को



रेल मंत्री की पत्रकार वार्ता के दौरान महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर।

रू. 19,575/-करोड़ का बजट मिला है, जो वर्ष 2009-14 के दौरान प्राप्त औसत बजट से 17 गुणा ज्यादा है। रेलमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में 1978 किमी. रेलवे ट्रैक का निर्माण प्रति वर्ष किया जा रहा है, जो पहले (वर्ष 2009-14) 150-160 किमी. हुआ करता था। उत्तरप्रदेष के सभी बड़ी लाइन रेल खण्डों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है। श्री वैष्णव ने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में रू. 98,015 करोड़ का निवेश भारतीय रेलवे द्वारा किया गया है। उत्तर प्रदेश के 157 स्टेशनों का अमृत स्टेशन के अंतर्गत विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षो में उत्तर प्रदेश में 1377 सड़क उपरिगामी पुल/सड़क अधोगामी पुल का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश के 143 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद के अंतर्गत स्टॉल खोले गये है, जो स्थानीय उत्पादों को एक व्यापक बाजार उपलब्ध करा रहा है तथा लोगों के आय में वृद्धि हो रही है। श्री वैष्णव ने कहा कि स्टेशनों के विकास का कार्य काफी तीव्र गति स किये जा रहे है। रेल मंत्री ने इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों में रेलवे के विकास हेतु आवंटित बजट का विवरण प्रस्तुत किया। अमृत चतुर्भुज के अंतर्गत तीन नये कोरिडोर बनाये जायेंगे, जो चार एवं छह लाइन के होगें। यह कोरिडोर लगभग 40,900 किमी का होगा। इसके बन जाने से रेलवे ट्रैक की क्षमता बढ़ेगी तथा अधिक से अधिक ट्रेनों का संचलन किया जा सकेगा, जो जन-जन के लिए लाभकारी होगा। एक प्रश्न के जबाब में रेलमंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेल संरक्षा पर एक लाख आठ हजार करोड़ का निवेश कर रही है। संरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु वर्ष 2016 में प्रारम्भ कवच प्रणाली, पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बताया कि पिछले वर्ष 5200 किमी. नया ट्रैक बिछाया गया तथा इस वर्ष साढ़े 5500 किमी. नया ट्रैक बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। अयोध्या क्षेत्र के पॉच स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। अयोध्या आने वाली सभी रेल खण्डों का दोहरीकरण करने हेतु कार्य किया जा रहा है, जिसमें मनकापुर-अयोध्या धाम खण्ड का भी डी.पी.आर. तैयार कर लिया गया है। पत्रकार वार्ता में गोरखपुर केन्द्र से वीडियो लिंक के माध्यम से महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबंधक डीके सिंह, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, महाप्रबंधक के सचिव आनन्द ऋषि श्रीवास्तव, मीडिया के सदस्य सहित अन्य केन्द्रों पर वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित थे।



डिटॉल हाइजीन ओलंपियाड में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते आयोजक।

## उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत राष्ट्र स्तर पर आयोजित डिटॉल हाइजीन ओलंपियाड में जनपद से उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर सम्मानित किया गया। जनपद के विकासखंड बंसी के कंपोजिट विद्यालय गोल्हौरा के दीपक चौधरी, कक्षा 5, प्राथमिक विद्यालय वरदही नानकार की रागिनी कक्षा 4 और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, शोहरतगढ़ की जागृति उमर कक्षा 8 के छात्रों को बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडे ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एवं स्वच्छता सामग्री प्रदान की गई साथ ही साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापको को हाइजीन ओलंपियाड में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बनेगा स्वस्थ इंडिया के जिला प्रमुख रंजीत कुमार ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर से लगभग 12000 बच्चों ने हाइजीन ओलंपियाड में भाग लिया था, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत हमारा यह मुख्य उद्देश्य है कि बाल अवस्था से ही बच्चों में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वच्छ आदतों को अपनाने हेतु जानकारी प्रदान करना एवं उनके व्यवहार में परिवर्तन कर उन्हें स्वच्छता दूत के रूप में विकसित करना है। इस समारोह में बेसिक शिक्षा के जिला समन्वयक रितेश कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, संदीप कुमार विद्यालय के शिक्षक रूद्रेश कुमार श्रीवास्तव, नीलम चतुर्वेदी, पुनवासी एवं संस्थान के सुनील त्रिपाठी उपस्थित थे।

# श्री अन्न उगाने से स्वास्थ्य के साथ आय भी होगी बेहतर

## सिद्धार्थनगर महोत्सव : कृषि विभाग की गोष्ठी में विधायक श्यामधनी राही ने किसानों को किया जागरूक

सिद्धार्थनगर अमृत विचार

जनपद के सभी किसान श्री अन्न को अपने फसल चक्र में शामिल करें जिससे स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और अच्छी आय भी प्राप्त होगा। यह बात विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने गुरुवार को बीएसए ग्राउण्ड से मिलेट्स (श्री अन्न) प्रचार वाहन एवं जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान कही। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न विकास खंडों में जाकर लोगों को श्री अन्न के बारे में जागरूक करेगी। इसके बाद सिद्धार्थनगर महोत्सव में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जागरूकता संबंधी गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों को सरकारी योजनाओं और प्रयासों की जानकारी दी।

उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही कृषि निवेश की उपलब्धता के सम्बन्ध में बताया। महेन्द्र नाथ पाण्डेय द्वारा कालानमक उत्पादन पर लोकगीत प्रस्तुत कर किसानों को जागरूक किया गया। डॉ सर्वजीत कुमार द्वारा उन्नतशील बीज उत्पादन एवं मिलेट्स की महत्ता, डॉ एसएन सिंह द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन, डा प्रदीप द्वारा मशरूम उत्पादन एवं शहद उत्पादन, भुवनेश्वर पाण्डेय द्वारा पर्यावरण संरक्षण, रामचेत चौधरी (पीआरडीएफ) द्वारा कालानमक उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। गोष्ठी में जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. जीवन लाल, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दूबे, भूमि संरक्षण अधिकारी रविशंकर पाण्डेय व अन्य सम्बंधित अधिकारी, प्रधान संघ के पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित थे। सम्मान कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधकारी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डुमरियागंज को सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया।




मिलेट्स (श्री अन्न) प्रचार वाहन एवं जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक और डीएम।

**श्री अन्न से बनाए उत्पाद, मिला पुरस्कार**

मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम में दिव्यांशी पाण्डेय (रागी के इडली के लिए) प्रथम पुरस्कार, मंजू गुप्ता को रागी का हलवा के लिए द्वितीय पुरस्कार, संतोष गौड़ को बाजरे की रोटी साग के लिए तृतीय पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह, सम्मान-पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। रीता देवी एवं रीना को रागी का लड्डू, राम केवल यादव एवं रिंकी को सांवा की खीर के लिए अंगवस्त्र एवं सम्मान-पत्र वितरित किया गया।

### अच्छी प्रदर्शनी के लिए आरसी चौधरी को प्रथम पुरस्कार

कालानमक जोन में अच्छी प्रदर्शनी के लिए आरसी चौधरी को प्रथम पुरस्कार एवं विवेक कुमार सिंह को चावल पर शोध के लिए द्वितीय पुरस्कार, श्रीधर पाण्डेय को श्री अन्न के उत्पादन में सराहनीय योगदान हेतु, सुशीला मिश्रा को कालानमक के जैविक उत्पादन के लिए, महेन्द्र नाथ पाण्डेय को कालानमक के प्रचार प्रसार के लिए, डॉ सर्वजीत कुमार को उन्नतशील बीज उत्पादन एवं मिलेट्स, डॉ एसएन सिंह को फसल अवशेष प्रबन्धन, डा0 प्रदीप को मशरूम एवं शहद उत्पादन, भुवनेश्वर पाण्डेय को पर्यावरण संरक्षण, रामचेत चौधरी(पीआरडीएफ)द्वारा कालानमक उत्पादन के लिए अंगवस्त्र एवं सम्मान-पत्र प्रदान किया गया।

### लोगो डिजाइन के लिए कविता सोनी पुरस्कृत

सिद्धार्थनगर महोत्सव 2024 लोगो डिजाइन के लिए कविता सोनी तथा विद्यालयी आयोजन समिति के सदस्यों तथा कमिश्नर स्काउट हरिशचन्द्र, स्काउट मास्टर, स्काउट, गाइड, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के 11 लाभार्थियों को तथा पंचायती राज विभाग द्वारा बेहतर कार्य के लिए अध्यक्ष, ग्राम प्रधान संघ एवं अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

# टेंपो पर पलटा ट्रक, युवक की मौत पांच लोग गंभीर रूप से हुए घायल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

जिले के उसका थाना क्षेत्र के पकड़ी चौराहे पर भीषण हादसे में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर हड़कंच मच गया। तत्काल जेसीबी बुलाकर ट्रक को खड़ा करने का प्रयास शुरू हुआ। ट्रक के नीचे दबे लोगों को निकालकर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

गुरुवार दोपहर प्लाई से लदी ट्रक क्षेत्र के पकड़ी चौराहे पर अनियंत्रित होकर टैक्सी पर पलट गई। जिससे टैक्सी चालक सुधीर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि टैक्सी में सवार अवधेश (35), उर्मिला पत्नी अवधेश (32) तथा आदित्य पुत्र अवधेश (12) गंभीर रूप से घायल हो गए। यह परिवार चिल्हिया थाना क्षेत्र के केसारी गांव का निवासी है। इसके अलावा टैक्सी में सवार महराजगंज जनपद के रमगढ़वा निवासी जोखन (60) तथा धर्मपुर महराजगंज निवासी राकेश (45) घायल भी गंभीर रूप से घायल हैं। सभी का इलाज मेडिकल कालेज सिद्धार्थ नगर में चल रहा है। ट्रक पलटने से मौके पर खड़ी तीन बाइकें भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, पूर्व मंत्री डा सतीश दिवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पहुंचकर जायजा लिया और घायलों के समुचित इलाज का प्रबंध कराया।



घटनास्थल पर मौजूद डीएम, एसपी व भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

## अतिक्रमण के खिलाफ चलाया गया अभियान

**गोरखपुर, अमृत विचार।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह के नेतृत्व में नगर निगम के प्रवर्तन दल की टीम लगातार अतिक्रमण पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर निगम के प्रवर्तन दल व पुलिस टीम के संयुक्त नेतृत्व में अभियान चलाया गया। टीम ने टाउन स्थित मिरिंडा पेट्रोल पंप से शास्त्री चौक तक अतिक्रमण हटवाया गया। अभियान के दौरान टीम ने अतिक्रमण को जहां ध्वस्त किया गया वहीं सामानों को भी जब्त की कार्रवाई की गई है। टीम ने सिटी मॉल के सामने सड़क के किनारे ठेला खोमचा वाले को हटाने के साथ ही अतिक्रमण किए हुए लोगों का चालान भी काटा गया है। टीम ने आज 44600 रुपये जुर्माना वसूला गया है प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ भी परिवर्तन दल की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है आज टीम ने 2 किलो 700 ग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन को जप्त किया है।

## 35वें हैंडबॉल फेडरेशन कप में चमकीं महिला खिलाड़ी

गोरखपुर, अमृत विचार

पूर्वोत्तर रेलवे की महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण 28 से 31 जनवरी तक सांगली, महाराष्ट्र में आयोजित 35वें हैंडबॉल फेडरेशन कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय रेलवे महिला हैंडबॉल टीम ने राजस्थान को एकतरफा मुकाबले में 26-14 से पराजित कर चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। इसके अतिरिक्त 02 से 05 फरवरी तक जयपुर में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप-2024 के लिये रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने 30 पहलवानों सहित 50 सदस्यी कुश्ती दल की घोषणा की है, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे के दो पुरुष पहलवान आसू एवं रोहित यादव तथा दो महिला पहलवान अंकुश एवं मानसी का चयन भारतीय रेल की टीम में किया गया है। टीम के कोच की जिम्मेदारी पूर्वोत्तर रेलवे के युवा कोच जितेंद्र सिंह को दी गई है।

बता दें कि सांगली में आयोजित इस फेडरेशन कप में पूर्वोत्तर रेलवे की छह हैंडबॉल खिलाड़ी नीना, मोनिका, सृष्टि अग्रवाल, सुषमा, ज्योति एवं प्रिया भारतीय रेलवे हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थी। पूर्वोत्तर रेलवे के हैंडबॉल टीम के कोच अरविन्द कुमार यादव को प्रतियोगिता के लिए भारतीय रेलवे महिला हैंडबॉल टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया था।

पूर्वोत्तर रेलवे हैंडबॉल खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा कुश्ती खिलाड़ियों का चयन भारतीय रेल की टीम में होने पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, हैंडबॉल/सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह, कुश्ती/सचिव जय प्रकाश सिंह तथा सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

**सिद्धार्थनगर महोत्सव** | महोत्सव के अंतिम दिन पंचायती राज विभाग की ओर से पंचायत संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# देश के विकास में पंचायती राज व्यवस्था की अहम भूमिका

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

सिद्धार्थनगर महोत्सव के अंतिम दिन पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित पंचायत संगोष्ठी में प्रधानों को पंचायती राज व्यवस्था, विभागीय योजनाओं तथा अन्य विषयों पर जागरूक किया गया। इस मौके पर सभी को उनके कार्य एवं दायित्व के प्रति सचेत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा कि देश के विकास में पंचायती राज व्यवस्था की भूमिका अहम है। इनमें पंचायत प्रतिनिधियों को बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है।

जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार ने विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी दी। ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं, पर अभी नाकाफी है। बजट की पर्याप्त व्यवस्था समेत अन्य अहम बिंदुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ताकीव रिजवी, बस्ती मंडल के अध्यक्ष व्यास पांडेय समेत ग्राम प्रधान दिलीप पांडेय, जितेंद्र सिंह, नागेंद्र ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एडीपीआरओ दिनेश राय समेत अमित श्रीवास्तव, अख्तर हुसेन, विनोद त्रिपाठी, इशातुल्लाह, इजहार अहमद, नरेंद्र श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। संचालन नितेश पांडेय ने किया। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सीडीओ जयेंद्र कुमार ने पांच ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। इनमें भनवापुर के हसुड़ी औसानपुर के दिलीप त्रिपाठी, खेसरहा में कठमोरवा के अनिल पासवान और बेलनुहवा के तुफैल अहमद, बढ़नी में कोटिया के बबलू चौबे, नौगढ़ में भड़ेहर ग्रांट के धर्मराज यादव शामिल थे। पंचायती राज विभाग में मॉडल प्रदर्शन में प्रतिभागी मुख्यालय स्थित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यार्थी परिषद इकाई पदाधिकारियों को सीडीओ जयेंद्र कुमार ने प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनमें 11वीं की छात्रा मुस्कान, साक्षी सिंह, कार्तिक कसौधन, पायल, महिमा, अध्यापिका गरिमा जायसवाल ने नए मॉडल बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस मौके पर अभाविप के विभाग संगठन मंत्री धीरेंद्र सिंह, जिला सलाहकार अमित श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।



मॉडल प्रदर्शन के प्रतिभागियों को सम्मानित करते सीडीओ। अमृत विचार

## रेलगाड़ी की ठहराव अवधि का विस्तार 31 जुलाई तक बढ़ा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा के लिए 15013/15014 जैसलमेर-काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस का ओसियां स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर पूर्व में दिये गये ठहराव अवधि का विस्तार कर 31 जुलाई तक किया गया है। 15013 जैसलमेर-काठगोदाम एक्सप्रेस 07.02 बजे ओसियां स्टेशन पहुंचकर 07.04 बजे प्रस्थान करती है। इसी प्रकार 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस 17.50 बजे ओसियां स्टेशन पहुंचकर 17.52 बजे प्रस्थान करती है।

## सार-संक्षेप

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, कई घायल

**सिद्धार्थ नगर ,अमृत विचार।** सदर थाना क्षेत्र के छतहरा गांव में दो पक्षों में बुधवार को मारपीट हो गई। मारपीट की वजह बच्चे द्वारा पुआल लेकर जाना था। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के बच्चों से पुआल ले जाने को लेकर डांट दिया तो दूसरे पक्ष के लोगों ने प्रथम पक्ष से कहासुनी कर ली। कहासुनी होते-होते दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पांच को चालान कर दिया। छतहरा गांव के दुर्गेश शर्मा के घर का बच्चा पुआल लेकर घर जा रहा था। उसी दौरान विनोद राजभर की पुत्री गुड़िया (18) ने बच्चे को डांट दिया। जिसको लेकर बच्चे के घर के परिजन दुर्गेश शर्मा, मीरा देवी और राहुल गुड़िया को गाली गलौज करने लगे। उसके दोनो पक्ष में कहासुनी होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि दुर्गेश शर्मा, मीरा देवी और राहुल ने गुड़िया को पीटने लगे। बीच बचाव करने आए गुड़िया के पिता विनोद को भी उन मारपीट दिया। मारपीट में गुड़िया, विनोद, दुर्गेश शर्मा, मीरा देवी और राहुल को भी चोट आई। दोनों पक्ष ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों चलान कर दिया।



भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते जिलाध्यक्ष।

### भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। लोकसभा चुनाव प्रभारी समीर त्रिपाठी और लोकसभा चुनाव संयोजक राम कुमार कुंवर ने जिले में विधि विधान से उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉक्टर सतीश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक्सप्रेस के संचालन में किया गया परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अपरिहार्य कारणों से 15004/15003 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर एक्सप्रेस का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। गोरखपुर से 1 फरवरी को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस प्रयागराज जं. स्टेशन पर यात्रा समाप्त कर रही है। वहीं कानपुर अनवरगंज से 2 फरवरी को चलने वाली 15003 कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर एक्सप्रेस प्रयागराज जं. स्टेशन से चलाई जायेगी।

### 10 फरवरी से ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड मीटर गेज खंड के आमान परिवर्तन कार्य के कारण 10 फरवरी से अगली सूचना तक बन्द होने के कारण इस रूट से चलने वाली रेलगाड़ियों के समय में संशोधन किया गया है।

### महोत्सव की चौथी शाम कैलाश खेर ने मचाई धूम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ नगर महोत्सव के चौथे दिन के बुधवार की रात बालीवुड गायक कैलाश खेर और उनके बैंड कैलासा की धूम मची। कैलाश खेर ने बताया कि अपने अलग तरह के आद्यात्मिक गायन के लिए वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवरत्नों में शामिल हैं। बचपन से ही गायन में रूचि थी और आज हिन्दी फिल्मों के साथ ही देश विदेश में गायन के लिए बुलाए जाते हैं। अपने प्रसिद्ध भजन बम बम लहरी से कार्यक्रम की शुरूआत कर कैलाश खेर ने दीवानी तेरी दीवानी, यूँ ही चला चल राही, सैंया रे तथा कागा सब तन खाइयो, छोड़ दिहो दो नैन जैसे कई हिट गाने और भजनों की प्रस्तुति कर महोत्सव पांडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया।

## एक नजर

### पाक कला प्रतियोगिता में विजेता रसोइया सम्मानित

**सांथा, संतकबीरनगर।** जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय लंगड़ाबार की रसोईया मंजू देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए 2500 रुपये धनराशि का पुरस्कार प्राप्त किया। बीईओ ज्ञान चंद्र मिश्र ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए रसोईया को प्रशस्ति पत्र तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रसोईयों को विद्यालयों में मिड डे मील मीनू के अनुसार प्रधानाध्यापक से समन्वय स्थापित करते हुए बनाना चाहिए। भोजन की गुणवत्ता के साथ साथ रसोईयों को स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार, जीतेन्द्र कुमार, रामकेश गुप्ता, सुनील, मालती, कुशलावती आदि लोग मौजूद रहे।

### अतिक्रमण के चलते जाम से राहगीर परेशान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** नगर में लोगों को सड़कों पर लगे जाम में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी प्रमुख मार्गों की पटरियों पर लगे अवैध अतिक्रमण के चलते राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रमेश, अवध किशोर, राम कुमार गुप्ता, सोनू व स्थानीय लोगों ने बताया कि वीर विनय चैराहा से चैक बाजार व मेजर चैराहा सहित नगर की सभी प्रमुख सड़क की पटरियों पर दिन भर अतिक्रमण लगा रहता है। इसके चलते राहगीरों को परेशानी होती है।

# बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्षियों ने बताया दिशाहीन

## गरीबों, किसानों, युवाओं, टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन और नारी शक्ति को प्राथमिकता देने वाला है बजट : श्यामसुंदर वर्मा

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को पेश किए गए बजट को सत्ता पक्ष के नेताओं ने विकसित भारत का रोड मैप बताया तो वहीं विपक्षी दलों के नेताओं ने दिशाहीन चुनावी और गरीबों के लिए महज छलावा बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए धनघटा विधायक गणेश चौहान ने कहा कि विरासत का सम्मान करते हुए युवाओं, बेरोजगारों, किसानों महिलाओं और ब्यापारियों के साथ ही हर वर्ग के उत्थान का प्रयास किया गया है। विशेषकर मध्यम वर्ग और गरीबों के उत्थान में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट विकसित भारत का रोड मैप साबित होगा।

सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि बजट में टैक्स स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। विरासत का सम्मान, नारी शक्ति का उत्थान, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को प्रोत्साहन, ब्यापारियों को सुरक्षा समेत हर दिशा में सरकार ने बेहतर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यह तो महज झांकी है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला होगा। विधायक अनिल त्रिपाठी ने बजट को हर वर्ग की तरक्की और खुशहाली वाला बताया। नगरपालिका खलीलाबाद के पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामसुंदर वर्मा ने कहा कि यह बजट गरीबों, किसानों, युवाओं, टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन और नारी शक्ति को प्राथमिकता देने वाला है। रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर होकर दुनिया के सबसे ताकतवर देशों की कतार में खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब विकसित भारत बनने की तरफ अग्रसर हो चुका है। वरिष्ठ सपा नेता और मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी जयराम पाण्डेय ने बजट को किसानों नौजवानों गरीबों और ब्यापारियों के साथ छलावा बताया। उन्होंने कहा कि बजट महज चुनावी शिगूफा है। इस बजट से किसी का भला होने वाला नहीं है।

**अंतरिम बजट**

▸▸ गरीबों, किसानों, नौजवानों और व्यापारियों के लिए छलावा साबित होगा बजट : जयराम पाण्डेय


श्यामसुंदर वर्मा। गणेश चौहान।


अंकुर राज। अनिल त्रिपाठी।


जयराम पांडेय। सत्येंद्र पांडेय।


सर्वेश त्रिपाठी। दिनेश बारी।

### शिक्षा के लिए बजट में कुछ नहीं : सत्येंद्र पांडेय

**मेंहदावल।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को विपक्षी दलों ने दिशाहीन और गरीब विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि इसमें किसानों और नौजवानों सहित कई अहम मदों में कटौती की गई है और गरीबों को राहत देने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। वहीं सत्ता पक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाने वाला यह बजट अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा और रक्षा क्षेत्र में देश का बोलबाला होगा। सपा नेता सतेंद्र पांडेय ने बजट को छलावा बताया। उन्होंने कहा कि सभी जरूरी मदों में यहां तक की शिक्षा क्षेत्र के लिए बजट में कुछ नहीं है। जबकि जरूरी क्षेत्रों को पुनर्जीवन पैकेज दिया जाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह यह बजट तैयार किया गया है, उससे साफ है कि यह कारपोरेट घरानों के लिए ही है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास हर समस्या का एक ही जादुई जवाब है निजीकरण। लाभकारी उपक्रमों को घाटे वाले बता कर उनका निजीकरण किया जाना सही नहीं है। बजट कहता है कि अगर आपको परेशानी है तो सहें, शिकायत न करें, उम्मीद न करें। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने कहा कि यह अबतक का सबसे शानदार बजट है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर और मजबूत बनेगा। अटल जी ने कहा था जय जवान, जय किसान जय विज्ञान, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था की जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान। उसी के क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए सरकार 11.1 प्रतिशत ज्यादा खर्च करेगी। केंद्र सरकार ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। यह बजट बहुत ही अच्छा बजट है। इस बजट से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। एक समान शिक्षा नीति से शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। मोदी सरकार का यह सबसे शानदार बजट है। कांग्रेस नेता दिनेश बारी ने बजट को मायूसी देने वाला बताया। उन्होने कहा कि जब से केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनी हैं, गरीबों और जनता को महंगाई और धोखे के सिवाय कुछ नहीं मिला है। लोक-लुभावन वादे कर देश की जनता को मूर्ख बनाया जा रहा है।

## श्रावस्ती में अंतरिम बजट को सत्तापक्ष ने ऐतिहासिक तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक


राज कुमार ओझा। उदय प्रकाश। चंद्रपाल यादव। अभिषेक मिश्रा।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सत्तापक्ष ने जताई खुशी। बताया बजट पूरी तरह से विकसित भारत संकल्प को देगा दिशा। बजट देशहित में है। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने बजट की सराहना करते हुए कहा। आज का अंतरिम बजट विकसित भारत संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करने वाला है। बजट को युवा, महिला, किसान, गरीब, के लिए कल्याणकारी बताया है।

राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट में देश के किसानों, महिलाओं,और गरीबों, युवाओं का ध्यान नहीं रखा गया है। महंगाई का मार झेल रहे टैक्सपेयर्स को उम्मीद थी कि सरकार कुछ राहत देगी लेकिन अंतरिम बजट ने उन्हें निराश किया। लोकसभा चुनाव पूर्व सरकार का यह अंतिम बजट है। क्योंकि चुनाव के बाद भाजपा सत्ता से बाहर होने वाली है।

कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव चन्द्र पाल यादव ने केंद्र सरकार के बजट को पूर्णरूप से मोदी सरकार के मित्रों, उद्योगपतियों को समर्पित बजट बताया। उन्होंने कहा हमारा जनपद हिन्दुस्तान का सबसे पिछड़ा जनपद है। भाजपा सरकार के द्वारा जनपद को आगे बढ़ाने के लिए न तो इससे पहले कोई बजट दिया गया और न इस बजट में कुछ है। बजट श्रावस्ती जनपद के लिए और देश के युवाओं और महिलाओं के लिए निराशाजनक है।

पूर्व राष्ट्रीय सचिव सपा अभिषेक मिश्र मुन्ना ने केन्द्र सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों के लिए अत्यंत निराशाजनक बजट है।

# स्मार्टफोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे


विधायक के साथ प्रसन्नचित मुद्रा में छात्राएं। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय स्थित एचआर पीजी कॉलेज में वृहस्पतिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर विधायक अंकुर राज तिवारी के हाथों टैबलेट्स और स्मार्टफोन पाकर 280 छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं, सदर विधायक ने छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और स्मार्ट बनने की भी सलाह दिया। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि स्मार्ट शिक्षा के लिए युवाओं को स्मार्ट बनने की आवश्यकता होती है।

# कविताओं और गजलों पर झूमे श्रोता

**मगहर, संतकबीरनगर।** कबीर मगहर महोत्सव की चौथी रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व कुलहिन्द मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसकी निजामत अंतर्राष्ट्रीय शायर नदीम फर्रूख व अध्यक्षता मशहूर कवि जमुना प्रसाद उपाध्याय ने किया। मुशायरा और कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा। सभी श्रोता कवियों और शायरों की गीतों व गजलों पर झूमते रहे। हास्य व्यंग्य के कवियों की रचना को सुनकर लोगों ने खूब ठहाके लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत डीएम महेंद्र सिंह तंवर की इजाजत के बाद हुई।

संचालन का दायित्व बखूबी अंजाम देते हुए नदीम फर्रूख ने सरस्वती बन्दना के लिये अंतरराष्ट्रीय कवि पवन सबा को आवाज दिया। जिन्होंने "शरण मे ले और बद्ध करदे मेरी मां, नहीं जुड़ते भला क्यों हाथ मेरे, मधुरतम हो मेरा संवाद," सुनाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद हम्द पाक के लिये शायरा शबीना अदीब को आवाज दी गई। उन्होंने न कौसर न जन्नत का दर ढूंढती है, मुहम्मद को मेरी नजर ढूंढती है" सुनाया। उन्होंने देश प्रेम गीत "ये वतन मेरा वतन ये वतन, ये मोहब्बत की जमीं है, ये शहीदों का चमन, सुनाकर देश प्रेम का जज्बा पैदा कर दिया। हास्य कवि ताराचंद तन्हा ने "जाके ब्यूटी पार्लर में चेहरे की डेंटिंग पेंटिंग कराइलो" सुनाया।

**गड्ढे में तब्दील हुई सड़क : ललिया, बलरामपुर।** हरैया सतघरवा विकास खंड के बलदेवनगर से ललिया को जोड़ने वाली सड़क व डिप गड्ढे में तब्दील हो गई है। नसीम, पंकज, संतोष व विजय ने बताया कि जान जोखिम में डालकर डिप पार करना पड़ रहा है।

**बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**मैनपुर नवाबगंज गोण्डा (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत**

प्राचार्य – 01 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु – प्राचीन इतिहास, भूगोल विषयों में प्रवक्ता 01–01 पद।
स्नातक स्तर पर कृषि संकाय हेतु– प्रवक्ता 4 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। नियुक्ति संविदा पर होगी, यू.जी.सी.नेट को वरीयता दी जायेगी।

(इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करें।)

सत्य प्रकाश तिवारी – प्रबंधक, मो0: 9721655000, 9628551000

# विकास खंड में समय से नहीं पहुंचते बीडीओ व कर्मी

**पड़ताल**


खाली पड़ी खंड विकास अधिकारी की कुर्सी। अमृत विचार

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** दफ्तरों में समय से मौजूद रहकर जन सुनवाई करने को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश ब्लॉक में अफसरों व उनके मातहतों के लिए मायने नहीं रखते। गुरुवार को अमृत विचार टीम की पड़ताल में विकास खंड के दफ्तर में अफसर लेट लतीफ ही पहुंचे। अमृत विचार की टीम ने आम नागरिकों के इस दर्द व अफसरशाही की मनमानी उजागर करने के लिए गुरुवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय का मुआयना करने का फैसला किया। इसके तहत सवा दस बजे के बाद कार्यालयों का रुख किया गया। मनमानी न सिर्फ कर्मचारियों में देखी गई बल्कि अधिकारी भी पूरी तरह मनमानी करते दिखे। पेश है आंखों देखा पूरा हाल।

मेंहदावल विकास खंड कार्यालय मेंहदावल पर गुरुवार की सुबह 10:00 बजे से लेकर 11:00 बजे तक एक दर्जन से अधिक अधिकारी व कर्मचारी गायब रहे। वहीं करीब 10:00 तक पत्रवाहक संतोष कुमार व सफाई कर्मी मोहम्मद फारूक ब्लॉक खोल कर बैठे थे। उनके द्वारा पता चला कि अभी साहब लोग नहीं आए हैं। अपने जरुरी काम के सिलसिले में विभिन्न गांवों से आए फरियादी खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत को ढूंढ रहे थे। करीब 10:57 पर खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र मौर्य अपने आवासीय भवन से एक महिला फरियादी के साथ बाहर आए। 10:58 पर एडीओ पंचायत राजेश पांडेय अपने आवासीय भवन से निकलकर बाइक पर सवार होकर ब्लॉक परिसर में भ्रमण करते नजर आए। जहां खंड विकास अधिकारी अपने कार्यालय में बैठने की बजाय लिपिक की कुर्सी पर बैठकर रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए वहीं फरियादियों की शिकायतें सुनने की बजाय वे मोबाइल चलाने में व्यस्त दिखे। वहीं एडीओ पंचायत भी लोगों की शिकायतों को नजर अंदाज कर एक वैवाहिक कार्यक्रम के कार्य निपटाते नजर आए।

बेहद गम्भीर बात तो यह दिखी कि ब्लॉक अकाउंटेंट विनोद कुमार गौड़, उर्दू अनुवादक एजाजुद्दीन अंसारी, जेई एमआई अशोक धर द्विवेदी, वरिष्ठ सहायक बंधु लाल, एपीओ अजीत कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर फिरोज अहमद, मनरेगा ब्लॉक टीए रामविलास, तकनीकी सहायक प्रदीप नारायण त्रिपाठी, आशुतोष शर्मा, अनिरुद्ध यादव, वशिष्ठ सिंह, रवि प्रताप सिंह दिन में 11 बजे तक ब्लॉक कार्यालय पर नहीं पहुंचे थे। फोन करने पर पता चला कि कोई रास्ते में है तो कोई फील्ड वर्क के नाम पर लापता है। जरूरी काम के सिलसिले में आए फरियादी रामवृक्ष यादव, सकीना, रामलौट, लवकुश यादव आदि लोगों ने बताया कि इस ब्लॉक में हमेशा अधिकारी और कर्मचारी गायब रहते हैं।

> ब्लॉक पर समय से अधिकारियों का न आना गंभीर मामला है। औचक निरीक्षण कर लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।
> –संत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी

खंड विकास अधिकारी अक्सर कार्यालय में बैठने की बजाय आवासीय भवन में रहकर आराम फरमाते हैं। उनका डेरा पूरे दिन आवास में ही जमा रहता है। लोगों ने बताया कि महिला फरियादी उनके आवासीय भवन में जाने से परहेज करती हैं। साहबों की सेवा सत्कार के लिए उनके कारिंदे उनके आवास में आते जाते दिखाई देते हैं जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। काम के सिलसिले में आए फरियादियों ने साहब को न पाकर निराश लौटते हुए कहा कि अपनी समस्याएं लेकर खंड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों से मिलने आये थे।

**मुहिम** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ आयोजित

# शत प्रतिशत मतदान करने की दिलाई शपथ


गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं व शिक्षकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलातीं प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय मतदाता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता व जागरूकता रैली के साथ शत प्रतिशत मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व छात्राओं को प्रतिशत मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का पर्व है। मतदान करके हम लोग अपनी मनपसंद सरकार चुनते हैं जो हमारा भविष्य बुनती हैं इसीलिए सभी व्यक्तियों को मतदान अवश्य करना चाहिए। छात्राओ को संबोधित करते हुए विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता वंदना पांडे ने कहा कि सभी लोग मतदान करें व अपने अड़ोस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान पर डॉ मधुकर सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रजातांत्रिक समाज की नींव चुनाव होता है। चुनाव मतदान से होता है। मतदान करके ही हम इस पर्व को सफल बना सकते हैं। सभी लोगों को मतदान अवश्य करना चाहिए व अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में बातें जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अविनाश मिश्रा, सोनम मौर्या, सुमन यादव, अदिति राठौर, प्रियंका गुप्ता, सबीहा सुल्ताना, अर्चना श्रीवास्तव, चंदन पाठक, मीनाक्षी गौड़, तहसीन फातिमा, खुशबू वर्मा, प्रिया रानी श्रीवास्तव, एकता सिंह, रेनू वर्मा, नीलू यादव, मीनाक्षी श्रीवास्तव, आस्था आनंद, अमिता कश्यप, सारिका श्रीवास्तव, उर्मिला शुक्ला, शाहीन सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**कार्यालय क्षेत्र पंचायत–कटरा बाजार, गोण्डा**

पत्रांक– मेमो/लेखा पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2023–24, दिनांक– 01/ 02/2024

**अल्प कालीन निविदा**

लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग द्वारा क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना 2023–24 की निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण हेतु मोहर बन्द निविदायें प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2024 से दिनांक 12.02.2024 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर अपरान्ह प्राप्त कर सकते है। निविदायें दिनांक–13.02.2024 को अपरान्ह 03 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई (मी0 में) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य 12% जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परसियरानी सिसई में काली जी के स्थान से सहदेव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 115मी0 | 9.964 | 49820 | 560 | 03 माह |
| 2 | बौनापुर में प्रधानमन्त्री सडक से काली जी के स्थान तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 3 | बौनापुर मे प्रधानमंत्री सडक से केशवराम शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 4 | महापारा में पक्की सडक से हौसिला प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 5 | विरवा में कोरी पुरवा से बाबा पुरवा तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 6 | रामापुर गांव में साधू शुक्ला के घर से कुम्हारन टोला तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215 मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 7 | पैडीबरा के वैघपुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से शिवबरन मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215 मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 8 | लक्ष्मनपुर में पिटू सिंह के घर से दलपत सिह के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215 मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 9 | बौनपुर में शीतला प्रसाद के खेत से करिया शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100 मी0 | 4.681 | 23405 | 560 | 03 माह |
| 10 | परसियारानी में राम तेज यादव के बोरिंग से जय नरायन यादव के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 215 मी0 | 9.956 | 49780 | 560 | 03 माह |
| 11 | भरथा इटहिया में पी0डब्लू0डी रोड से राजेन्द्र के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100 मी0 | 4.666 | 23330 | 560 | 03 माह |
| 12 | भरथाइटहिया के इटहिया में काली स्थान से राम देव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100 मी0 | 4.681 | 23405 | 560 | 03 माह |

निविदा हेतु निर्धारित शर्त–
7. प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं पर उपरोक्तानुसार कॉलम 5 में अंकित धरोहर की धनराशि का 5 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0/ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी, कटरा बाजार पक्ष में बन्धक होगा। शेष धरोहर धनराशि 08 प्रतिशत भुगतान के समय देय होगा अथवा कटौती कर ली जायेगी।
8. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
9. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग / परिलेखन मान्य नहीं होगा।
10. निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको एवं शब्दों में लिखना होगा।
11. बिना कोई कारण स्पष्ट किये अथवा निविदा को स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
12. निविदादाता को निविदा के साथ टी–6, बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, पंजीकृत प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
कटरा बाजार, गोण्डा।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत–कटरा बाजार, गोण्डा।

“केंद्र सरकार के आम बजट से देश के ऊर्जा क्षेत्र को भारी निराशा हुई है। सौभाग्य योजना के तहत देश के करोड़ों बिजली उपभोक्ता सस्ती बिजली के इंतजार थे, पर उन्हें निराशा हाथ लगी, सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाकर 300 यूनिट फ्री बिजली की घोषणा कोई बड़ा क्रांतिकारी निर्णय नहीं है। – अवधेश कुमार वर्मा, अध्यक्ष, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद



“अंतरिम बजट देश के विकास को गति देने वाला है, जो देश को अगले तीन वर्षों से भी कम समय में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्षम होगा। बजट युवा व विकसित भारत की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला रामराज वाला बजट है। –आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल

# अयोध्या के पांच स्टेशन सवरेंगे पहुंचेंगे हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालु

## यूपी को मिला 19575 करोड़, रेल नेटवर्क होगा अपग्रेड

अंतरिम बजट

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावनाओं को देखते हुए रेलवे अपना नेटवर्क मजबूत करेगा। अयोध्या को जोड़ने के वाले नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। वहीं, पांच स्टेशनों का पुनर्विकास कर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाएगा। मंत्रालय को हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इन स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने व नेटवर्क के अपग्रेडेशन के लिए अंतरिम बजट में रेल मंत्रालय को यूपी में विकास कार्य के लिए 19575 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अंतरिम बजट पारित होने के बाद उत्तर प्रदेश और अयोध्या के विकास को लेकर जानकारी दी।



▸▸ **अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों पर बढ़ेंगी सुविधाएं**

रेल मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बताया कि अयोध्या में अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। देश के चारों ओर से अयोध्या को गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ रेल नेटवर्क जोड़ते हैं। लखनऊ-अयोध्या और वाराणसी-अयोध्या सेक्शन की डबलिंग और विद्युतीकरण हो गया है। इससे ट्रेनों की क्षमता और गति दोनों ही बढ़ेगी। अब गोरखपुर और प्रयागराज से अयोध्या आने वाले सेक्शन को अपग्रेड करने के लिए भी डीपीआर तैयार हो रहा है।

**रामघाट स्टेशन का होगा विकास:** अयोध्या से मनकापुर की तरफ स्थित पूर्वोत्तर रेलवे का रामघाट स्टेशन भी विकसित होगा। डीआरएम आदित्य कुमार ने बताया कि रामघाट स्टेशन पर यात्रियों के लिए जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। मनकापुर-अयोध्या सेक्शन की डबलिंग की सर्वे रिपोर्ट चली गई है।

### 1700 प्रतिशत ज्यादा बजट

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अयोध्या सहित उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 से पहले रेलवे के पिछड़ेपन के कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश को रिकार्ड बजट का आवंटन हुआ है। इस बार 2 .52 लाख करोड़ रुपए का बजट रेलवे को मिला है। इसमें से उत्तर प्रदेश को वर्ष 2024-25 के लिए 19575 करोड़ रुपए मिला है। यह 1700 प्रतिशत अधिक है। यूपी को रेल बजट में 10 साल पहले प्रत्येक वर्ष 1109 करोड़ रुपए ही मिलते थे। उत्तर प्रदेश में हर साल 1978 किमी. नया ट्रैक बिछ रहा है। यह श्रीलंका के आकार के लगभग बराबर है। करीब 10 साल पहले 150 से 160 किमी. रेल नेटवर्क ही प्रत्येक वर्ष जुड़ता था । यूपी में रेल विद्युतीकरण 100 प्रतिशत हो गया है। इस समय यूपी में 157 अमृत स्टेशन विकसित हो रहे हैं। स्टेशन का विकास तेजी से हो रहा है। पिछले 10 साल में 1377 फ्लाई ओवर और अंडरपास उत्तर प्रदेश में बने हैं। यूपी के 143 स्टेशन पर स्थानीय प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के लिए एक स्टेशन एक प्रोडक्ट की व्यवस्था की गई है।

### ये भाजपा की विदाई का बजटः अखिलेश



अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा की विदाई का बजट है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ के जरिये कहा कि भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि जनविरोधी बजटों का रिकार्ड फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है।

### बजट देश की जनता के साथ धोखाः प्रमोद तिवारी



अमृत विचार, लखनऊ। राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी व कांग्रेस की नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा ‘मोना’ ने साझा तौर पर जारी बयान में कहा कि बजट देश की जनता के साथ धोखा है। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल पूरे कर लिये पर किसानों के हित में दिये गये स्वामी नाथन रिपोर्ट के सुझावों को लागू करने का बजट में जिक्र तक नहीं किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कोई जिक्र नहीं है, जिससे किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। महंगाई कैसे कम होगी, इसका भी कोई जिक्र अंतरिम बजट में नहीं किया गया है।

### लोक आकांक्षाओं को पूर्ति करने वाला बजटः भूपेंद्र



अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि अंतरिम बजट लोक आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला उत्कृष्ट बजट है। उन्होंने कहा कि देश के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखने वाला यह अंतरिम बजट गरीब, किसान, महिला व युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समृद्धि और विकास को तीव्र गति देगा। उन्होंने कहा कि बजट ‘सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास और सबका-प्रयास’ के मूल मंत्र को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बजट विकसित भारत के चार स्तंभ-युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा।

### किसानों और मध्यम वर्ग को निराशाः अजय राय



अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि बजट से युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग को निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि देश में 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि भेजी जा रही है, जबकि सच्चाई यह है 2 करोड़ 29 लाख किसानों का नाम काट दिया गया। बजट में उम्मीद थी कि पूरे देश को गैस सिलेंडर सस्ता मिलेगा लेकिन देश के लोगों को फिर धोखा दिया गया। महंगाई के दौर में सरकारी योजना के तहत मिलने वाली भवन निर्माण लागत को बजट में कम से कम दो गुना कर दिया जाने की उम्मीद थी, पर उसमें कोई वृद्धि नहीं की गई।

### समृद्धि को समर्पित है केंद्रीय बजटः सूर्य प्रताप शाही



अमृत विचार, लखनऊ : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि अंतरिम बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों व युवाओं को सभी क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध करने वाला है। इससे भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बजट में देशभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली योजनाओं, कृषि क्षेत्र को मजबूती देने वाले कदमों के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजना है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट समृद्धि को समर्पित है।

### महंगाई और बेरोजगारी का समाधान नहीं : अनिल दुबे



अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट में महंगाई, बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है और न ही स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की गयी है और न ही विदेशी कर्ज को कम करने का कोई उपाय है। उन्होंने कहा कि 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तब इण्डिया गठबंधन की सरकार किसानों, मजदूरों और नौजवानों तथा महिलाओं के हित में बजट लायेगी।

### कर्मचारियों के लिए बजट निराशाजनकः शैलेंद्र दुबे



अमृत विचार, लखनऊ : कर्मचारियों के लिए बजट निराशाजनक है। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने यहां जारी बयान में यह प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बढ़ती मंहगाई को देखते हुए डायरेक्ट टैक्स की दरों में कोई बदलाव न किए जाने से नौकरीपेशा लोगों को भारी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि 80 सी और स्टैंडर्ड कटौती की सीमा में भी कोई वृद्धि नहीं की गई है जिसकी उम्मीद की जा रही थी। सबसे अधिक निराशा इस बात से हुई है कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कुछ भी नहीं कहा है।

# 12 नए छात्रावासों की जगी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में कुछ विभागों की योजनाओं को अमली जामा पहनाने का काम किया गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रस्तावित 12 नए छात्रावासों को भी पंख लग गए हैं। बजट मिलने के साथ ही नए वित्तीय वर्ष में छात्रावास का निर्माण शुरू हो जाएगा। बता दें कि प्रदेश के सभी जिलों में छात्रावास का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। जरूरतमंद परिवारों के छात्र-छात्राएं यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रावासों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्माण के लिए धनराशि दी जाती है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 12 नए छात्रावासों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था। विभाग को उम्मीद थी कि केंद्र सरकार छात्रावास के प्रस्ताव पर मोहर लगा देगी। अंतरिम बजट में समाज कल्याण विभाग को बजट बढ़ाकर देने की बात कही गई। साथ ही छात्रावास के लिए भी बजट देने की बात हुई है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में 12 नए छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

▸▸ **समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रावासों के निर्माण के लिए इस बार बढ़कर आएगा बजट**

# पशुओं की नस्ल सुधार कर बढ़ाएंगे दुग्ध उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्र के अंतरिम बजट से उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बल मिलेगा। इसके लिए योजनाओं के साथ बजट का प्राविधान किया गया है। राज्यों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में पशु दूध उत्पादकता कम है। इसके लिए गायों की नस्ल सुधार के साथ कृत्रिम गर्भाधान पर काम पशुपालन व दुग्ध विकास मिलकर काम करेगा। बजट की कमी नहीं रहेगी। वैसे भी प्रदेश में नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना के तहत पांच योजनाएं संचालित की गई हैं। इसी क्रम में पशुपालक 2 से 25 गाय की इकाई लगाएंगे और पंजाब, हरियाणा, राजस्थान से उन्नत नस्ल की दुधारू गाय साहीवाल, गिर, थारपारकर व गंगातीरी खरीदेंगे। इसके लिए ऋण व लक्ष्य बढ़ाया गया है। इन गायों की दुग्ध देने की क्षमता अधिक है। गांवों से दूध खरीदने के लिए भी विभाग मिलकर एक ढांचा तैयार करेंगे।

**दूध उत्पादन में प्रथम, लेकिन पशु कमः** देश में उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में तो प्रथम है लेकिन, प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता अन्य राज्यों से कम है। कारण गायों की खराब नस्ल, उनमें रोग, सड़क पर छोड़ना आदि हैं।

विभागीय रिपोर्ट पर गौर करें तो प्रदेश में देशी गायों की दूध उत्पादकता प्रति पशु 3.6 किग्रा प्रतिदिन है। जबकि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि में कई गुना अधिक है। इसी तरह भैंस की दुग्ध उत्पादकता क्षमता प्रति पशु 5.2 किग्रा है। जबकि प्रदेश में कृषि क्षेत्र में 29.3 प्रतिशत पशुपालन का योगदान है। इन्हीं कमियों को दूर कर योजनाओं पर काम हो रहा है।



बजट में पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन पर भी जोर दिया गया है। सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। बजट से इस दिशा में काफी बदलाव आएगा जो पशुपालकों को समृद्ध करेंगे।
– डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, अपर निदेशक, पशुपालन निदेशालय

# आयुष्मान का दायरा बढ़ाने से आमजन को लाभ : ब्रजेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट (2024-25) को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आमजन की खुशहाली वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाने से आमजन लाभांवित होंगे। आयकर की सीमा में कोई बदलाव न करके केंद्र सरकार ने एक करोड़ लोगों को सीधे लाभ पहुंचाया है।

उप मुख्यमंत्री ने गुरुवार को केन्द्र में बजट प्रस्तुत करने के बाद, बोल रहें थे। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, किसान, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं देश की समृद्धि व विकसित भारत के लिए समर्पित है। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आमजन को समर्पित इस बजट में सबका साथ, सबका विकास मंत्र के साथ सरकार ने चुनौतियों पर काबू पाया है और अर्थव्यवस्था को नई ताकत दी है।



▸▸ **उप मुख्यमंत्री ने बताया खुशाहाली वाला बजट सबको फायदा**

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा। योगी ने कहा कि बजट में रक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा, उद्योग, ऊर्जा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा दिया गया है। यह अंतरिम बजट ‘नए भारत’ की समृद्धि का संकल्प है, इसमें अंत्योदय का विजन है और 140 करोड़ देशवासियों की सेवा का लक्ष्य है।

### कर्मचारी वर्ग को कष्ट देने वाला है बजटः अफीफ



अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष व अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अफीफ सिद्दीकी ने संघीय बजट को कारपोरेट बजट कहा है। चुनावी वर्ष को देखते हुए इस बजट से कर्मचारी वर्ग वित्त मंत्री के पिटारे से अपने लिए चमत्कार की आशा कर रहा था। 3 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में हुई रैली से कर्मचारियों ने नेशनल पेंशन के स्थान पर सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना की मांग, सरकारी विभाग में रिक्त पदों को भरना, आउटसोर्सिंग स्टाफ को नियमित करने सहित कोरोना काल मे रोके गए भत्तों को जारी करने की वकालत की थी। बजट में कर्मचारियों की मांगों को तरजीह न देकर कारपोरेट वर्ग के कर (22 प्रतिशत) में लगातार कमी करने के फैसले ने कामकाजी समुदाय को निराश किया है। इस कड़ी में आगामी 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल में करोड़ों कामकाजी लोग अपने मान सम्मान व सामाजिक सुरक्षा के लिए शामिल होने जा रहे हैं।

# बजट में विकसित भारत की परिकल्पना : आईआईए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के केंद्रीय कार्यालय लखनऊ, राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली एवं सभी चैप्टर मुख्यालयों में आईआईए के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण सुना।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, महासचिव आलोक अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने क्रमशः गाजियाबाद, बरेली, कानपुर एवं लखनऊ में विभिन्न उद्योगपतियों एवं विशेषज्ञों के साथ बजट का अवलोकन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अंतरिम बजट आईआईए की आशा के अनुरूप था। जो घोषणाएं वित्त मंत्री ने की है उसके अनुसार आईआईए सरकार द्वारा देश को विकसित भारत बनाने की परिकल्पना का स्वागत करता है। बजट भाषण में जीडीपी की नई परिभाषा दी गई है, जिसका भी आईआईए समर्थन करता है। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान जोड़ने का भी आईआईए स्वागत करता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए नीरज सिंघल ने बताया कि एसोसिएशन अपने मिशन आईआईए 2.0 और ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टूवर्ड 4.0 के अन्तर्गत भारत को विकसित बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। महासचिव आलोक अग्रवाल ने कहा कि वित्तमंत्री ने टैक्स रिफॉर्मस के बारे में जो कहा उसका आईआईए स्वागत करता है। अंतरिम बजट होने के कारण हम टैक्स की संरचना में बदलाव की आशा नहीं रख रहे थे।




आईआईए के कार्यालय में बजट के दौरान चर्चा करते आईआईए के पदाधिकारी।

▸▸ **बजट में एमएसएमई के लिए कोई प्रत्यक्ष घोषणा नहीं**

## दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

**संवाददाता, उरई।** आटा थाना क्षेत्र के एक गांव से 18 मई 2022 को 16 वर्षीय किशोरी को करमेर गांव निवासी राघवेंद्र पुत्र आशाराम अपहृत कर ले गया था। किशोरी को चार दिन तक आरोपित ने अपनी बुआ के घर में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध अपहरण व पाक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। पांच दिन बाद किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया और आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। किशोरी की मेडिकल रिपोर्ट और बयान के आधार पर बाद में पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी। राघवेंद्र को जेल भेज दिया गया, इसके बाद मजबूत साक्ष्य संकलित कर पुलिस ने राघवेंद्र के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। डेढ़ साल चले ट्रायल के बाद गुरुवार को इस मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। अधिवक्ता ने बताया कि न्यायाधीश मुहम्मद कमर ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद राघवेंद्र को नाबालिग के अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने के अपराध में दोषी करार दिया है।

# रायबरेली ने कानपुर की टीम को दी शिकस्त



क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** जालौन प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल मैच में रायबरेली ने कानपुर की टीम को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को रायबरेली और प्रधान इलेवन के बीच फाइनल खेला जाएगा। छत्रसाल इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित जेपीएल का दूसरा सेमीफाइनल मैच रायबरेली और कानपुर के बीच हुआ। सेमीफाइनल मैच में रायबरेली ने टॉस जीतकर कानपुर को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। कानपुर की ओर से उदय सिंह ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाए। इसके अलावा अभय प्रताप सिंह ने 19 रन का योगदान दिया। उन्होंने एक चौका और एक सिक्सर लगाया। इसके अलाव नौशाद ने 15 और अनिरूद्ध ने 10 रनों का योगदान कर निर्धारित 20 ओवर में टीम का स्कोर 119 रन पहुंचाया। वैभव सिंह ने रायबरेली की ओर से तीन ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दूसरी पारी में खेलने उतरी रायबरेली की टीम के ओपनर बल्लेबाज वैभव सिंह ने 22 गेंदों में 20 रन की पारी खेलकर टीम को अच्छी शुरूआत दी। मध्यक्रम के बल्लेबाज उज्ज्वल गर्ग ने 28 गेंदों में 33 रन की पारी खेली। इसके अलावा शिवा सोनकर ने 26, अमन जिंदल ने 17 और विकास कुमार ने 16 रनों की पारी खेलकर 15वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी।

# सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन मुस्तैद



**संवाददाता, संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तीन फरवरी को आगमन तय हो जाने के बाद प्रशासनिक अमला बेहद मुस्तैद हो चुका है। मुख्यमंत्री के आगमन की गोपनीय सूचना मिलते ही नगर पंचायत मगहर की सड़कों, डिवाइडरों और कबीर चौरा का कायाकल्प शुरू करा दिया गया है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता नगर पंचायत चेयरमैन और ईओ मगहर के साथ कबीर चौरा परिसर और हेलीपैड का निरीक्षण कर व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने में जुटे हैं। बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी के आगमन की सूचना के चलते कबीर मगहर महोत्सव के तीन फरवरी के अधिकांश कार्यक्रम दो फरवरी को ही सम्पन्न कराने की तैयारियां कर लिया है। भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह का कार्यक्रम भी अब दो फरवरी को ही होगा। तीन फरवरी को महोत्सव पाण्डाल में ही 600 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। व्यवस्था ऐसी बनाई जा रही है कि सीएम योगी हर जोड़े तक पहुंच कर उन्हें अपना आशीर्वाद दे सकें। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी के हाथों कलेक्ट्रेट परिसर में मिशन सेफ सिटी परियोजना का लोकार्पण भी कराया जाएगा। मिशन सेफ सिटी के कण्ट्रोल रुम को पूरी तरह तैयार करा दिया गया है।

### एएसपी ने पुलिस बल के साथ हटवाया अतिक्रमण

**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तीन फरवरी को हो रहे आगमन के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने नगरपालिक कर्मियों और भारी पुलिस बल के साथ जनपद मुख्यालय की सड़कों का अतिक्रमण हटवाया। खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास से मुखलिसपुर चौक तक और पुरानी सब्जी मंडी की सड़कों और पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी की सहायता से हटवाया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते किसी ने भी विरोध करने का साहस नहीं किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले लोगों से अपने अवैध अतिक्रमण खुद हटा लेने का निर्देश दिया। जब लोगों पर उसका खास असर नहीं दिखा तो उन्होंने जेसीबी चालक को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दे दिया। देखते-ही-देखते सारा अतिक्रमण समाप्त हो गया और सड़कें बेहद चौड़ी नजर आने लगीं। अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़कों पर दुबारा अतिक्रमण किया गया तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय पर सेफ सिटी परियोजना लागू हो रही है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। किसी प्रकार की गड़बड़ी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क पर सवारियां लेकर चलने वाले ई-रिक्शा की नम्बरिंग कर उनके रुट निर्धारित किए जाएंगे। गलत रुट पर चलने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहन सीज किए जाएंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह, कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल, टीएसआई परमहंस, नगरपालिका कर्मी गोरखनाथ यादव रहे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में हंसवर की टीम ने मारी बाजी

**अंबेडकरनगर।** खेल के मैदान में सभी जाति, धर्म के खिलाड़ी प्रतिभाग करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए एक साथ मिलकर संघर्ष करते हैं। खिलाड़ियों की यह एकता सभी लोगों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस तरह के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं, जो आगे चलकर अपने गांव जनपद के साथ-साथ देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उक्त बातें एनपीएल न्यौरी प्रीमियर लीग सीजन 4 के प्रदेश स्तरीय लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य विधान परिषद हीरालाल यादव ने कही।

टूर्नामेंट का उद्घाटन अतिथियों द्वारा ट्रॉफी का अनावरण करके किया गया। उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष संत कबीरनगर रामवृक्ष यादव और ब्लॉक प्रमुख रामनगर विकास यादव ने अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपने कौशल और हुनर को दिखाने का अच्छा मंच मिलता है। उद्घाटन मैच हंसवर और जौनपुर के मध्य 15-15 ओवरों का खेला गया।

# आरोपः घटिया सामग्री से हो रहा इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण

**सांथा, संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सांथा के ग्राम पंचायत रमवापुर सरकारी में लाखों रुपए की लागत से बनाई जा रही इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में दोयम - सोयम दर्जे की ईंटों के साथ जोड़ाई की जा रही है। निर्माण में भारी मात्रा में अनियमितता की जा रही है। गम्भीर बात तो यह है कि मानकों की दुहाई देने वाले ब्लॉक के जिम्मेदार जेई से लगायत सेक्रेटरी सहित ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अंजान बने हुए हैं। एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा विकास कार्यों में पूरी पारदर्शित के साथ मानकों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जाने के साफ निर्देश आए दिन दिए जा रहे हैं तो वहीं ब्लाक कर्मियों की मिलीभगत से सांथा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर सरकारी में धांधली आम बात हो गई है। अधिकारियों के सांठगांठ से विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। अब्दुल वोहब, जलील अहमद , मुख्तार ,नसरुद्दीन,सचिन समेत एक दर्जन ग्रामीणों के मुताबिक लाखों रुपए की लागत से बनाए जा रहे इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में मानकों को दरकिनार करते हुए बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में दोयम सोयम दर्जे की ईंटों के साथ घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। जांच करने के लिए किसी जिम्मेदार अधिकारी को भेज कर जांच करवाता हूं, जांच में मामला सही मिला तो सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।



# शरद के पोते से ईडी की दूसरी बार पूछताछ

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला**

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उनपर सहकारी बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। बता दें कि रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।



पिछले 10 दिनों में दूसरी बार रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश हुए हैं। 38 वर्षीय राकांपा नेता कर्जन जामखेड से विधायक है। ईडी ने उनसे आखिरी बार 24 जनवरी को पूछताछ की थी। गुरुवार को वह दक्षिणी मुंबई के बैलार्ड स्टेट स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान रमेश पवार की पत्नी प्रतिभा पवार राकांपा दफ्तर पहुंची।

रमेश पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले फिलहाल नई दिल्ली में हैं। ईडी दफ्तर के पास राकांपा कार्यालय में सैकड़ों राकांपा नेता एकत्रित हुए। ईडी के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की एफआईआर से प्रकाश में आया है।

इस साल पांच जनवरी को ईडी ने रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो की बारामती, पुणे और औरंगाबाद परिसर पर तलाशी ली। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामला: जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

## 47 लाख करोड़ के मालिक इब्राहिम बने मलयेशिया के सुल्तान

**कुआलालंपुर।** मलयेशिया में जोहोर राज्य के इब्राहिम इस्कंदर देश के नए सुल्तान बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को देश के 17वें सुल्तान के रूप में शपथ ली। वह अगले पांच वर्षों तक देश के सुल्तान बने रहेंगे। बता दें कि ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद साल 1957 से ही मलयेशिया में हर पांच वर्षों में सुल्तान का चयन होता है।

बता दें कि सुल्तान इस्कंदर शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके बड़े बेटे मलयेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन भी रह चुके हैं।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के पास कुल 47.33 लाख करोड़ की संपत्ति है। इसके अलावा उनके पास 300 लग्जरी कारें भी हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, सुल्तान के पास उनकी एक प्राइवेट आर्मी भी है और बोइंग 737 समेत कई प्राइवेट जेट भी हैं।

# मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत

- नासा के दृढ़ता रोवर ने की खोज
- विज्ञानियों ने कहा- मंगल पर जीवन बसाने की उम्मीद जागी

नैनीताल कार्यालय



मंगल ग्रह की तस्वीर।

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के समीप प्राचीन झील की तलछट में सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य मिले हैं। नासा के दृढ़ता रोवर ने यह महत्वपूर्ण खोज की है। नासा के विज्ञानियों के अनुसार इस खोज से मंगल की धरती पर जीवन बसाने की उम्मीद को बल मिलता है। जीवन के यह निशान लाल ग्रह मंगल के 45 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर के अंदर पाए गए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस गड्ढे में कभी बड़ी झील थी। रोबर ने इस झील से कई सबूत एकत्र किए हैं। जिनसे पता चलता है कि यहाँ कभी जीवन रहा होगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने शोध कर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि ताजा सबूतों से उम्मीद जगती है कि इस गड्ढे में सूक्ष्मजीवी जीवन रहा होगा। यदि मंगल ग्रह पर जीवन मौजूद रहा होगा तो मंगल की धरती पर भविष्य में जीवन बसाना होगा। विज्ञानियों ने बताया है कि, प्राचीन मंगल ग्रह के रोगाणुओं ने हाइड्रोजन हजम कर ली और मीथेन का उत्पादन किया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने ग्रह के गर्मी को जकड़ने वाले आवरण को खा लिया।

उन्होंने मंगल को अंततः इतना ठंडा बना दिया कि वह जीवन के रूपों को विकसित करने लायक नहीं रहा। मंगल ग्रह की सतह का तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस की एक सहनीय सीमा से गिरकर माइनस 57 सेल्सियस हो गया और जीवाणु ग्रह की भीतरी परत की तरफ भाग गए।

### दो दशक से मंगल पर जीवन बसाने की हो रही कवायद

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन व तेजी से बढ़ती मानव जनसंख्या ने वैज्ञानिकों को मानव का दूसरा घर बसाने को लेकर बाहरी ग्रह की तलाश है और मंगल एकमात्र ग्रह है, जो हमारी उम्मीद की पूर्ति कर सकता है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन बसाने की कवायद की जा रही है। अमेरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस दिशा में सर्वाधिक सक्रिय है और अभी तक कई मिशन भेज चुका है। इस दिशा में भारत भी पीछे नही है। 2013 में इसरो ने मार्स ऑर्बिटर भेजा था। इसरो का उद्देश्य मंगल के वारावरण में जीवन की संभावना तलाश करना था। जिसमें वह सफल रहा।

## एक नजर

### मैक्सिको: बुल फाइटिंग पर सुप्रीम कोर्ट की रोक हटते ही उमड़ा हुजूम

**मैक्सिको सिटी।** करीब डेढ़ साल के इंतजार के बाद मैक्सिको में एक बार फिर से बुल फाइटिंग की भव्य वापसी हुई है।



प्लाजा मैक्सिको एरीना में हुई बुल फाइटिंग को देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंचे। दरअसल, मैक्सिको सिटी के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस खेल में पशुओं से बर्बरता का हवाला देते हुए स्थानीय कोर्ट में अपील की थी। जिस पर मई 2022 में लोकल कोर्ट ने बुल फाइटिंग पर रोक लगा दी। बुल फाइटिंग के समर्थकों की डेढ़ साल की कानूनी लड़ाई के बाद मैक्सिको के हाईएस्ट कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) ने लोकल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, 300 से ज्यादा पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।

### अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पक्षी जैसे उड़ने वाले रोबोट बनाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका की यूनिवर्सिटी 'न्यू मेक्सिको टेक' के वैज्ञानिकों ने पक्षियों से प्रेरित होकर उड़ने वाले रोबोट बनाए हैं, जिन्हें 'टेक्नो-टैक्सीडमर्मी मॉडल' कहा जाता है। हालांकि, अभी तक ये रोबोट असली पक्षियों की तरह उतने अच्छे से उड़ नहीं पाते हैं। वे हवा में तैर सकते हैं। थोड़ा ऊंचा उड़ सकते हैं और गर्म हवा के प्रभाव में आने पर थोड़ा ऊपर जा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका इस्तेमाल जासूसी ड्रोन की तरह किया जा सकता है। लेकिन असल में इनका उद्देश्य 'वन्यजीवों की निगरानी के लिए प्रकृति-प्रेमी ड्रोन' बनाना है। पुराने ड्रोन शोर और अनजान होने के कारण वन्यजीवों को परेशान करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे ही चुपचाप उड़ने वाले और प्राकृतिक दिखने वाले ड्रोन बना रहे हैं, ताकि जंगली जानवरों की निगरानी और उनके बारे में जानकारी आसानी से मिल सके।

### कनाडा: गिरफ्तार तीन भारतवंशी अमेरिका प्रत्यर्पित होंगे

**टोरंटो।** कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतवंशियों को मेक्सिको और उत्तरी अमेरिकी देशों के बीच ड्रग्स की तस्करी करने वाले नेटवर्क से कथित संबंधों के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। एफबीआइ और रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के बीच संयुक्त अभियान ने संगठित अपराध गिरोह में कथित भूमिका के लिए 19 लोगों को आरोपित किया है। आरसीएमपी ने मंगलवार को कहा कि ब्रैम्पटन से 25 वर्षीय आयुष शर्मा और 60 वर्षीय गुरअमृत सिद्धू और कैलगरी से 29 वर्षीय सुभम कुमार को अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस ने कहा कि एक 29 वर्षीय भारतवंशी ड्राइवर को ट्रक से 406 किलो मेथामफेटामाइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। विनिपेग के कोमलप्रीत सिद्धू को मैनिटोबा रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 14 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

इजराइल का दावा: गाजा में यूएन की राहत टीम से जुड़ी बोरियों से हथियारों का जखीरा बरामद

# जब्त हथियारों को आईडीएफ ने किया नष्ट

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना लगातार गाजा पर बमबारी कर रही है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियारों के भूमिगत ठिकाने को इजराइली सेना ने तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि यह हथियार संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से जुड़ी बोरियों में छिपाए गए थे। आईडीएफ ने मामले में जुड़े बयान में कहा कि बोरियों के अंदर रॉकेट, टैंकरोधी मिसाइलें, खदानें और विस्फोटक सामग्रियों को छिपाया गया था। इजराइली सेना ने द्वारा किया कि रॉक्टे निर्माण के लिए इस्तेमाल सामग्रियों को नष्ट कर दिया है। साथ ही इजराइली सेना ने आरपीजी मिसाइलों के लिए डिजाइन किए हथियार, कारतूस, स्प्रे चार्ज, ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया गया है।

इजराइल ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद इजराइल ने मांग की है कि यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में उसके अधिकार से हटा दिया जाए। इसके बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ और 16 अन्य देशों ने एजेंसी के लिए फंडिंग निलंबित कर दी है। इस्राइल ने 12 कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराते हुए खुफिया जानकारी दी है। जिसमें दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के वाहनों और कई सामग्रियों का आंतकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के 10 आतंकी फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद से संबंध रखते हैं। यूएन वॉच और इम्पैक्ट-एसई द्वारा जारी रिपोर्ट में यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर हमलों के लिए समर्थन व्यक्त करने का दस्तावेजीकरण किया गया है। गौरतलब है कि इस्राइली सैनिकों को यूएनआरडब्ल्यूए राहत आपूर्ति के बीच छिपी हुई मिसाइलें मिली थी, जबकि एजेंसी की बोरियों का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री के लिए किया जा रहा था।

### 24 घंटे में 150 फिलिस्तीनी समेत 15 आंतकियों को मार गिराया

इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्ध के कारण अब तक दोनों पक्षों के करीब 26 हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइल ने गाजा में भयंकर गोलीबारी की। इजराइली हमले में पिछले 24 घंट में 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 313 लोग अतिरिक्त घायल हैं। इजरायली सेना क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में भी आतंकियों से लड़ाई जारी रखे हुए है।



गाजा पट्टी के लिए मानवीय सहायता ले जाने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए खड़े इजराइली नागरिक।

इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले उत्तरी गाजा में 15 से अधिक हमास आतंकवादियों को मार गिराया। इसी के साथ हमने स्कूल में एक आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। नेतन्याहू शुक्रवार को कहा था कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों और देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे हम उठाएंगे। हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का बुनियादी अधिकार है। इजराइल फिलिस्तीनियों के खिलाप नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत है। यह अपमानजनक है। हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था।

## 3 को नौसेना में शामिल होगा संधायक पोत मजबूत होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नए पोत 'आईएनएस संधायक' का तीन फरवरी को जलावतरण समारोह होगा। इसके लिए विशाखापत्तनम में पूरी तैयारी की गई है। नौसेना ने सर्वेक्षण पोत को तिरंगे धव्ज, फूल-मालाओं से सजाया हुआ है।

यह पोत रणनीतिक जलमार्ग में नौसेना के निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमाडिंग-इन-चीफ राजेश पेंढारकर शामिल होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह समारोह देश के सबसे बड़े सर्वेक्षण पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता के मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में चार बड़े सर्वेक्षण पोत निर्माणाधीन हैं। यह उनमें पहला है। आईएनएस संधायक का बंदरगाह और समुद्र दोनों में परीक्षण किया गया था। इसके बाद चार दिसंबर को इसे नौसेना को सौंप दिया गया था।

# संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे म्यांमार: रणधीर

नई दिल्ली, एजेंसी



- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर व्यक्त की चिंता

म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर विदेश मंत्रालय भारत-म्यांमार में बिगड़ती स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, म्यांमार की स्थिति का पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में हम पर सीधा प्रभाव पड़ता है। भारत तत्काल हिंसा बंद होने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार एक समावेशी और संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे, भारत यही चाहता है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में म्यांमार तख्ता पलट के अलावा भारत-अमेरिका ड्रोन सौदा, चीनी सैनिक- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय मवेशी पालक का आमना-सामना होने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने मालदीव के साथ भारत के रिश्तों की तल्खी पर भी टिप्पणी की।

भारत और चीन के रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय चरवाहों और चीन के सैनिकों- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की भिड़ंत वाली वीडियो से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने ऐसा एक वीडियो देखा है। संबंधित एजेंसियां ही इसका जवाब दे सकेंगी... दोनों देशों के लोग अपने चारागाह क्षेत्रों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे पास ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र भी है।

बता दें कि, भारत और अमेरिका ने 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा किया है। इसे आमतौर पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी-ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है। यह सौदा 3.072 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मौजूदा करेंसी एक्सचेंज के हिसाब से 25,200 करोड़ रुपये) का है। गौरतलब है कि फ्रांस के साथ हुई राफेल लड़ाकू विमान की डील की ही तरह अब भारत और अमेरिका के बीच प्रीडेटर ड्रोन का सौदा, सवालों के घेरे में आ गया है।

## मालदीव: महाभियोजक पर हमले के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**माले, एजेंसी।** मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार को किए गए हमले के आरोप में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। बता दें, महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हथौड़े से हमला किया। मीडिया मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुजाउ ने कहा, पूछताछ में पता चला कि हमला पूर्व-नियोजित था। उन्होंने कहा आरोपियों की पहचान कर ली गई। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।



**यातायात बाधित...**



**बनिहाल/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके में बारिश होने के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। रामबन के किश्तवारी पत्थर इलाके में जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। भूस्खलन के कारण जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिससे मार्ग पर 200 से अधिक गाड़ियां फंसी रहीं। वहीं, कई जिलों में बर्फबारी भी हुई। भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ, जहां भारी बारिश भी हुई है। ● एजेंसी

## इमरान के पार्टी दफ्तर पर छापेमारी पुलिस ने आरोपों से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी



- पीटीआई ने कहा साधारण कपड़े में पहुंची पुलिस, पार्टी सदस्यों को कार्यालय में घुसने से रोका

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनकी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके दफ्तरों में छापेमारी की। गुरुवार को साधारण कपड़े पहनकर पहुंची पुलिस ने सदस्य को परिसर में घुसने से रोक दिया।

पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14-14 साल के कठोर काराबास की सजा सुनाई जाने के एक दिन बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बुधवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की एक आम सभा से पहले अचानक साधारण कपड़ों में पुलिस बल पहुंचा। हालांकि पीटीआई ने ऑनलाइन सभाओं को आयोजित किया है। साथ ही कहा कि पार्टी के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का भी फैसला लिया है। बता दें इमरान की पार्टी को आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि, पुलिस ने आरोपों से पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती है। बुधवार को कोई भी ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया था। पुलिस ने कहा- आरोप निराधार है।

## 87 साल पहले लापता विमान प्रशांत महासागर में मिला

**न्यूयॉर्क।** 1932 में गायब हुआ विमान प्रशांत महासागर में खोजा गया है। इसके मिलने का दावा अमेरिकी वायु सेना के पुर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर ने किया है। दरअसल 1932 में अमेरिकी पायलट अमेलिया इयरहार्ट विमान से पूरी दुनिया का चक्कर लगाने निकली थीं।

अगर वह सफल होती तो ये काम करने वाली दुनिया की वे पहली महिला पायलट होतीं। हालांकि ऐसा होने से पहले ही उनका प्लेन गायब हो गया। गायब होने के 6 साल बाद तक इसकी खोजबीन भी हुई, लेकिन कुछ सुराग न मिल पाने के कारण जांच आगे न बढ़ पाई और अंत में बंद कर दी गई। डीप सी ड्रोन की मदद से पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर टोनी रोमियो ने इसे खोजा है। ड्रोन ने जो तस्वीर ली है वो अमेलिया के विमान से मिलता है। आगे की जांच के बाद आकिरिक पुष्टि की जाएगी।

**अरब देश में मंदिर**

मंदिर में राम-सीता, शिव-पार्वती समेत विराजेंगे सात देवी-देवता, 6 साल में पूरा हो रहा मंदिर, 700 करोड़ आई लागत

# सद्भाव-अस्तित्व की नीति की मिसाल बीएपीएस मंदिर

अबू धाबी, एजेंसी



अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह- अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।

हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाते हैं। बीएपीएस स्वामीरायण संस्था के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख बहाविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित बीएपीएस होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है। मंदिर के गेट पर रेत के टोले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है। गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दशांति हैं। मंदिर को मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं।

वहीं, मंदिर के दाई ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी। 7 एमिरेट्स को दर्शाने वाले 7 शिखरः मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दशति है। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

### सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक : परियोजना प्रमुख बहाविहारी

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी बहाविहारी ने कहा है कि, मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 21 बलूच विद्रोहियों को उतारा मौत के घाट

**कराची।** पाकिस्तान सुरक्षा बल की ओर से की गई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह कार्रवाई को बलूच विद्रोहियों की ओर से माच टाउन और कोलपुर इलाके में किए गए हमले के जवाब में की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर हुई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के इस आपरेशन के दौरान चार सुरक्षा बल के जवान और दो आम नागरिक भी मारे गए। सेना की मीडिया वर्ग की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से 12 विद्रोहियों के मारे जाने की सूचना दी गई है, लेकिन एक अधिकारी ने कहा है कि मारे जाने वाले 21 विद्रोही बलूच लिबरेशन आर्मी मुजाहिद ब्रिगेड के सदस्य थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी बढ़ सकती है।

# पाकिस्तान: टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- निगरानी टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी रिपोर्ट से किया खुलासा



प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। पाकिस्ताान के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी।

इस रिपोर्ट में यह जानकारी निकलकर सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।